सुप्रभात

रांची, शुक्रवार

23.02.2024

* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net माघ, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 221



12 फिल्म रंगीला का गाना हाया रामा उर्मिला के दिल के करीब

## चौथे टेस्ट को ले रांची तैयार : आज सुबह 9 बजे टॉस, 9.30 से खेल

# धोनी के शहर में भारत अजेय बढ़त के इरादे से उतरेगा



### इंग्लैंड ने प्लेइंग 11 की घोषणा की

भारत आज करेगा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** भारत के महान कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के गृह नगर रांची में शुक्रवार 23 से मेजवान भारत और इंग्लैंड के बीच जेएससीए में चौथा टेस्ट मैच शुरू हो रहा है। इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। टीम इंडिया अब तक यहां एक भी टेस्ट नहीं हारी है। अपना यही रिकार्ड कायम रखने में रोहित सेना कामयाब रही तो भारत इस सीरीज में अजेय बढ़त हासिल कर लेगा। वहीं, इंग्लैंड पहली बार धोनी के शहर में क्रिकेट के सबसे लंबे फॉर्मेट में खेलने उतरेगा। भारतीय टीम फिलहाल 2-1 से आगे है। इंग्लैंड ने हैदराबाद में खेले गए पहले मुकाबले में जीत हासिल की थी। उसके बाद रोहित शर्मा की टीम ने शानदार वापसी की। भारत ने विशाखापत्तनम और राजकोट में टेस्ट जीतकर सीरीज में बढ़त हासिल कर ली। अब टीम इंडिया की नजर सीरीज को जीतने पर है। रांची में जीतते ही भारत 3-1 से अजेय बढ़त ले लेगा। चौथा टेस्ट मैच भारतीय समयानुसार सुबह साढ़े नौ बजे से शुरू होगा। टॉस इससे आधे घंटे पहले यानी सुबह 9:00 बजे होगा।

**इंग्लैंड ने किया प्लेइंग इलेवन का एलान :** रांची टेस्ट के लिए इंग्लैंड ने अपनी प्लेइंग इलेवन का एलान कर दिया है। इंग्लैंड की टीम में ऑफ स्पिनर शोएब बशीर की वापसी हुई है। वहीं तेज गेंदबाज ओली रॉबिन्सन को भी मौका मिला है। टीम से लेग स्पिनर रेहान अहमद और तेज गेंदबाज मार्क वुड की छुट्टी हो गयी है। इंग्लैंड ने खराब फॉर्म से जूझ रहे जॉनी बेयरस्टो को एक और मौका दिया है। वह रांची टेस्ट में भी प्लेइंग इलेवन का हिस्सा हैं। वहीं सीनियर तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन भी रांची टेस्ट में प्लेइंग इलेवन का हिस्सा हैं। जैक क्रॉली और बेन डकेट चौथे टेस्ट में भी पारी का आगाज करेंगे। वहीं तीन नंबर पर उपकप्तान ओली पोप और चार नंबर पर पूर्व कप्तान जो रूट खेलेंगे। (शेष पेज 11 पर)



### जमकर पसीना बहाया

दोनों टीमों ने रांची के जेएससीए इस अभ्यास सत्र में टीम के खिलाड़ियों ने जमकर पसीना बहाया। सभी बल्लेबाजों ने नेट्स पर जमकर पसीना बहाया तो वहीं, गेंदबाज जमकर बॉलिंग करते हुए नजर आये। इस मैच में जसप्रीत बुमराह की जगह पर आकाशदीप या मुकेश कुमार में से किसी एक को प्लेइंग 11 में मौका दिया जा सकता है। राजकोट में हुए तीसरे टेस्ट मैच में सरफराज खान और ध्रुव जुरैल ने डेब्यू किया था। रांची में इन दोनों खिलाड़ियों पर सभी फैंस की निगाहें रहने वाली हैं। सरफराज खान ने अपने डेब्यू मैच की दोनों पारियों में अर्धशतक ज़े थे। वहीं ध्रुव जुरैल महेंद्र सिंह धोनी को अपना आदर्श मानते हैं।



## न्यूज डायरी

### कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे को मिलेगी जेड प्लस की सुरक्षा

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को जेड प्लस सुरक्षा प्रदान की जायेगी। केन्द्रीय एजेंसियों की ओर से खतरे का आकलन करने के बाद यह फैसला लिया गया है। सूत्रों के मुताबिक मल्लिकार्जुन खड़गे को अब सीआरपीएफ की ओर से दी जाने वाली देश की सबसे उच्च स्तर का सुरक्षा कवर दिया जायेगा। इसके बाद केवल एसपीजी की सुरक्षा का स्थान आता है, जिसे केवल प्रधानमंत्री को दिया जाता है।

### अब छह को होगा पीएम मोदी का बंगाल दौरा

**कोलकाता।** पीएम मोदी के बंगाल दौरे की तारीख बदल गयी है। पहले पीएम सात मार्च को बारासात में सभा करने वाले थे लेकिन पार्टी सूत्रों के मुताबिक, अब एक दिन पहले छह मार्च को ही आयेंगे। संदेशखाली मुद्दे पर बंगाल भाजपा 06 मार्च को बारासात में महिला न्याय रैली आयोजित करने जा रही है। रैली को मोदी भी संबोधित करेंगे। भाजपा सूत्रों के मुताबिक, केंद्रीय नेतृत्व ने बंगाल नेतृत्व से चर्चा के बाद बारासात में महिला रैली करने का फैसला किया।

### मोदी, रांची रेल मंडल की कई योजनाओं का करेंगे शिलान्यास

**रांची।** पीएम मोदी 26 को रांची रेल मंडल की कई विकास योजनाओं का ऑनलाइन शिलान्यास करेंगे। अधिकारियों ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी हैं। पीएम बालसीरिंग, गोविंदपुर, बानो व ओरगा स्टेशन के अपग्रेडेशन की योजना का शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा रेल ओवरब्रिज का भी शिलान्यास करेंगे। हटिया-बंडामुंडा लाइन में लोधमा व महाबुआंग में बने रोड अंडर ब्रिज का उद्घाटन किया जायेगा।

### पेड़ से लटका मिला अज्ञात युवक का शव

**लोहरदगा।** किस्को थाना क्षेत्र के पाखर और सेमरडीह के मध्य टंग चोखवा बसबना टोंगरी से गुरुवार दोपहर किस्को पुलिस ने एक अज्ञात युवक का शव बरामद किया। जंगल के बीचोबीच केंद का पेड़ में लटका हुआ युवक का शव जंगल में लकड़ी चुनने गए ग्रामीणों ने देखा। सूचना मिलने पर पुलिस ग्रामीणों के सहयोग से शव को पेड़ से उतारा गया।

### रामगढ़ पुलिस हाजत में आत्महत्या की जांच शुरू

रामगढ़। रामगढ़ थाना परिसर में युवक की संदिग्ध मौत की जांच शुरू हो गयी है। फॉरेंसिक विभाग की टीम रामगढ़ थाने पहुंची और उन्होंने सारे सैंपल कलेक्ट किये। अनिकेत को थाने के जिस हाजत में रखा गया था, वहां से फिंगरप्रिंट भी कलेक्ट किये गये हैं।

### दिग्विजय और उदित राज दिल्ली में गिरफ्तार

**भोपाल।** ईवीएम के मुद्दे को विपक्ष फिर से हवा दे रहा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह और पूर्व सांसद व इवीएम हटाओ मोर्चा के संयोजक डॉ उदित राज ने गुरुवार को मार्च निकाला। दिल्ली के जंतर-मंतर में बिना अनुमति धरना करने के लिए उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

## बजट सत्र में भाग नहीं ले पायेंगे हेमंत सोरेन

इडी कोर्ट ने नहीं दी अनुमति, हिरासत अवधि भी बढ़ायी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** जमीन घोटाला मामले में गिरफ्तार पूर्व सीएम हेमंत सोरेन 23 फरवरी से शुरू हो रहे झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में शामिल नहीं हो सकेंगे। गुरुवार को ईडी की विशेष अदालत ने उनकी याचिका को खारिज कर दी। हेमंत सोरेन ने सत्र में भाग लेने की मांग को ले कर याचिका दायर की थी। इडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में उनकी याचिका खारिज कर दी। इससे पूर्व बुधवार को मामले में सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत में फैसला सुरक्षित रखा था। साथ ही कोर्ट ने उनकी हिरासत अवधि भी बढ़ा दी। हेमंत सोरेन की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने बहस की थी। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया था कि बजट सत्र में मनी बिल पास होता है, इसलिए हेमंत सोरेन का रहना जरूरी है। इडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार ने बहस की। बजट सत्र 23 फरवरी से शुरू होगा, जो दो मार्च तक चलेगा। हेमंत सोरेन अभी ईडी की न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले हेमंत सोरेन को विश्वास मत के दौरान सदन की कार्यवाही में एक दिन के लिए शामिल होने की अनुमति कोर्ट ने दी थी।

**न्यायिक हिरसात अवधि सात मार्च तक बढ़ी :** हेमंत सोरेन की हिरासत अवधि समाप्त होने के बाद प्रवर्तन निदेशालय ने उन्हें प्रिवेंशन ऑफ मनी लाउंडरिंग एक्ट कोर्ट में पेश किया। (शेष पेज 11 पर)

## झारखंड विस का बजट सत्र आज से, दोनों पक्षों ने बनायी रणनीति

# समय कम है, सदुपयोग करें : स्पीकर

### विपक्ष ने अवधि बढ़ाने की मांग की, कई मुद्दों पर घेरने की तैयारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र शुक्रवार 23 फरवरी से शुरू हो रहा है। 2 मार्च तक चलने वाले इस बजट सत्र की तैयारी को लेकर स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने गुरूवार को दलों के नेताओं संग बैठक की। इसके पहले श्री महतो ने उच्चस्तरीय बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था दुरूस्त करने का निर्देश दिया। स्पीकर ने कहा, सत्र छोटा है, अतः समय का सभी सदुपयोग करें। वहीं भाजपा व समर्थक दलो ने सत्र की अवधि बढ़ाने की मांग की। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि सरकार को हर मुद्दे पर जवाब देना होगा। बैठक में सीएम चम्पाई सोरेन,नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, मंत्री सत्यानन्द भोक्ता, सुदेश कुमार महतो, सरयू राय, प्रदीप यादव, कमलेश कुमार सिंह के अलावे सभा सचिवालय के प्रभारी सचिव सैयद जावेद हैदर शामिल थे।



**समय का सदुपयोग करें :** लोकसभा चुनाव की वजह से विधानसभा का बजट सत्र संक्षिप्त होने पर स्पीकर ने सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि सदन की कार्यवाही के समय का अधिक से अधिक सदुपयोग हो इसका जरूर ध्यान रखें।

इस पर हम सभी को विचार करना चाहिये। बैठक में सत्र के कार्य दिवसों पर विस्तार करने पर चर्चा हुई। इस पर सहमति हुई कि कार्यमंत्रणा की बैठक में सत्र के कार्य दिवसों में समय के विस्तार पर निर्णय परिस्थिति अनुसार लिया जायेगा। इससे पूर्व स्पीकर के कार्यालय कक्ष में प्रेस सलाहकार समिति की भी बैठक भी हुई। इसमें स्पीकर ने कहा कि सत्र के सुचारू संचालन में आप सभी का विधान सभा की कार्यवाहियों का प्रकाशन एवं प्रसारण में समुचित सहयोग एवं साकारात्मक पहल की आवश्यकता है।

**भाजपा ने बनायी घेरने की रणनीति :** बजट सत्र को लेकर भाजपा के प्रदेश कार्यालय में गुरुवार की शाम विधायक दल की बैठक हुई। इसमें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी और क्षेत्रीय संगठन मंत्री नागेंद्र त्रिपाठी समेत कई विधायक उपस्थित थे।

### 27 को पेश होगा बजट

औपबंधिक कार्यक्रम के अनुसार 27 फरवरी को बजट पेश किया जायेगा। स्पीकर ने अधिकारियों को समय पर तमाम कागजात उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया है। गौरतलब है कि सीएम चंपई सोरेन की सरकार बनने के बाद यह उनका पहला बजट सत्र है। विपक्ष ने विभिन्न मुद्दों को लेकर सत्ता पक्ष को घेरने की रणनीति बनायी है।

## परिवारवाद, तुष्टिकरण और भ्रष्टाचार से विरासत को क्षति

# भारत की समृद्ध विरासत की गूंज आज पूरी दुनिया में : पीएम मोदी

एजेंसी

**नवसारी/नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने कहा कि जब भाई-भतीजावाद, तुष्टीकरण, भ्रष्टाचार राजनीति का लक्ष्य बन जाता है तो देश की विरासत को संरक्षित करने पर ध्यान नहीं दिया जाता है। उन्होंने कहा कि आज भारत की समृद्ध विरासत की गूंज आज पूरी दुनिया में सुनाई दे रही है। पीएम ने गुरुवार को गुजरात के नवसारी में 47,000 करोड़ रुपये से अधिक की विकास



परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया और आधारशिला रखी। उन्होंने विकास के साथ-साथ विरासत को प्राथमिकता देने पर सरकार के जोर को रेखांकित किया। साथ ही कहा कि यह क्षेत्र भारत की आस्था और इतिहास का एक महत्वपूर्ण केंद्र रहा है, चाहे वह स्वतंत्रता आंदोलन हो या राष्ट्र निर्माण। उन्होंने भाई-भतीजावाद, तुष्टिकरण और भ्रष्टाचार की राजनीति के कारण क्षेत्र की विरासत की उपेक्षा पर भी अफसोस जताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसके विपरीत, भारत की समृद्ध विरासत की गूंज आज पूरी दुनिया में सुनाई दे रही है। (शेष पेज 11 पर)

### अवैध खनन के दौरान मिट्टी गिरी, तीन घायल

**धनबाद।** धनबाद के कतरास थाना क्षेत्र स्थित बीसीसीएल के एरिया चार में कोयला उत्खनन कर रही मां अम्बे आउटसोर्सिंग कंपनी के खदान में गुरुवार को कुछ लोगों द्वारा कोयला के अवैध उत्खनन के दौरान मिट्टी धसने से तीन लोग घायल हो गये। इसमें से एक की हालात गंभीर है। हालांकि घटना की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। बताया जाता है कि घटना के वक्त मौके पर कोयला उत्खनन कर रहे बाकी लोग घटना में घायल हुए सभी लोगों को लेकर मौके से फरार हो गये। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस और सीआईएसएफ अधिकारियों ने मामले की जांच कर अवैध खनन के मुहाने को मिट्टी से बंद कर दिया है।

## सत्यपाल के घर समेत 30 जगह सीबीआइ रेड

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआइ) ने गुरुवार को 30 से अधिक ठिकानों पर रेड की है। इनमें जम्मू और कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का घर भी शामिल है। सूत्रों के हवाले से बताया है कि सीबीआइ की ये छापेमारी केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में किरू हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट कॉन्ट्रैक्ट से जुड़े कथित भ्रष्टाचार के मामले में की जा रही है। उत्तर प्रदेश के बागपत में स्थित सत्यपाल मलिक के घर पर हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट कॉन्ट्रैक्ट मामले में सीबीआई की टीम छापेमारी के लिए पहुंची है। उनके पर तलाशी अभियान चलाया है. सत्यपाल मलिक बागपत के सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र के हिसावदा गांव के मूल रूप से रहने वाले हैं।

हालांकि, ये पहला मौका नहीं है, जब सीबीआई ने किरू हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट मामले में सत्यपाल मलिक के ठिकानों पर छापेमारी की है। पिछले साल मई में भी सीबीआई ने इसी केस में 12 जगहों पर छापेमारी की थी, जिसमें से एक लोकेशन सत्यपाल मलिक के पूर्व सहयोगी की थी। जांच एजेंसी ने सौनक बाली के यहां छापेमारी की थी, जो सत्यपाल मलिक का मीडिया एडवाइजर था।

**इन राज्यों में हुई छापेमारी :** सीबीआई ने जिन 30 लोकेशन पर छापेमारी की है, उसमें यूपी, बिहार, राजस्थान, महाराष्ट्र, हरियाणा जैसे राज्यों की जगहें शामिल हैं। सत्यपाल मलिक और उनके करीबियों के यहां छापेमारी की । पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने जम्मू कश्मीर में दो परियोजनाओं में 300 करोड़ की घूस की पेशकश के आरोप लगाए थे।

उसके बाद सीबीआई ने अप्रैल 2022 में पांच आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था और कारवाई शुरू की थी। इस परियोजना में 2200 करोड़ रुपए के कॉन्ट्रेक्ट देने गड़बड़ी के आरोप है। (शेष पेज 11 पर)

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 58,400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 74,000 रु./प्रति किलो |

तीसरी आंख




## झामुमो कार्यकारिणी की मैराथन बैठक में बोले सीएम

# हेमंत मुद्दा व विकास कार्यों को लेकर चुनाव में उतरेंगे

### पहली बार शिबू और हेमंत नहीं ले सके भाग

बैठक में सीट शेयरिंग का फॉर्मूला भी रखा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झामुमो केंद्रीय कार्यकारिणी ने फैसला लिया है कि उनके नेता हेमंत सोरेन को केंद्र सरकार के इशारे पर जिस तरह केंद्रीय एजेंसी द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है, उसके खिलाफ राज्य से लेकर पंचायत तक न्याय मार्च, उपवास जारी रहेगा। वहीं लोकसभा चुनाव में पार्टी ने हेमंत को फंसाने के मुद्दे और सरकार के चार के कार्यकाल के कार्यों को लेकर चुनाव में जाने का फैसला किया। गुरुवार को कांके रोड स्थित सीएम आवास में करीब छह घंटे चली बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने की। बैठक में सीट शेयरिंग पर चर्चा की गयी। यह पहला मौका है कि पार्टी कार्यकारिणी की बैठक बिना पार्टी सुप्रीमो गुरुजी और कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन के बिना हुई। सेहत खराब होने से पार्टी सुप्रीमो शिबू सोरेन और गिरफ्तारी की बजह से कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन भाग नहीं सके।

**हेमंत की रिहाई तक संघर्ष जारी रहेगा :** बैठक में सीएम ने कहा कि उनके नेता हेमंत सोरेन को केंद्र सरकार के इशारे पर केंद्रीय एजेंसी द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है। इसके विरोध में पार्टी का राज्य से लेकर पंचायत तक न्याय मार्च, उपवास जारी रहेगा। (शेष पेज 11 पर)

### पांच राज्यों में लड़ेगा झामुमो

पार्टी केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक में सीएम चंपई सोरेन ने लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी की दिल्ली में कांग्रेस के नेताओं के साथ हुई बातचीत की जानकारी दी। उन्होंने केंद्रीय कार्यकारिणी के सदस्यों को यह बताया कि पार्टी झारखंड के अलावा बिहार, ओड़िशा, पश्चिम बंगाल और असम में भी लोकसभा चुनाव में अपने उम्मीदवार उतारेगी। सीएम ने कहा कि कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जायें। हमारे नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का यह दायित्व बनता है कि वह दोनों मुद्दों को भली-भांति जनता के बीच लेकर जायें और बतायें।

## 26 को किसानों का ट्रैक्टर मार्च आज फूंकेंगे सरकार का पुतला

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** किसान आंदोलन को लेकर चंडीगढ़ में संयुक्त किसान मोर्चा ने अहम बैठक की। बैठक के बाद किसान नेता राकेश टिकैत ने बताया कि 26 फरवरी को देशभर में किसान ट्रैक्टर मार्च निकालेंगे। इसके पहले शुक्रवार को हरियाणा के सीएम, वहां के गृह मंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का पुतला फूंका जायेगा। किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि सभी राज्यों में किसान ट्रैक्टर मार्च कर विरोध प्रदर्शन करेंगे। ये प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से होगा। टिकैत ने दावा किया कि इस दौरान आमजन को कोई परेशानी नहीं आने दी जायेगी।

**14 मार्च को दिल्ली में महापंचायत :** राकेश टिकैत ने बताया कि बैठक में फैसला किया गया है कि 14 मार्च को किसान रामलीला मैदान दिल्ली में महापंचायत करेंगे। शंभू बॉर्डर पर बैठे पंजाब के किसानों को संयुक्त किसान मोर्चा समर्थन देगा या नहीं, इसके लिए एक कोर्डिनेशन कमेटी बनी है। जो प्रदर्शन कर रहे किसानों से बातचीत कर फैसला लेगी।

**मिलकर निकालेंगे समाधान :** वहीं केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा है, किसानों के मुद्दे पर किसान संगठनों के साथ कई दौर की चर्चा हो चुकी है। (शेष पेज 11 पर)

**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER - I/II**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, RANCHI**
5TH FLOOR, PRAGATI SADAN (RRDA BUILDING), KUTCHERY CHOWK, RANCHI 834001

RC/138/2022

**NOTICE TO SHOW CAUSE WHY A WARRANT OF ARREST SHOULD NOT BE ISSUED**

[UNDER RULE 73 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961 READ WITH SECTION, 29 OF THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993]

BANK OF INDIA
Versus
DEEPAK

To
(CD1)DEEPAK
-829117

Also At:
S/o Jagdish Prasad Mathur, R/o Ranchi Road,
Sewta, P.O. - Marar, P.S. - Mandu
District - Ramgarh - 829117

Whereas you have failed to pay the amount of arrears specified in the **OA/410/2019** drawn up by the Presiding Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL RANCHI for recovery of **Rs. 5707688.00 (Rupees Fifty Seven Lakhs Seven Thousand Six Hundred Eighty Eight Only)** along with interest plus cost payable by you as per certificate and it is proposed to execute the above Certificate by Arrest and Imprisonment of your persons.

You are hereby required to appear before the undersigned on **08/03/2024** and to show cause why you should not be arrested and committed to the CIVIL PRISON in execution of the said Certificate.

Given under my HAND and the SEAL of the Tribunal, on this date: **05/12/2023.**

Recovery Officer
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL RANCHI



**JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED**
(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi-834001, Jharkhand.
Ph No.: +91-651-2225878; e-mail Id-; pdt.juidco@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752

**TENDER CANCELLATION NOTICE**

22/02/2024

NIT No: - JUIDCO/NIT/Domchanch /UWSS/2023/581
Tender ID: - 2024_UDD_80111_1
PR No:- 315151

Project Title: **Domchanch Urban Water Supply Scheme with 5 years of Operation and Maintenance**
The tender having details as mentioned above is cancelled due to unavoidable reasons. All bidders are therefore requested to wait for future correspondence regarding fresh tender.

Sd/-
Project Director (Tech.)
JUIDCO Ltd., Ranchi

PR 320026 (Urban Development and Housing) 23-24 (D)



**JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED**
(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO BHAWAN, KUTCHERY ROAD, RANCHI, JHARKHAND
Ph. No.: +91-651-2225878, Mob. No.: +91 9835599296
e-mail Id-juidcolimited@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752,

**e-Procurement Notice Tender Notice**
**NIT No: JUIDCO/NIT/Domchanch / UWSS/2024/598 Date: 22.02.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Domchanch Urban Water Supply Scheme with 5 years of Operation and Maintenance |
| 2. | Mode of Bid Submission | e-tendering -http:// jharkhandtenders.gov.in |
| 3. | Estimated Cost | Rs. 81,31,41,116/- (Rupees Eighty-One Crore Thirty One Lakh Forty One Thousand One Hundred and Sixteen Only) |
| 4. | Tender Fee and Bid Security | Tender Document Fee – Rs 25,000/- Bid Security – Rs 81,31,000/- |
| 5. | Date & Time of Publication of Tender on Website | 26th February 2024 at 17:00 hours |
| 6. | Last Date & Time of submission of pre-bid queries | 04th March 2024 till 13:00 hours |
| 7. | Date & Time of pre-bid meeting | 04th March 2024 at 15:00 hours |
| 8. | Last Date & Time of Bid Submission | 18th March 2024 till 17:00 hours |
| 9. | Date & Time of Bid Opening | 19th March 2024 at 17:30 hours |
| 11. | Address | Jharkhand Urban Infrastructure Development Company Limited, JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi, Pin – 834001. |
| 12. | Helpline No. of e-Procurement Cell | +91 651 2225878/ 9973768183 |

**Note Only e-tenders will be accepted.**
Further details are available on the Jharkhand Government e-procurement website
*http//: jharkhandtenders.gov.in*

Sd/-
Project Director (Technical)
JUIDCO Ltd., Ranchi

PR 320034 (Urban Development and Housing)23-24*D



**कार्यालयः– मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला स्वास्थ्य समिति, कोडरमा।**

पत्रांक..-...249...(DHS) कोडरमा, दिनांक..21/02/2024

**Very Short Tender Notice**

On the basis of District Level Committee Ayushman Bharat on dated 20/02/2024, Office of the civil surgeon, Koderma invites tender from eligible bidders for entering into rate contract for supply of medical equipment and construction of modular operation theatre for sadar hospital Koderma. The detailed conditions can be obtained through the website https://koderma.nic.in or visit civil surgeon office building and copies of technical bid and financial bid can be downloaded from the website on and before declared due date and time. It is mandatory for the tenderer himself or his authorized representative to be present at the time of opening the tender.

**Tender for Modular Operation Theatre**

| Sl. | Information | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | 'Supply and Installation of 2 Modular OT including OT Corridor & 4 bedded Post operative ICU/Care, Store Room, CSSR & other essential items in Sadar Hospital of Koderma district' |
| 2 | Period of Work | 90 days |
| 3 | Date of Publication of Bid on the website | 21/02/2024 |
| 4 | Tender Cost/ Document Fee | Rs 10,000.00 (Ten Thousand) (In the form of DD) in favour of the CS-AB MMJAY SADAR HOSPITAL Koderma |
| 5 | Earnest Money Deposit (EMD) | Rs. 2,00,000.00 (Two Lakhs Only) in the form of EMD (Valid for at least 3 months from the last date of submission of the bid) duly pledged in favour of CS-AB MMJAY SADAR HOSPITAL Koderma. |
| 6 | Last date and time of receipt of Bid | Date: 29/02/2024 Time: 05:00 PM |
| 7 | Date and time of opening of Bid | Date: 01/03/2024 Time: 4:00 PM |
| 8 | Bid submission Place | JILA AYUSHMAN KENDRA, Sadar Hospital KODERMA |
| 9 | Bid Opening Place | DDC CONFERENCE HALL, KODERMA |

Civil Surgeon Koderma

PR 319991 (Health Med Edu and Family Welfare) 23-24 (D)


## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव ने की राज्य स्तरीय समीक्षा

# संतोषप्रद कार्य नहीं करने वाले पदाधिकारियों के खिलाफ प्रपत्र-क के तहत होगी कार्रवाई : सचिव

**जनप्रतिनिधि से योजनाओं की अनुशंसा का दिया निर्देश**

**कृषि ऋण माफी योजना का सेचुरेशन प्रमाण पत्र 29 फरवरी तक भेजने का निर्देश**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दिकी ने संबंधित पदाधिकारियों को कृषि, पशुपालन से जुड़ी योजनाओं की आवंटित राशि का सदुपयोग कर लाभुकों के चयन के अनुसार व्यय करने का निर्देश दिया है। वे नेपाल हाउस में सभी जिला के कृषि पदाधिकारी, पशुपालन एवं मत्स्य पदाधिकारियों को वीसी के माध्यम से विभागीय समीक्षा कर रहे थे। श्री सिद्दिकी ने कई जिलों में निराशाजनक प्रदर्शन को लेकर नाराजगी जतायी और गिरिडीह, पूर्वी सिंहभूम, रामगढ़, हजारीबाग, सरायकेला-खरसांवा और लोहरदगा के जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी, हजारीबाग, रामगढ़, लोहरदगा, गुमला, लातेहार और खूंटी के जिला कृषि पदाधिकारी और सरायकेला, सिमडेगा, हजारीबाग, जमशेदपुर और गुमला के जिला पशुपालन पदाधिकारी को शो-कोज करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि कहा कि अगले आठ दिनों में अगर योजनाओं के कार्यान्वयन में तेजी नहीं आती है अथवा प्रदर्शन में सुधार नहीं आता है तो कार्रवाई के लिए तैयार रहें। उन्होंने मुख्यमंत्री पशुधन योजना की समीक्षा में हजारीबाग, गुमला, सिमडेगा, जमशेदपुर और सरायकेला के जिला पशुपालन पदाधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए शो-कॉज देने का निर्देश दियाऔर साथ ही स्पष्ट किया कि अगर आठ दिनों के अंदर कार्यप्रणाली में सुधार नहीं हुआ तो निराशाजनक प्रदर्शन करने वाले पदाधिकारियों के खिलाफ प्रपत्र-क के तहत कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि मार्च के प्रथम सप्ताह में पुनः विभागीय समीक्षा की जायेगी। बत्तख योजना में निराशाजनक कार्य को लेकर उन्होंने कहा कि जेएसपीएलएस के साथ बैठक कर महिला समूह को बत्तख योजना से जोड़ने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लक्ष्य के विरूद्ध चयनित लाभुकों की संख्या एवं डीबीटी की दयनीय स्थिति में सुधार लाएं।



**इन जिलों के पदाधिकारियों को शो-कॉज**

सरायकेला, सिमडेगा, हजारीबाग, जमशेदपुर और गुमला के जिला पशुपालन पदाधिकारी को शो-कॉज

हजारीबाग, रामगढ़, लोहरदगा, गुमला, लातेहार और खूंटी के जिला कृषि पदाधिकारी को शो-कॉज

गिरिडीह, पूर्वी सिंहभूम, रामगढ़, हजारीबाग, सरायकेला-खरसांवा और लोहरदगा के जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी को शो-कॉज

### जिलावार डीएलएमसी की बैठक सुनिश्चित करें

विभागीय सचिव ने निदेश दिया है कि समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना सह कृषक पाठशाला का आयोजन बची हुई राशि का व्यय सुनिश्चित करें साथ ही कृषि ऋण माफी योजना का सेचुरेशन प्रमाण पत्र 29 फरवरी तक पूर्ण कर विभाग को भेजें। इसके अलावा उन्होंने बीज वितरण, बिरसा फसल विस्तार योजना, एग्री स्मार्ट विपेज, सॉयल हेल्थ, मुख्यमंत्री सुखाड़ फसल राहत योजना तथा मृदा संरक्षण योजना की समीक्षा की गयी। उन्होंने सुखाड़ फसल राहत योजना को लेकर निर्देश दिया कि कई जिलों में लैंड वेरीफिकेशन का कार्य पेंडिंग है, उसे पूरा करें साथ ही ई-केवाईसी के लंबित मामलों को पूर्ण करें। कृषि योजनाओं के निराशाजनक कार्यान्वयन को लेकर उन्होंने ऐसे जिले जहां 10 प्रतिशत से कम काम हुआ है, उन जिलों के कृषि पदाधिकारी को शो कॉज का आदेश दिया।

### जनप्रतिनिधि से करवायें योजनाओं की अनुशंसा

सचिव ने कहा कि परकुलेशन टैंक, और तालाब जीर्णोद्धार/ गहरीकरण की योजनाओं के मद में राशि काफी बची हुई है। जल्द से जल्द माननीय विधायक से योजनाओं की अनुशंसा करवाकर काम करवायें साथ ही इस बात का ध्यान रहे कि योजनाओं की सत्यता जियो टैगिंग के माध्यम से करवायें तथा एमआईएस में इंट्री सुनिश्चित करें।

बैठक में मुख्य रूप सेनिदेशक उद्यान श्री सूरज कुमार, पशुपालन निदेशक श्री आदित्य रंजन, निदेशक गव्य मो शाहनवाज अख्तर, विशेष सचिव श्री प्रदीप हजारे सहित कई विभागीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने सीएम चंपई को लिखा पत्र

# झारखंड में सामान्य दर पर बालू उपलब्ध कराने की दिशा में शीघ्र निर्णय लें सीएम

**बालू की किल्लत से राज्य के 8 लाख मजदूरों के सामने रोजगार का संकट**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने सीएम चंपाई सोरेन को पत्र लिखकर राज्य में बालू की कमी को लेकर चिंता जतायी है। पत्र में लिखा है कि राज्य में बालू की किल्लत है और कालाबाजारी हो रही है। राज्य में सिर्फ 21 बालू घाट चालू हैं। बालू की अवैध ढुलाई कर रहे वाहनों को पकड़ा जा रहा है। फिर अवैध वसूली की जा रही है। इसके कारण राज्य में बालू की कीमत आसमान छू रही है। राज्य सरकार को मिलनेवाले राजस्व में कमी हो रही है। उन्होंने ध्यान आकर्षित कराते हुए लिखा है कि रांची में एक हाइवा बालू 18 हजार रुपये में मिलता था, लेकिन ब्लैक में बालू आज 40 हजार से 50 हजार रुपये में मिल रहा है। वहीं, अब प्रति टर्बो बालू की कीमत 6500 से 7500 रुपये हो गई है, जो पहले तीन हजार रुपये थी। राज्य में प्रधानमंत्री आवास हो या फिर अबुआ आवास हो, या निजी मकान बनाने का, सभी काम रुक गये हैं। रांची नगर निगम में ही 216 सड़क, कलवर्ट एवं नाले जैसी परियोजनाओं पर काम चल रहा था। जिसे बालू की किल्लत के कारण रोक दिया गया है। आम लोग भी घरों में सामान्य निर्माण कार्य करने से बच रहे हैं। निर्माण क्षेत्र में कार्य कर रहे लोगों को काम भी नहीं मिल रहा है। राज्य में निर्माण क्षेत्र में लगभग आठ लाख लोग काम करते हैं। उन्होंने इस मामले में प्राथमिकता के साथ संज्ञान लेने का आग्रह किया है और उचित दर पर बालू उपलब्ध कराने की दिशा में निर्णय लेने का आग्रह किया है।

### तीन साल से जमे अफसरों और कर्मियों को दो दिनों में विरमित करें : सीईओ

**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने सभी जिलों के डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी को लेटर लिखा है। इसमें कहा कि कभी भी लोकसभा चुनाव 2024 की घोषणा हो सकती है। ऐसे में जिलों में पिछले चार सालों में निर्वाचन कार्य से जुड़े पदाधिकारी, कर्मी जिनका तीन सालों का कार्यकाल पूरा हो चुका है, उन्हें हर हाल में विरमित करें। उन्होंने लिखा है कि ऐसी सूचना है कि कई पदाधिकारी (निर्वाचन कार्य से संबंधित) तीन साल या इससे अधिक समय से ट्रांसफर के बाद भी अभी भी पुरानी जगह पर ही जमे हैं। पुलिस सहित अन्य विभागों में जिनका ट्रांसफर हो चुका है या तीन साल की अवधि पूरी हो चुकी है, उनके मामले में अगले दो दिनों में स्टेप लें।

## खबर एक नजर में

### प्रशांत कुमार को जेएसएससी अध्यक्ष का प्रभार

**रांची।** राज्य सरकार ने नीरज सिन्हा के इस्तीफा के कुछ घंटे बाद ही भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी जल संसाधन विभाग के सचिव प्रशांत कुमार को अपने कार्यों के साथ अध्यक्ष झारखंड कर्मचारी चयन आयोग रांची का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। प्रशांत कुमार वित्त विभाग के सचिव के भी अतिरिक्त प्रभार में पदस्थापित हैं।

### 23 फरवरी से 2 मार्च तक धारा-144 लागू

**रांची।** 23 फरवरी से 2 मार्च तक नए विधानसभा भवन में पंचम झारखंड विधानसभा का पंचदश (बजट) सत्र को लेकर परिसर के 100 मीटर परिधि में धारा 144 लगायी गयी है। सदर एसडीओ ने आदेश जारी किया है। इसके अनुसार, विधानसभा परिसर में सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक धारा 144 लागू रहेगी। इस दौरान 100 मीटर के दायरे में किसी तरह के जुलूस, रैली, प्रदर्शन, घेराव पर मनाही रहेगी।

### 83 पुलिस को एसीपी और एमएसीपी का लाभ

**रांची।** 126 में से 83 पुलिस कर्मियों को एसीपी( एश्योर्ड कैरियर प्रोग्रेशन ) और एमएसीपी (माडिफाइड एश्योर्ड कैरियर प्रोग्रेशन) योजना का लाभ मिलेगा। इसे लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय के द्वारा आदेश जारी किया गया हैं। गौरतलब है कि छह फरवरी को झारखंड पुलिस मुख्यालय में आईजी मुख्यालय मनोज कौशिक की अध्यक्षता में केंद्रीय चयन परिषद की बैठक हुई थी। जिसमें कल 126 पुलिसकर्मियों में से 83 पुलिसकर्मियों को एसीपी और एमएसीपी योजना का लाभ देने की सहमति बनी। बाकी 43 पुलिसकर्मी को अलग अलग वजहों से एसीपी और एमएसीपी योजना का लाभ नहीं मिला।

### स्वास्थ्य मंत्री के आप्त सचिव बने आसिफ एकराम

**रांची।** झाप्रसे के पदाधिकारी व निदेशक संस्कृति पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग आसिफ एकराम को अगले आदेश तक स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता रांची का आप्त सचिव बनाया गया है। वहीं, पदस्थापन की प्रतीक्षारत लेखराज नाग को अवर सचिव मुख्यमंत्री सचिवालय के पद पर पदस्थापित किया गया है। वहीं झारखंड विधानसभा सचिवालय के अनुरोध पर झाप्रसे के अधिकारी विवेक कुमार मेहता कार्यपालक डंडाधिकारी देवघर की सेवा झारखंड विधानसभा सचिवालय को सेवा सौंपी गई है। विवेक कुमार विधानसभा अध्यक्ष के विशेष कार्य पदाधिकारी के पद पर नियुक्त किए गए है।

### सिपाही नियुक्ति उम्रसीमा में छूट पर सुनवाई 29 को

**रांची।** सिपाही नियुक्ति के लिए जारी विज्ञापन में उम्रसीमा में छूट के लिए दायर याचिका पर हाईकोर्ट में अगली सुनवाई 29 फरवरी को होगी। इस संबंध में मोहित कुमार, पंकज सिंह समेत तीन लोगों की ओर से याचिकाएं दायर की गई हैं। याचिका में कहा गया है कि नियुक्ति के लिए उम्र सीमा की गणना वर्ष 2019 निर्धारित की गई है, जिसे वर्ष 2016 किया जाना चाहिए। राज्य सरकार ने जो विज्ञापन जारी किया है, उसमें वर्ष 2015 से रिक्त पदों पर नियुक्ति की बात कही गई है, ऐसे में इस उम्र सीमा का निर्धारण वर्ष 2016 होनी चाहिए, लेकिन झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की ओर से जो विज्ञापन निकला गया है, उसमें उम्र सीमा वर्ष 2019 कर दिया गया है।

# 2019 से अब तक आयोजित की गयी जेएसएससी व जेपीएससी परीक्षा की जांच सीबीआइ से हो: भाजपा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं विधायक अमित मंडल ने कहा है कि जेएसएससी एवं जेपीएससी की सभी परीक्षा की सीबीआई जांच हो। श्री मंडल गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार में राज्य की युवाओं के साथ धोखा किया जा रहा है। 2019 से लेकर अब तक आयोजित जेएसएससी एवं जेपीएससी की सभी परीक्षा की जांच सीबीआइ से करायी जाये। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार में कई विरोधाभास देखने को मिलते हैं। नियुक्ति नियमावली, नियोजन नीति एवं भाषा का विवाद हुआ वो राज्य के युवाओं से छुपा नहीं है। जेएसएससी एवं जेपीएससी को लेकर भाजपा शुरू से ही युवाओं के हक अधिकार को लेकर सड़क से लेकर सदन तक लड़ती रही है। सरकार ने भाजपा के कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज किया। यहां तक कि संगीन धारा लगा कर एफआइआर दर्ज करायी। पेपर लीक मामले एवं अन्य ब्लैक लिस्टेड एजेंसी और सरकार के लोगों की मिलीभगत का प्रमाण राज्य की जनता देख रही है। झारखंड प्रतियोगी परीक्षा विधेयक सरकार द्वारा युवाओं के आवाज को दबाने का एक सोचा समझा षड्यंत्र है। जो सरकार के घोटालों के खिलाफ बोलेगा वो जेल जायेगा। हेमंत सरकार में जितनी भी एजेंसी परीक्षा में शामिल रही सभी को किसी न किसी राज्य में बैन किया गया है।

जेएसएससी वही एजेंसी है जो बिहार में ब्लैक लिस्टेड है और बिहार राज्य सिपाही भर्ती घोटाले में शामिल है। उन्होंने राज्य सरकार से चार बिंदुओं पर एक्शन लेने और जवाब देने की मांग की है।

इस अवसर पर प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अशोक बड़ाईक एवं युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज उपस्थित थे।

## हेमंत है तो हिम्मत है के बाद झारखंड झुकेगा नहीं से जीत का सेहरा लेने की तैयारी

# लोकसभा-विधानसभा चुनाव : झारखंड झुकेगा नहीं, जीतेगा

**समय बतायेगा, झामुमो के चुनावी समर के लिए यह स्लोगन कितना होगा कारगर**

**सत्येन्द्र**




**रांची।** झारखंड की लोकसभा और विधानसभा की सभी सीटों पर जीत हासिल करने के लिए झामुमो ने जनता को साधना शुरू कर दिया है। अबुआ आवास योजना और मुख्यमंत्री ग्राम्य गाड़ी योजना के सहारे राज्य की जनता को काफी करीब लाने का प्रयास किया जा रहा है। झामुमो के इस प्रयास का सीधा असर प्रमुख विपक्षी पार्टी में देखने को मिल रहा है, तभी तो वर्तमान सरकार को घेरने के लिए एक से एक तरकीब अपनाये जा रहे हैं परंतु राज्य की जनता को विपक्ष साध नहीं पा रहा है। इधर झामुमो हरेक परिवार को आवास देने की घोषणा कर सभी को अपने पाले में करने में कामयाब होता दिख रहा है।

मालूम हो कि जमीन घोटाले की ईडी जांच में गिरफ्तार पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद एक तरफ झामुमो में लोकसभा चुनाव के प्रचार-प्रसार को लेकर राजनीतिक संकट है। वहीं दूसरी ओर इंडिया गठबंधन में शामिल दलों के बीच राज्य के 14 सीटों में सीट शेयरिंग नहीं होने से उहा-पोह की स्थिति है, बावजूद लोकसभा चुनाव को लेकर गठबंधन सरकार में शामिल सभी राजनीतिक दल चुनावी समर में कूद चुके हैं।

ज्ञात हो कि झामुमो ने 2019 के विधानसभा चुनाव में हेमंत है तो हिम्मत के स्लोगन के साथ चुनावी नैया पार लगाई थी। इस बार लोकसभा चुनाव नैया पार करने के लिए झामुमो की ओर से पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की तस्वीर के साथ झारखंड झुकेगा नहीं का नारा बुलंद किया जा रहा है।

बता दें कि महागठबंधन के स्पष्ट बहुमत की सरकार 2019 के दिसंबर महीने में बनी, जिसके मुखिया हेमंत सोरेन बने। इन चार वर्षों में हेमंत सरकार ने अपने कई वादें पूरे किए तो कई अधूरे रहे। राजनीतिक और कानूनी पेंच में हेमंत सोरेन फंसते चले गए और अंततः अपनी गिरफ्तारी से पहले हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री की गद्दी भी छोड़नी पड़ी। हेमंत के सत्ता से हटने के बाद उनके उत्तराधिकारी के रूप में चंपई सोरेन झारखंड के मुख्यमंत्री बने, कैबिनेट का विस्तार भी हो चुका है। बावजूद 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव की नैया पार करने के लिए इस बार भी हेमंत सोरेन के नाम और तस्वीर की जरूरत न सिर्फ झामुमो को है बल्कि पूरे गठबंधन को भी है। यही वजह है कि जब ईडी ने हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया और उन्हें 13 दिन की रिमांड पर लिया तो झामुमो के साथ पूरा महागठबंधन ने इसे झारखंड के स्वाभिमान से जोड़ते हुए आंदोलन तेज किया। साथ ही केंद्र की तानाशाही सरकार के खिलाफ एक आदिवासी युवा नेता का उलगुलान बताते हुए इस मुद्दे को भी राज्य के आदिवासियों, पिछड़े, दलित से जोड़ दिया और नया नारा दिया गया कि झारखंड... झुकेगा नहीं।

### राजधानी में लगाये गये हैं बड़े-बड़े होर्डिंग्स

झारखंड... झुकेगा नहीं स्लोगन के साथ झामुमो ने 2024 की चुनावी लड़ाई को जीतने की पूरी रणनीति तैयार कर ली है। पूर्व मुख्यमंत्री और झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन की बड़ी बड़ी तस्वीर और झारखंड...झुकेगा नहीं के स्लोगन वाले बड़े-बड़े होर्डिंग्स राजधानी में लगाये गए हैं। साथ पार्टी की रणनीति के तहत इसे गांव-गांव घर-घर तक पहुंचाया जा रहा है। इधर झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य और केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय कहते हैं कि झारखंड का इतिहास झुकने का नहीं रहा है तो फिर चंद गुजरातियों के सामने झारखंड कहां झुकने वाला है? ऐसे में यह झारखंड झुकेगा का नारा जन-जन का नारा बन गया है। फिलहाल ईडी का रिमांड खत्म होने के बाद पूर्व सीएम हेमंत सोरेन बिरसा मुंडा जेल में बंद है।

### आंदोलनकारी के बेटे को परेशान कर रही है ईडी

इधर हेमंत सोरेन को जेल जाने के बाद इंडिया गठबंधन दलों द्वारा हेमंत सोरेन की परेशानी को आदिवासी और आंदोलनकारी के बेटे की परेशानी, अबुआ आवास देने की योजना बनाने वाले युवा नेता की परेशानी, ओल्ड पेंशन स्कीम, यूनिवर्सल पेंशन देने वाले पूर्व मुख्यमंत्री की परेशानी, सरना धर्म कोड, ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण देने वाले नेता को परेशान करने का आरोप लगाया जा रहा है। साथ ही 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति की को आगे बढ़ाने वाले नेता की परेशानी बताते हुए इसके लिए जिम्मेवार भाजपा और उनके इशारे पर काम करने वाले ईडी पर थोपा गया। झामुमो की रणनीति है कि जनता के बीच यह मैसेज जाए कि हेमंत सोरेन जो कष्ट झेल रहे हैं वह इसलिए नहीं कि उनका नाम जमीन घोटाले में हैं बल्कि इसलिए कि वह केंद्र की सरकार के आगे झुके नहीं।

# राज्य में एक और विक्षोभ की आहट, 27 को बारिश की संभावना, 28 से साफ होगा मौसम

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची समेत पूरे राज्य में आज 23 फरवरी को भी हल्के बादल छाए रह सकते हैं। इस दौरान राज्य में विभिन्न स्थानों पर गरज के साथ हल्की बारिश के आसार भी हैं। कहीं-कहीं वज्रपात भी होगा। इधर पश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम में हो रहे बदलाव के बीच एक और विक्षोभ 24 फरवरी को दस्तक देने वाला है। इसके चलते 27 फरवरी को राज्य के कई भागों में बारिश होगी। हालांकि 28 फरवरी से मौसम साफ हो सकता है।



मौसम वैज्ञानिक के मुताबिक अगले तीन दिन तक मौसम में बहुत ज्यादा बदलाव नहीं होने वाला है। छत्तीसगढ़ के उत्तरी भाग में एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन बना हुआ है। इसके प्रभाव से 27 फरवरी को झारखंड के कई भागों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना बन रही है। बारिश के बाद यह सकुर्लेशन कमजोर पड़ेगा और राज्य में मौसम साफ होगा।

| जिला | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 27.5 | 17.2 |
| जमशेदपुर | 30.7 | 19.4 |
| मेदिनीनगर | 28.0 | 17.1 |
| बोकारो | 28.2 | 18.1 |
| देवघर | 28.5 | 17.7 |
| चतरा | 25.7 | 17.5 |
| गोड्डा | 28.7 | 17.2 |
| गढ़वा | 27.4 | 16.6 |
| सिमडेगा | 31.0 | 15.6 |

> राज्य के कई हिस्सों पर अगले तीन दिन कहीं-कहीं हल्की बारिश के आसार हैं। पश्चिमी-उत्तरी भाग में एक नया विक्षोभ दस्तक देने वाला है। इसके प्रभाव से 27 फरवरी को बारिश होने की संभावना है।- **अभिषेक आनंद, वैज्ञानिक, मौसम विभाग, रांची**

# मोरहाबादी में दस दिवसीय ट्रेड फेयर 1 मार्च से

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** दस दिवसीय इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर 1 मार्च से मोरहाबादी मैदान में लगाया जायेगा। दस दिनों तक चलनेवाले ट्रेड फेयर के आयोजन की तैयारियों को लेकर गुरूवार को चैंबर भवन में चैंबर और जीएस मार्केटिंग एसोसियेट्स के पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में स्टॉल बुकिंग की समीक्षा की गई। यह भी कहा गया कि फेयर में स्टॉल लगानेवाले चैंबर सदस्यों को विशेष छूट दी जायेगी। स्टॉल लगाने के ईच्छुक व्यापारी-उद्यमी ट्रेड फेयर कमिटी से संपर्क कर सकते हैं। फेयर में होम एंड डेकोर, फाइनेंस, फर्नीचर एंड इंटीरियर, लाइफस्टाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, हेल्थकेयर, हैंडीक्राफ्ट्स एंड हैंडलूम के प्रोडक्ट की प्रदर्शनी होगी।

बैठक में चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, महासचिव परेश गप्तानी, सह सचिव अमित शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य रोहित पोद्दार, संजय अखौरी, पूर्व महासचिव आरके चौधरी, आनंद कोठारी, जीएस मार्केटिंग एसोसियेट्स से तपन घोष, अमिताभ घोष, विशांत शर्मा समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## डीएसपीएमयू के पहले कन्वोकेशन में 198 टॉपरों को मिला गोल्ड मेडल, राज्यपाल बोले

# बड़े सपने देखें, सफलता रातों-रात नहीं मिलती

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची कॉलेज को अपग्रेड कर छह साल पहले यूनिवर्सिटी बने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) का पहला दीक्षांत समारोह गुरुवार को रांची यूनिवर्सिटी के दीक्षांत मंडप में हुआ। इसमें बतौर मुख्य अतिथि राज्यपाल सह कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन ने यूजी-पीजी के 198 टॉपरों को गोल्ड मेडल प्रदान किया। उन्होंने कहा कि हमेशा बड़े सपने देखें। सफलता रातों-रात नहीं मिलती। इसके लिए प्रयास करने होते हैं। राज्यपाल ने उपाधि प्राप्त करने वाले छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह न केवल आपकी सफलता है, बल्कि आपके माता-पिता लिए भी गर्व का क्षण है।

समारोह को दौरान राज्यपाल ने तीन रिसर्च स्कॉलरों को पीएचडी को उपाधि प्रदान की। समारोह में कुल यूजी-पीजी के कुल 3873 स्टूडेंट्स को डिग्री प्रदान की गई। यूनिवर्सिटी बनने के बाद वर्ष 2018 से शैक्षणिक सत्र शुरू हुआ था।



### 2022 तक यूजी-पीजी पास आउट छात्रों को डिग्री

इस समारोह में वर्ष 2022 तक यूजी-पीजी पास आउट छात्रों को डिग्री प्रदान की गई। इससे पहले डीएसपीएमयू के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि हमारा विवि सबसे युवा विवि है। इस कारण यहां विकास की अपार संभावनाएं हैं। छात्रों को क्वालिटी एजुकेशन प्रदान की जा रही है। रजिस्ट्रार डा. नमिता सिंह ने, डीएसडब्ल्यू डॉ. एसएम अब्बास, आरयू के वीसी डॉ. अजीत कुमार सिन्हा, वीसी प्रो. टीएन साहू, डॉ. एनडी गोस्वामी, डॉ. मो. अयूब, डॉ सर्वोत्तम कुमार, डीएसपीएमयू के परीक्षा नियंत्रक डॉ. आशीष कुमार गुप्ता, प्रो. राजेश कुमार सिंह, डॉ. अभय कृष्ण, डॉ. आईएन साहू, शैलेंद्र कुमार मौजूद रहे।



### टॉपरों के चेहरे पर दिखी स्वर्णिम चमक

- अभी मैं बीआईटी मेसरा से पीएचडी कर रहा हूं। लेक्चरर बनना चाहता हूं। मेरे पिता संजय कुमार अग्रवाल किसान है। **संजीत कुमार अग्रवाल, ओवरऑल बेस्ट पीजी टॉपर इन साइंस**
- पहले बैच की टॉपर होना अपने आप में गर्व की बात है। मैं भूगोल की छात्रा हूं और वर्तमान में पीएचडी कर रहीं हूं। लेक्चरर बनना चाहती हूं। **रूपा शर्मा, ओवरऑल टॉपर इन सोशल साइंस**
- माता-पिता ने पढ़ाई के लिए मोटिवेट किया, जिसका रिजल्ट है कि आज मैं यहां इस मुकाम पर खड़ी हूं। मैं जो पढ़ती थी उसी का रिवीजन करती थी। सिविल सेवा में जाना चाहती हूं।- **तस्नीम फातिमा, बेस्ट पीजी टॉपर इन प्रोफेशनल**
- मैं नेट की तैयारी और पीजी (2019-21) की पढ़ाई एक साथ कर रही थी, जिसका मुझे फायदा मिला। मुझे ओवरऑल साइंस टॉपर का मेडल मिला है। अभी जूलॉजी विषय से ही पीएचडी कर रहीं हूं। - **शांभवी, बेस्ट पीजी टॉपर इन साइंस।**

#### बहन एमसीए और भाई बना आईटी टॉपर

दीक्षांत समारोह में भाई-बहन दोनों को गवर्नर ने गोल्ड मेडल प्रदान किया। बहन आंचल कुमारी एमसीए की टॉपर है। वहीं भाई बीएससी आईटी की टॉपर है। दोनों असिस्टेंट प्रोफेसर बनना चाहते हैं। पिता विनोद साहू और मां बासंती देवी सब्जियां बेचते हैं।

## परीक्षा कराने वाली एजेंसी को अंतरिम राहत नहीं, हाईकोर्ट ने जेएसएससी से मांगा जवाब

**प्रश्न पत्र लीक मामला**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जेएसएससी पेपर लीक मामले में जेएसएससी की ओर से परीक्षा आयोजन करने वाली एजेंसी को ब्लैक लिस्टेड किए जाने को लेकर दिए गए शोकॉज के खिलाफ दायर याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने परीक्षा आयोजित करने वाली सतवत इंफोसोल प्राइवेट लिमिटेड को अंतरिम राहत नहीं दी। कोर्ट ने मामले में जेएसएससी को जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई अप्रैल माह में निर्धारित की है।

जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल ने कोर्ट को बताया गया कि प्रथम प्रथम दृष्टया प्रश्न पत्र लीक मामले में कंपनी की संलिप्तता प्रतीत होती है। इसी कारण जेएसएससी ने इन्हें ब्लैक लिस्टेड किए जाने के संबंध में शोकॉज कर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है लेकिन कंपनी ने जवाब देने से पहले जेएसएससी के शोकॉज को स्पेसिफिक नहीं बताया। इसलिए कंपनी की याचिका मेंटेनेबल नहीं है। इसलिए इसे देखते हुए कंपनी की याचिका खारिज की जाए। इससे पहले सतवत इंफोसोल प्राइवेट लिमिटेड की ओर से जेएसएससी के शोकॉज पर रोक लगाने का आग्रह कोर्ट से किया गया। मामले की सुनवाई हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई।

# विधानसभा के बजट सत्र में जनमुद्दों को प्रमुखता से उठायेगी भाजपा: अमर बाउरी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा विधायक दल की बैठक प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित नीलकंठ सिंह मुंडा, सीपी सिंह, बिरंची नारायण, जेपी पटेल, राज सिन्हा, मनीष जायसवाल, अमित मंडल, केदार हाजरा, अनंत ओझा, नीरा यादव, अपर्णा सेन गुप्ता, पुष्पा देवी, किशुन दास, केदार हाजरा, समरी लाल, कोचे मुंडा, नारायण दास, नवीन जायसवाल शामिल हुए।



भाजपा विधायक दल के बैठक के बाद नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि 5वीं बजट सत्र इस सरकार का अंतिम सत्र है लेकिन चंपई सरकार का पहला बजट सत्र है। कहा कि इस सरकार में मात्र 54% बजट की राशि खत्म हुई है। इस सरकार में जेएसएससी और जेपीएससी की नियुक्तियां बेची जा रही है। युवाओं का आक्रोश को देश ने कई बार देखा है। राज्य में भी युवा छात्र सड़क पर आंदोलन कर रहे है। एसआईटी गठन सिर्फ आई वाश है। विधानसभा के कर्मचारी पकड़ा रहे हैं तो इसके तार और भी मिलेंगे। पार्टी सीबीआई जांच की मांग मुखरता से रखेगी। एसआईटी पर भरोसा नहीं, सरकार अपने हिसाब से इसको तरोड मरोड़ कर रिपोर्ट पेश कर सकती है। इसपर सीबीआई जांच से कम भाजपा और राज्य की जनता को मंजूर नहीं। उन्होंने कहा कि अबुआ आवास योजना में धांधली और भ्रष्टाचार में सरकार संपोषित लोग शामिल हैं। इन सभी जनमुद्दों को लेकर भाजपा के विधायक विस सत्र में मुखरता से उठाने पर रणनीति बनाएं।

# ब्रिटिश अधिकारी संग तकनीक के आदन प्रदान पर चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** ब्रिटिश डिप्टी हाई कमिशन, कोलकाता के सीनियर ट्रेड एडवाइजर अनूप नारायणन ने अपने रांची प्रवास के दौरान गुरूवार को चैंबर भवन में बैठक की। ब्रिटिश डिप्टी हाई कमिशन, कोलकाता के आग्रह पर चैंबर द्वारा इस बैठक का आयोजन कराया गया था। रेस्पांसिबल माईनिंग, टूरिज्म, हेल्थ, एजुकेशन, टेक्सटाइल, सिल्क, वन उत्पाद, होर्टिकल्चर, फ्लोरिकल्चर, एग्रीकल्चर के क्षेत्र में झारखण्ड और यूके के बीच तकनीक का आदान प्रदान करने के विषय पर बैठक के दौरान चर्चा की गई। चैंबर उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि यूके से कोलकाता आनेवाले प्रतिनिधिमंडल को झारखण्ड के स्टेकहोल्डर्स के साथ भी नियमित संवाद कराया जाना बेहद जरूरी है, इससे व्यापार-उद्योग के क्षेत्र में संभावनाएं बढ़ेंगी। यूके में लगनेवाले एक्जिबीशन में झारखण्ड के व्यापारियों की सहभागिता, निवेश की संभावनाओं पर नियमित रूप से कार्यशाला के आयोजन पर भी वार्ता की गई। झारखण्ड में वर्ष 2020 से बंद पड़ी माइस के कारण राज्य की आर्थिक प्रगति में रूकावट पर चैंबर उपाध्यक्ष ने चिंता जताई और कहा कि बंद खदानों को जल्द खोलने चाहिए। इससे सरकार के राजस्व में वृद्धि के साथ ही रोजगार का अत्यधिक सृजन संभव होगा और उद्यमियों को भी उनकी जरूरत के रॉ मटीरियल की आसान उपलब्धता सुनिश्चित होगी। रूंगटा माईंस के अधिकारियों ने परासी गोल्ड प्रोजेक्ट के जल्द चालू होने की बात कही। विदित हो कि ब्रिटिश डिप्टी हाई कमिशन, कोलकाता के अधिकारी तीन दिवसीय झारखण्ड दौरे पर हैं। वहीं स्टील, माईनिंग, मैनुफैक्चरिंग और इंजीनियरिंग से जुडे उद्यमियों के साथ पुनः एक बैठक चैंबर भवन में 24 फरवरी को आयोजित की जायेगी। मौके पर रूंगटा माइंस के हेड कॉरपोरेट अफेयर्स एस. के सेखरदेव और सीनियर जेनरल मैनेजर राणा रणधीर सिंह उपस्थित थे।

## फंड के अभाव में शिक्षक व कर्मियों को नहीं मिल रहा वेतन, सीएम से आग्रह

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के अधिकारियों ने कहा कि जिला में योजना मद में आवंटन के अभाव में माध्यमिक शिक्षक और कर्मियों का वेतन भुगतान लंबित है। जिले में 550 से अधिक शिक्षक और कर्मियों का योजना मद से वेतन भुगतान होता है। इन्हें दिसंबर तक ही भुगतान हुआ है। वर्तमान में 2 करोड़ 38 लाख राशि ही उपलब्ध है, जबकि एक माह में इतने कर्मियों के भुगतान के लिए 3.50 करोड़ से अधिक राशि की जरूरत है। जिले में नवनियुक्त शिक्षकों का मई से नवंबर तक वेतन बकाया है। यही स्थिति रही तो गैर योजना और अल्पसंख्यक विद्यालय के शिक्षकों और कर्मियों का भी बकाया भुगतान आवंटन नहीं रहने के कारण नहीं मिल पाया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 समाप्त होने वाला है।

# भारत-इंग्लैंड रांची टेस्ट : सात जगहों पर होगी पार्किंग की व्यवस्था

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** 23 से 27 फरवरी तक रांची के जेएससीए में भारत-इंग्लैंड के बीच अन्तर्राष्ट्रीय टेस्ट क्रिकेट मैच होना है। इस दौरान वीआईपी और दर्शकों की गाड़ी पार्किंग की व्यवस्था स्टेडियम के पास की गई है। इस दौरान जिला के बाहर से आने वाले वाहनों गाड़ियों के लिए भी रूट निर्धारित किये गये हैं। जमशेदपुर, सरायकेला, चाईबासा, खूंटी, सिमडेगा से आने वाले वाहन तुपुदाना रिंग रोड के रास्ते प्रोजेक्ट भवन- धुर्वा गोलचक्कर-संत थॉमस स्कूल होते हुए प्रभात तारा मैदान में पार्किंग कर सकते हैं। कोडरमा, हजारीबाग, गिरिडीह, रामगढ़, बोकारो, धनबाद, लोहरदगा, गुमला, पलामू, गढ़वा, लातेहार, चतरा से आने वाली वाहन रिंग रोड लॉ यूनिवर्सिटी, दलादीली, नयासराय के रास्ते तिरिल मोड़ स्थित पार्किंग में जा सकते हैं। नयासराय मोड - रिंग रोड-सैम्बो धुर्वा डैम होकर प्रभात तारा मैदान पार्किंग में भी जा सकते हैं। वीआईपी वाहन पास सभी वाहन शहीद मैदान, मौसीबाड़ी, तिरिल मोड होकर क्रिकेट स्टेडियम नार्थ गेट के बगल वाले वीआईपी प्रवेश मार्ग से प्रवेश कर पार्किंग स्थल में जा सकेंगे। लाल पास युक्त वाहन क्रिकेट स्टेडियम के दक्षिण गेट से प्रवेश कर पार्किंग स्थल जा सकेंगे। मीडिया पास मीडिया पास युक्त सभी वाहन धुर्वा गोलचक्कर, धुर्वा बस स्टैंड होकर क्रिकेट स्टेडियम के दक्षिण गेट से प्रवेश कर पार्किंग स्थल तक जा सकेंगे।



**सामान्य वाहन पार्किंग**
- संत थॉमस स्कूल के पास
- प्रभात तारा मैदान
- मियां मार्केट तीन मुहाना के पास
- सतुआ बागान के पास
- जवाहर लाल स्टेडियम पार्किंग
- धुर्वा गोलचक्कर मैदान
- तिरिल मोड़ पार्किंग

वहीं मैच के समाप्ति के बाद शालीमार बाजार-मौसीबाडी गोलचक्कर-एच.ई.सी. गेट-बिरसा चौक-हिनू चौक-राजेन्द्र चौक मार्ग पर वाहनों की संख्या बढ़ सकती है। इसे देखते हुए वैकल्पिक मार्ग जारी किया गया है। रातु, मांडर, बान्हो क्षेत्र जाने हेतु पार्किंग स्थल तिरिल- कुटे नवाटोली से नयासराय होते हुए रिंग रोड होकर अपने गंतव्य क्षेत्र तक जा सकते हैं। नगड़ी, इंटकी, बेड़ो क्षेत्र जाने हेतु- पार्किंग स्थल से तिरिल कुटे नवाटोली से नयासराय होते हुए रिंग रोड होकर से नगड़ी होकर ईटकी, वेडो क्षेत्र जा सकते है। कांके, पिठौरिया, ओरमांझी क्षेत्र जाने हेतु पार्किंग स्थल से नयासराय होते हुए रिंग रोड होकर सिलता चौक से अपने गंतव्य की तरफ जा सकते है। नागकुम, टाटीसिल्वे, सिल्ली, गुरी क्षेत्र जाने हेतु पार्किंग स्थल से प्रोजेक्ट भवन होते हुए तुपुदाना, रिंग रोड से नामकुम होते हुए अपने गंतव्य की तरफ जा सकते हैं।

### सुरक्षा के साथ-साथ विधि व्यवस्था होगी मजबूत

इंडिया-इंग्लैंड टेस्ट मैच में विधि-व्यवस्था और ड्यूटी संधारण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया, जिसमें नगर पुलिस अधीक्षक, एडीएम विधि-व्यवस्था, हटिया डीएसपी अन्य डीएसपी, स्टेडियम पदाधिकारी, थाना प्रभारी पुलिसकर्मी मौजूद थे ।



## खबर एक नजर में

### सांसद संजय सेठ ने बड़गाईं में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का किया निरीक्षण

**प्रतिदिन साफ होगा 370 लाख लीटर पानी**



रांची। सांसद संजय सेठ ने गुरूवार को बड़गाई स्थित निर्माधीन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। केंद्र सरकार के सहयोग से 302 करोड रुपए की लागत से बड़गाई के लेम में अत्याधुनिक सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाया गया है। इसके माध्यम से नगर निगम क्षेत्र के 53 वार्डों का पानी साफ और स्वच्छ होकर जुमार नदी में जायेगा। इस प्लांट में प्रतिदिन 370 लाख लीटर पानी का ट्रीटमेंट किया जायेगा। श्री सेठ ने संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली और इस पर अविलंब युद्ध स्तर पर कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। श्री सेठ ने बताया कि इस प्लांट के आरंभ होने से प्रदूषण और बीमारी से शहर को मुक्ति मिलेगी। शहर के नाले स्वच्छ होंगे और जुमार नदी पुनर्जीवित हो सकेगी। इस प्लांट का निर्माण 2015 में आरंभ किया गया था। 5 एकड़ जमीन में तैयार हो रहा यह प्लांट आने वाले 30 साल की योजना को लेकर तैयार किया जा रहा है।

### ऊर्जा विकास श्रमिक संघ का सम्मेलन 25 को

**रांची।** झारखण्ड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ का राज्य स्तरीय सम्मेलन 25 फरवरी को रांची प्रेस क्लब में होगा। संघ के केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय ने बताया कि सम्मेलन प्रातः 10 बजे से शुरू होगा। उन्होंने बताया कि 2017 के बाद झारखंड ऊर्जा विकास निगम ने पूरे राज्य में एजेंसी प्रथा लागू कर विद्युत कर्मियों का शोषण शुरू करा दिया है। जिसे खत्म किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि समान काम के बदले समान वेतन मिलना चाहिए। नौकरी में अनुभव के आधार पर पूर्व की तरह प्राथमिकता तय होनी चाहिए, वही 10 वर्ष काम किए हुए कर्मियों को नियमित नियुक्ति होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय सम्मेलन में इन्ही सब मुद्दों पर चर्चा होगी।

### होश वालों को खबर क्या है... गजल पर मृणालिनी ने दर्शकों को झुमाया



**रांची।** बीते 19 से 21 फरवरी तक चतरा में आयोजित राजकीय इटखोरी महोत्सव में डॉ मृणालिनी अखौरी ने गीत गजलों की शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की शुरूआत उन्होंने होश वालों को खबर क्या.... बेखुदी क्या चीज है...इस गजल से किया। इसके बाद चतरा डीसी अबू इमरान की फरमाइश, विधायक सुनील कुमार सिंह की फरमाइश पर गजल सुनाया। कार्यक्रम के बाद श्रम नियोजन एवं उद्योग मंत्री सत्यानंद भोक्ता, सुनील कुमार सिंह, सिमरिया विधायक किशन दास और चतरा डीसी अबू इमरान द्वारा डॉ मृणालिनी अखौरी को शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया गया।

### दंपति हत्या मामला : स्थानीय लोग जुटे पंडरा थाना में, आधा दर्जन लोगों से हो रही पूछताछ

**रांची।** पंडरा ओपी अंतर्गत जनक नगर में बीते रात हुए दंपति हत्या मामले की पुलिस जांच जारी है। पुलिस ने इस मामले में आधा दर्जन से ज्यादा लोगों से पूछताछ कर रही है। पुलिस सीसीटीवी को भी खंगाल रही है। इधर, हिरासत में लिये गये लोगों से थाना लाकर पूछताछ करने पर स्थानीय लोग थाना पहुंचे। पुलिस के समझाने बुझाने पर लोग वापस चले गये।

### ब्रिटिश उच्चायोग, कोलकाता के अधिकारियों ने सीएमपीडीआई का दौरा किया

**रांची।** नियाल अहर्न, प्रथम सचिव व्यापार और अनुप नारायणन, वरीय व्यापार सलाहकार ब्रिटिश उप उच्चायोग, कोलकाता, बिजनेस एंड ट्रेड विभाग ने सीएमपीडीआई का दौरा किया और सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार तथा संस्थान के अन्य उच्चाधिकारियों से संभावित व्यापार सहयोग से संबंधित चर्चा की। सीएमपीडीआई ने खनन प्रौद्योगिकियों, सतही कोयला गैसीकरण और नवीकरणीय, स्मार्ट खनन और सुरक्षा, फ्यूजिटिव मिथेन उत्सर्जन और दुर्लभ और महत्वपूर्ण खनिजों जैसे विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के लिए पहचाने गए संभावित क्षेत्रों को प्रस्तुत किया और बातचीत के दौरान इन विषयों से संबंधित प्रश्न उठाए गए। नियाल अहर्न ने हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

### रांची में 23 थाना प्रभारियों की पोस्टिंग

**रांची।** एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने 23 थाना प्रभारी और तीन सब इंस्पेक्टरों की गुरुवार को पोस्टिंग की है। एसएसपी कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार रामेश्वर उपाध्याय पंडरा ओपी, चंद्रशेखर सिंह खेलगांव थाना, रोशन कुमार सिंह बीआईटी मेसरा, कश्यप गौतम एअरपोर्ट थाना, महेश मुंडा एसटी एससी थाना, पिंकी साव महिला थाना, मोहित कुमार सिल्ली थाना, कुंदन कुमार मुरी ओपी, दीपक सिन्हा सिकिदरी थाना, गौतम कुमार राय पिठोरिया थाना, चंदन कुमार सोनाहातू थाना, फैज रवानी राहे ओपी, राहुल को मांडर थाना, अजीम अंसारी को चान्हो थाना, विनित कुमार को ठाकुरगांव थाना, संतोष यादव को लापुंग थाना, देव प्रताप धान को नारकोपी थाना, गोविंद कुमार को मैक्लुस्कीगंज थाना, संजीव कुमार को खादगढ़ा टीओपी, अजय कुमार को दलादली टीओपी, प्रदीप कुमार राय को विधानसभा थाना और अभिषेक राय को नगड़ी थाना का कार्यकारी थाना प्रभारी बनाया गया है। सब इंस्पेक्टर चमरा मिंज को अनगड़ा थाना, शंकर राम और लक्ष्मण पूर्ति को खेलारी थाना, अभय कुमार को चुनाव कोषांग में पदस्थापित किया गया हैं।

### सीबीआई का फर्जी पेपर बना कर लोगों से पैसे की मांग कर रहे साइबर अपराधी

**रांची।** सीबीआई का फर्जी पेपर बना कर साइबर अपराधी लोगों से पैसे की मांग कर रहे हैं। इस संबंध में झारखंड पुलिस ने 0लोगों से अपील की है कि भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र और सीबीआई के नाम पर फर्जी पत्र प्रचलन में हैं। कृपया ऐसे पत्रों, ईमेल, संदेशों पर विश्वास करने से पहले स्रोत की प्रामाणिकता सत्यापित करें। वे फिशिंग हमलों का हिस्सा हो सकते हैं। साइबर अपराधियों ने सीबीआई का फर्जी ईमेल बनाया है। इस ईमेल के माध्यम से आम लोगों को कहा जाता है कि आपने नाबालिग बच्चे की तस्वीर वायरल की है। पोक्सो एक्ट के तहत आप पर कार्रवाई की जा सकती है। साथ ही अपराधियों के द्वारा यह कहा जाता है कि मामला दर्ज करने से पहले हमने निजी तौर पर आपसे संपर्क करने का निर्णय लिया।

## आज का राशिफल
**23 फरवरी 2024**

मेष : कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी।

वृष : स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।

मिथुन : महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है।

कर्क : धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुखदायी समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा।

सिंह : मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा।

कन्या : धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी।

तुला : रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी।

वृश्चिक : कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

धनु : जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। परिवारजन का सहयोग काम को बनाना आसान करेगा। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे।

मकर : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। बौद्धिक उलझनें बनी रहेंगी।

कुंभ : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

मीन : शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी।

# एचईसी कर्मचारियों ने भाजपा प्रदेश कार्यालय का किया घेराव

## 20 माह के बकाए वेतन भुगतान की कर रहे मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**




रांची। एचईसी बचाओ मजदूर जन संघर्ष समिति के बैनर तले एचईसी कर्मचारियों ने गुरुवार को हरमू बाइपास रोड स्थित भाजपा कार्यालय का घेराव किया। एचईसी को बचाने की गुहार लगाने आये कर्मचारियों की नाराजगी इस कदर थी कि उन्होंने न सिर्फ बीजेपी सांसद और विधायकों को निशाने पर लिया बल्कि केंद्र सरकार के उदासीन रवैये पर भी अपनी भड़ास निकाली। करीब 20 माह से बकाया वेतन भुगतान समेत विभिन्न मांगों के समर्थन में भाजपा प्रदेश कार्यालय का घेराव करने पहुंचे इन एचईसी कर्मियों ने कहा कि एचईसी मृतप्राय स्थिति में है और इसे बचाने के लिए स्थानीय भाजपा सांसद ने कोई पहल नहीं की है।

**एचईसी कर्मचारियों ने बीजेपी को दी चेतावनी :** बीजेपी प्रदेश कार्यालय पहुंचे कर्मचारियों ने धमकी भरे लहजे में कहा कि अगर एचईसी खत्म हो गया तो आने वाला समय बीजेपी के लिए अच्छा नहीं होगा। इससे भी बड़ा आंदोलन किया जाएगा। आठ यूनियनों ने एकजुट होकर भाजपा प्रदेश कार्यालय का घेराव किया और मौजूदा हालात के लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार एचईसी के साथ ज्यादती कर रही है। भाजपा को केंद्र में सरकार चलानी है तो एचईसी कर्मियों का ख्याल रखना होगा। आंदोलनकारी नेता दिलीप सिंह का कहना है कि अगर हालात नहीं सुधरे तो आने वाला समय बीजेपी के लिए मुश्किल होगा। आज 20 माह से कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला है। 1650 ठेका मजदूरों के काम का नवीनीकरण नहीं हुआ है, इसलिए एचईसी में काम नहीं हो रहा है। 3000 मजदूरों की आर्थिक स्थिति बेहद खराब है।

### भाजपा कार्यालय में लटका रहा ताला

एक तरफ एचइसी कर्मियों का घेराव चल रहा था तो दूसरी तरफ भाजपा प्रदेश कार्यालय में ताला लगा हुआ था। कार्यालय के बाहर पुलिसकर्मी तैनात थे और कार्यालय के अंदर मौजूद पार्टी नेता और कार्यकर्ता बाहर चल रही गतिविधियों पर नजर रख रहे थे। मुख्य द्वार से कार्यालय के अंदर किसी के भी प्रवेश पर रोक लगा दी गयी थी।

# जेएसएसपीएस के साइकलिस्ट अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बने विजेता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड राज्य खेल प्रोत्साहन सोसाईटी (जेएसएसपीएस) के दो साईकलिस्ट ने 43वीं सीनियर और 30वीं जूनियर एशियाई ट्रैक साइकलिंग चैंपियनशिप में पदक हासिल किया। सबीना कुमारी ने महिला टीम स्प्रिंत स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया। नारायण महतो ने बालक टीम स्प्रिंत वर्ग में रजत पदक प्राप्त किया। चैंपियनशिप नई दिल्ली में 21 से 26 फरवरी 2024 तक हुआ था। जेएसएसपीएस का संचालन सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड एवं झारखंड सरकार संयुक्त रूप से कर रहे हैं। इसका उद्देश्य झारखंड के प्रतिभावान बच्चों को खेल जगत में प्रोत्साहित करना है। इस प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर जेएसएसपीएस के नारायण महतो और सबीना कुमारी आगामी वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारत और झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह अगस्त, 2024 में चीन में होगा। भारतीय टीम में झारखंड के 3 (जेएसएसपीएस के 2 और 1 लोहरदगा) सहित 42 साइकिलिस्ट राइडर शामिल थे। प्रतियोगिता में 18 देशों के 600 खिलाड़ी विभिन्न स्पर्धा में भाग ले रहे हैं। इस प्रतियोगिता में नारायण महतो एवं सबीना कुमारी जेएसएसपीएस के खिलाड़ी हैं। प्रतियोगिता में पहले दिन वूमेन जूनियर टीम स्प्रिंट स्पर्धा में झारखंड की सरिता और सबीना कुमारी ने अपनी टीम को गोल्ड दिलाया। नारायण महतो ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लड़कों की स्प्रिंट स्पर्धा में सिल्वर मेडल दिलाया। पहले दिन स्वर्णिम शुरूआत के साथ एक गोल्ड सहित 4 पदक भारत को प्राप्त हुए। आगे 4 स्पर्धा बाकी है। उम्मीद की जा रही है कि नारायण महतो एवं सबीना कुमारी भारत को और पदक दिलाएंगे। ज्ञात हो कि इसके पहले भी अकादमी के खिलाड़ी ने रांची में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की 75वीं सीनियर, 52वां जूनियर एवं 38वीं सब जूनियर महिला / पुरुष / बालक एवं बालिका ट्रैक साईकलिंग राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राष्ट्रीय रिकार्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक हासिल कर चुके हैं। इस सफलता के लिए नारायण महतो एवं सबीना कुमारी ने सीसीएल प्रबंधन और राज्य सरकार को धन्यवाद दिया। कहा कि इस सफलता के पीछे कंपनी एवं सरकार का भरपूर सहयोग मिला है। भविष्य में और बेहतर करने का प्रयास करेंगे। वर्तमान में जेएसएसपीएस खेल अकादमी में 380 प्रशिक्षु हैं, जो 10 खेल विधाओं जैसे साईकलिंग, मुक्केबाजी आदि में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

### जल संसाधन विभाग में आरक्षण घोटाला: सहदेव राम

**रांची।** नेशनल फोरम ऑफ वीकर सेक्शन ऑफ द सोसाइटी के नेशनल प्रेसिडेंट डीआर सहदेव राम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि जल संसाधन विभाग में प्रोन्नति देने के मामले में आरक्षण घोटाला किया जा रहा है। विभाग के अनुसूचित जाति एवं जन जाति के अभियंताओं की प्रोन्नति मामले में देखा जा रहा है कि विभाग द्वारा जानबूझकर उनके साथ भेदभाव बरता जा रहा है। 30 दिसंबर 2023 में जेई से एई में प्रोन्नति की अधिसूचना जारी की गई। इसमें एससी के 14 जेई को वरीयता के आधार पर एई में प्रोन्नति दी गई। इसमें एससी के दो जेई को भी एई प्रोन्नति दी गई। आरक्षण के आधार पर 7 एससी कोटे के जेई एई में प्रोन्नति दी गई है।

## खबर एक नजर में

### बीआईटी मेसरा में भंडारा आज



रांची। बीआईटी मेसरा में आयोजित हनुमत प्राण प्रतिष्ठात्मक महायज्ञ शुक्रवार को भंडारा के साथ समाप्त हो जाएगा। महायज्ञ का शुभारंभ 17 फरवरी को कलश यात्रा के साथ हुआ था। 18 फरवरी को पंचांग पूजन एवं मंडप प्रवेश 19 फरवरी को बेदी पूजन एवं जलाधिवास 20 फरवरी को आरुणि मंथन हुआ। 22 फरवरी को नगर भ्रमण एवं मूर्ति की स्थापना की गई। महायज्ञ को सफल बनाने में श्री सूर्योदय संकट मोचन ट्रस्ट के संस्थापक झब्बन उपाध्याय ,अध्यक्ष शिशुपाल सिंह, उपाध्यक्ष विनीत उपाध्याय कौशल सिंह सचिव सत्येंद्र सिंह ,उपसचिव विशाल सिंह कोषाध्यक्षध्यक्ष विनोद सिंह की सक्रिय भूमिका रही।

### देवी दर्शन में वैष्णवी महोत्सव आयोजित



रांची। देव दर्शन धाम गेतलहातू में गुरुवार को एक दिवसीय वैष्णवी महोत्सव का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर से ढोल नगाड़ों के साथ सैकड़ों महिलाएं व पुरूष श्रद्धालु नगर भ्रमण में शामिल हुए। भ्रमण के दौरान महिलाएं माथे पर कलश लेकर मंदिर परिसर से निकलीं और जुमार नदी से जल लेकर वापस मंदिर पहुंचीं। कलश यात्रा के पश्चात भक्तों ने श्रद्धा के साथ प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर डॉ रंजीत कुमार, डॉ वांदना, राहुल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### लोक गायक आशुतोष की गीत लॉन्च



रांची। झारखंड के लोक गायक आशुतोष के गीत आयो चले अयोध्या धाम की लांन्चिंग गुरूवार को उप मुख्यमंत्री सह आजसू पार्टी के केंदीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने अपने आवास पर पोस्टर का अनावरण एवं यूट्यूब पर अपलोड करके किया। इस अवसर पर आजसू के केंदीय प्रवक्ता देवशरण भगत, उद्योगपति राज कुमार पोद्दार,राजीव रंजन,शुभम चौधरी, अवध कुमार, निहाल सिंह सोढी, मनप्रीत सिंह, हरीश कुमार, अजीत कुमार,शिवली अख्तर समेत कई लोग उपस्थित थे।

### लक्ष्मी नर्सिंग होम में हंगामा, डॉक्टर पर लगाया गया लापरवाही का आरोप

रांची। हिनू स्थित लक्ष्मी नर्सिंग होम में गुरुवार को काफी हंगामा हुआ। मिली जानकारी के अनुसार, एक गर्भवती महिला प्रसव के दर्द से छटपटाती रही थी। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर ने उनके ईलाज में लापरवाही बरती। महिला के अनुरोध के बाद भी डॉक्टर ने ऑपरेशन नहीं किया। इसके बाद, जब ऑपरेशन हुआ तो बच्चा मृत पैदा हुआ। इसके बाद महिला के परिजनों ने लक्ष्मी नर्सिंग होम में जमकर हंगामा किया।

### अखिल झारखंड बुद्धिजीवी मंच की बैठक आयोजित केंद्रीय समिति सदस्यों के नामों पर हुई चर्चा

रांची। आजसू पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में अखिल झारखंड बुद्धिजीवी मंच के केंद्रीय समिति के गठन को लेकर बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक की अध्यक्षता अखिल झारखंड बुद्धिजीवी के अध्यक्ष डोमन सिंह मुंडा ने की। इस बैठक में समिति के प्रारूप और सदस्यों के चयन को लेकर चर्चा की गई। बैठक को लेकर डोमन सिंह मुंडा ने बताया कि आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के निदेशानुसार यह बैठक की गई। बैठक में सदस्यों के नाम पर मंथन किया गया। जल्द ही संभावित सदस्यों की सूची हमारे द्वारा केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो को सौंपी जाएगी। बुद्धिजीवी मंच में राज्य के हर जिले, वर्ग, समुदाय का प्रतिनिधित्व देखने को मिलेगा। अपने अनुभव से मंच के सभी साथी राज्य के नवनिर्माण के लिए पार्टी द्वारा लिए गए नौ संकल्पों को पूरा करने की दिशा में नेतृत्व प्रदान करेंगे। इस बैठक में अखिल झारखंड बुद्धिजीवी मंच के केंद्रीय महासचिव मुकुंद चंद्र मेहता, कामेश्वर प्रधान, अंचल किंगर, विजय छापड़िया, कौशिक चांद, लाल बाबू पटेल मुख्य रूप से उपस्थित रहें।

### अधिकार मार्च के रातु प्रभारी बनाए गए मुरारी गुप्ता

रांची। मूलवासी सदान मोर्चा झारखंड की ओर से आगामी 27 फरवरी को मोराबादी गांधी प्रतिमा से राजभवन तक अधिकार मार्च का आयोजन किया गया है। इसे लेकर मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने रातु के लिए प्रभारी मुरारी गुप्ता, व सह प्रभारी वासुदेव महतो संजय कुमार बबलू गोप शिवकुमार साहू बनाया गया है। इसके अलावा रातू प्रखंड के अध्यक्ष और सभी पदाधिकारी को संचालन समिति में रखा गया है जो हर पंचायत में जाकर बैठक आयोजन कर मूलवासी सदान अधिकार मार्च में शामिल होने को लेकर रांची पहुंचने का आह्वान करेंगें।

# डालमिया का आरसीएफ रांची में लॉन्च

## होम बिल्डर्स तक तकनीकी उत्कृष्टता की अपनी विरासत का किया विस्तार : अग्रवाल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** डालमिया के राष्ट्रीय सेल्स हेड सुनील अग्रवाल ने कहा है कि रूफ कॉलम फाउंडेशन में सीमेंट के सही इस्तेमाल पर ग्राहकों का मार्गदर्शन और सहायता करने की जिम्मेदारी लेते हुएए डालमिया सीमेंट ने एक नई पहल की है। श्री अग्रवाल गुरूवार को आरसीएफ की लांचिंग पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि डालमिया सीमेंट अपने नये अभियान आरसीएफ स्ट्रॉन्ग तो घर स्ट्रॉन्गष के साथ अपने ब्रांड फोकस में एक बड़ा बदलाव ला रहा है। नए ग्राहक केंद्रित संदेश का उद्देश्य घर बनाने वालों और ठेकेदारों के बीच सही सीमेंट चुनने, इसका सही तरीके से इस्तेमाल करने और अपने सपनों का घर बनाने के लिए सबसे बेहतरीन निर्माण प्रणालियों का पालन करने के बारे में जागरूकता पैदा करना है।डालमिया सीमेंट को आरसीएफ एक्सपर्ट के तौर पर प्रस्तुत करने वाले इस अभियान में सुपरस?टार रणवीर सिंह नजर आयेंगे। इसे एक व्यापक मल्टीमीडिया अप्रोच के जरिए लॉन्च किया जायेगा। कंपनी के एमडी और सीईओ पुनीत डालमिया ने कहा कि पिछले आठ दशकों की हमारी शानदार यात्रा के दौरान डालमिया सीमेंट हमारे देश को उसकी बुनियाद से बनाने के लिए कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहा है।

कंपनी ने देश में तमाम नेशनल लैंडमार्क बनाने और लाखों लोगों के लिए खुशहाल घर का सपना पूरा करने में अपना अहम योगदान दिया है। व्यक्तिगत तौर पर हम अपने घरों को संजोते हैं, जिनका हमारे जीवन में गहरा मूल्य और स्थान होता है। इस प्रकारए सीमेंट और तकनीकी विशेषज्ञता के सही इस्तेमाल के साथ ऐसी पीढ़ीगत संपत्ति का निर्माण न केवल घर की मजबूती सुनिश्ति करता हैए बल्कि जीवन भर के निवेश का भी प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने कहा कि हमारा नया ब्रांड अभियान न केवल एक प्रतिष्ठित विरासत को प्रदर्शित करता हैए बल्कि उपभोक्ता कल्याण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता भी दर्शाता है। यह एक मूल संदेश देता है कि उचित देखभाल के साथ घर बनाने का मतलब इसे आने वाली पीढ़ियों के लिए बनाना है। डालमिया सीमेंट,भारत लिमिटेड के सीईओ समीर नागपाल ने कहा कि हमारा मानना है कि ब्रांड को उपभोक्ताओं के जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिये। ताकि वे सही जानकारी पर आधारित विकल्प चुन सकें। डालमिया सीमेंट ने पिछले कुछ सालों में सीमेंट बनाने की प्रोप्राइटरी तकनीकी जानकारी विकसित की है, जो रूफ कॉलम और फाउंडेशन के लिए इसे सबसे उपयुक?त सीमेंट बनाती है। रूफ कॉलम और फाउंडेशन किसी भी घर की संरचना में सबसे महत्वपूर्ण घटक होते हैं। इस अवसर पर श्रीकांत वर्मा व गिरिश रंजन भी उपस्थित थे।

# आरकेडीएफ विश्वविद्यालय रांची में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** आरके डीएफ विश्वविद्यालय में गुरूवार को (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इन मैनेजमेंट कॉन्सेप्ट एंड प्रैक्टिसेस) विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलन कर किया गया। मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर सुचितांग्शू चटर्जी द्वारा स्वागत भाषण देते हुए कहा कि हमें अपनी बुद्धिमत्ता का प्रयोग सही दिशा में करनी चाहिए तभी सफलता प्राप्त की जा सकती है। मुख्य अतिथि प्रदीप कुमार हजारी विशेष सचिव सह सलाहकार कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग ने कहा की मशीन और मानव दोनों को अलग दशार्ने में भावनाएं सर्वोपरि है,मशीन में भावनाएं नहीं होता है। डॉ केके सेनापति सहायक प्रोफेसर कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग बीआईटी मेसरा ने कहा कि व्यक्ति को अपने अंदर हमेशा नवीनतम गुणों को ग्रहण करते रहना चाहिए तभी वह समाज को सही दिशा देने में समर्थ हो पाएगा। मंच संचालन डॉ पंकज चटर्जी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ अनिता कुमारी ने किया।

# इंडियन सोसाइटी फॉर ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट के पूर्वी क्षेत्रीय सम्मेलन के आयोजन में आयी तेजी

## दो दिवसीय सम्मेलन की शुरुआत 19 अप्रैल से सीसीएल दरभंगा हाउस में, आईआईएम बना नॉलेज पार्टनर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** इंडियन सोसाइटी फॉर ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट (आईएसटीडी) का दो दिवसीय पूर्वी क्षेत्रीय सम्मेलन 19 और 20 अप्रैल को सीसीएल, दरभंगा हाउस, रांची के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित किया जाएगा। आईआईएम, रांची इस पूर्वी क्षेत्रीय सम्मेलन का नॉलेज पार्टनर है। सम्मेलन का विषय एमपावरिंग एचआर फॉर इमब्रेसिंग नींव टेक्नोलॉजी फॉर सस्टनेबल डेवलपमेंट है। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण एक उप-विषय होगा जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड नींव विस्टास ऑफ टेक्नोलॉजी इन ह्यूमन रिसोर्सेस (मानव संसाधनों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और प्रौद्योगिकी के नए दृष्टिकोण) है। यह मानव संसाधन पेशे में एक नया विषय है जो विशेष रूप से प्रतिभागी दर्शकों को मानव संसाधन क्षेत्र में नए बदलावों के बारे में बताएगा। राजधानी रांची में प्रतिष्ठित इंडियन सोसाइटी फॉर ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट (आईएसटीडी) के पूर्वी क्षेत्रीय सम्मेलन के आयोजन के लिए एक बैठक सीसीएल, दरभंगा हाउस, रांची के सम्मेलन कक्ष में एच एन मिश्रा, निदेशक कार्मिक, सीसीएल, की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

अरुण कुमार शुक्ला, पूर्व-सीएमडी, एचसीएल और इस सम्मेलन की संचालन समिति के प्रमुख और डॉ कामाक्षी रमन कार्यकारी निदेशक, आईआईसीएम और सह-अध्यक्ष सम्मेलन आयोजन समिति भी बैठक में उपस्थित थे। इंडियन सोसाइटी फॉर ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट, रांची चैप्टर का यह मेगा इवेंट राजधानी शहर में होगा जो मानव संसाधन विकास के क्षेत्र में शैक्षणिक अनुभव और ज्ञान साझाकरण को समृद्ध करेगा। इस सम्मेलन में राष्ट्रीय स्तर के और मानव संसाधन विकास के क्षेत्र में बड़े ख्याति प्राप्त कुछ प्रमुख वक्ताओं के भाग लेने की उम्मीद है। सम्मेलन से मानव संसाधन विकास के क्षेत्र में काम करने वाले पेशेवरों के साथ-साथ रांची और उसके आसपास चल रहे विभिन्न सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों के छात्रों और शिक्षाविदों को भी बहुत लाभ होगा, जो सम्मेलन में भाग ले सकते हैं और ज्ञान साझाकरण सत्र से लाभ उठा सकते हैं। आईएसटीडी के राष्ट्रीय परिषद सदस्य और पूर्व जीएम आईआईसीएम एन के ओझा, जो मुख्य रूप से आईएसटीडी रांची चैप्टर के सहायक और मार्गदर्शन हैं, ने 19 और 20 अप्रैल को आयोजित होने वाले सम्मेलन का विस्तृत कार्यक्रम प्रस्तुत किया। उन्हें आईएसटीडी के एक अन्य राष्ट्रीय परिषद सदस्य रमन बल्लभ द्वारा सहायता प्रदान की गई। बैठक में जी डी गुलाब (पूर्व निदेशक कार्मिक, महानदी कोल फील्ड्स), डॉ प्रभास चंद्र मिश्रा (पूर्व कार्यकारी प्रमुख, आईआईसीएम) एसके सेनापति, उप महाप्रबंधक, एनटीपीसी, रश्मी दयाल, पूर्व-जीएम (कार्मिक) सीसीएल, डॉ हरि हरण (पूर्व-जीएम एमटीआई सेल) एसके ठाकुर, जीएम सीसीएल डॉ अमर तिग्गा, डीन एक्सआईएसएस, रांची, शिवाजी कुमार, सचिव, आईएसटीडी, मिथिलेश उपाध्याय, प्रिंसिपल आईटीआई, मैती, आशुतोष मिश्रा, कोषाध्यक्ष, आईएसटीडी, मोहित जैन, आईआईसीएम, रेखा पांडे और अर्चना सिन्हा उपस्थित थे। यह जानकारी पूर्वी क्षेत्रीय सम्मेलन के मीडिया समिति सदस्य विवेक कृष्ण द्वारा प्रदान की गई।

# मधुस्मृति में 25 को होगा टीआरएल के पूर्ववर्ती छात्रों का महाजुटान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय में 25 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी गुरूवार को संवाददाताओं से बात-चीत करते हुए टीआरएल संकाय के समन्वयक डॉ हरि उराँव ने कहीं। उन्होंने कहा कि जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग की स्थापना 1980 में हुई,विभाग खुलने के 43 वर्षों के पश्चात पहली बार पूर्ववर्ती छात्रों का जुटान होने जा रहा है। यह जुटान एक एतिहासिक पल व दिन होगा जब सारे लोग एक साथ मिलेंगे और अपना अपना अनुभव आपस में साझा करेंगे। उन्होंने कहा कि आज हमारे विभाग के छात्र छात्राएँ राज्य व देश के विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत हैं जो सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों से आते हैं। कार्यक्रम का उदघाटन रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजित कुमार सिन्हा करेगें। इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत, पंजीकृत पूर्ववर्ती छात्रों को सम्मानित करना, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन के साथ ही साथ पारम्परिक खान पान की भी व्यवस्था की गयी है। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अब तक लगभग चार सौ पूर्ववर्ती छात्र-छात्राओं ने पंजीयन कराया है। इस मौके पर टीआरएल संकाय के डॉ सविता केशरी, डॉ खालिक अहमद, डॉ उमेश नंद तिवारी, डॉ किशोर सुरीन, कुमारी शशि, डॉ गीता कुमारी सिंह, डॉ बन्दे खलखो, मनय मुण्डा, बन्धु भगत, करम सिंह मुण्डा, डॉ बीरेन्द्र कुमार महतो, डॉ रीझू नायक, डॉ दिनेश कुमार, तारकेश्वर मुण्डा, सुखराम उराँव, लक्ष्मण उराँव, युवराज साहु, श्रीकांत गोप, बबलू कुमार, संदीप कुमार महतो, माणिक कुमार, चाणक्य कुमार, श्याम कुमार यादव, शीला कुमारी, प्रियंका उराँव, सरिता कुमारी के अलावा आयोजन समिति के अन्य सदस्य मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## रातू : बिजली चोरी पर चार के खिलाफ प्राथमिकी

**रातू।** विद्युत उर्जा विकास निगम के निर्देश पर बिजली चोरी के खिलाफ विभाग के कनीय अभियंता रंजीत कुमार की अगुआई में चलाये गये छापेमारी अभियान के दौरान मुरगू में चार लोगो को अवैद्य रूप से बिजली का उपयोग करते पकड़ा गया। आरोपियों में रुपा कुमारी, मनोज कुमार, ज्योति सिन्हा व सोहन कुमार शामिल हैं। इन पर क्रमशः 16556, 12417, 8278 हजार का जुर्माना लगाया गया है। इनके घर से उपयोग में लाये जा रहे बिजली तार आदि सामान भी जब्त किये गये हैं। श्री कुमार ने चारों के खिलाफ रातू थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी है। अभियान में इटकी के कनीय अभियंता अशोक प्रिय, सफरुद्दीन अंसारी, विवेक द्विवेद्वी व अलोक सिंह आदि थे। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

## ठाकुरगांव थाना के नये थाना प्रभारी ने पदभार ग्रहण किया

**ठाकुरगांव।** ठाकुरगांव थाना के नये थाना प्रभारी विनीत कुमार ने गुरुवार को पदभार ग्रहण किया। उन्हें निवर्तमान थाना प्रभारी अमरेन्द्र कुमार ने पदभार सौंपा। विदित हो कि पूर्व थाना प्रभारी का तबादला लातेहार जिला में पूर्व में हो चुका है। पदभार लेने के बाद थाना प्रभारी विनीत कुमार ने कहा कि क्षेत्र में अमन बहाल करना उनकी प्राथमिकता होगी। मौके पर हेमंत कुमार बसंत मुंडा मुखिया दशरथ उरांव कुशेन्द्र पाहन मौजूद थे।

## सोनाहातू अंचल में नये अंचलाधिकारी ने लिया पदभार

**सोनाहातू।** गुरुवार को सोनाहातू अंचल में नयें अंचलाधिकारी मनोज महथा ने पदभार ग्रहण किये। इस अवसर पर इन्होंने कहा कि अंचल में भूमि विवाद की समस्या को खत्म करने की प्रयास होगी।लोगो को सुलभ सेवा देने का प्रयास होगा। ज्ञात हो कि सोनाहातू बीडीओ खगेश कुमार अक्टूबर 2023 से अतिरिक्त प्रभार में थे। नये अंचलाधिकारी के आने से लोगो को अंचल से सम्बंधित कार्यो के निबटारा में सहूलियत होगी।

## जेजेएमपी ने आलोक यादव को संगठन से निकला

**खलारी।** जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के प्रभात जी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि बालूमाथ प्रखण्ड के भगिया पंचायत भगिया निवासी आलोक यादव जेजेएमपी संघठन से जुड़े थेए लेकिन उनके कार्य प्रणाली ठीक नहीं थी। झारखंड जनमुक्ति परिषद संगठन के नीति सिद्धान्तों के विरुद्ध कार्य करने का आरोप लगने के बाद उन्हें संगठन से निकाला गया है। प्रेस विज्ञप्ति जारी कर उन्होंने कहा कि आलोक यादव क्षेत्र में जेजेएमपी संगठन व प्रभात जी के नाम से ईंट भट्ठा संचालकों, जमीन कारोबारियों, कोयला लिफ्टर, ठेकेदार अन्य को धमकी दे रहा है और पैसों की मांग कर रहा है। जारी विज्ञप्ति में स्वयं को जेजेएमपी संगठन के जोनल कमांडर बताने वाले प्रभात जी ने लातेहार के बालूमाथ, चंदवा पूर्वी, बरियातू, हेरहंज, चतरा के टंडवा, पिपरवार, केरेडारी, रांची के खलारी, मैक्लुस्कीगंज अन्य जगहों को अपना क्षेत्र बताया है।

### गरीबों को नहीं, समर्थ लोगों को मिल रहा अबुआ आवास

# अबुआ आवास के लिए ओरमांझी की हरिजन महिलाओं का प्रदर्शन

**अबुआ अवास लाभुकों के चयन में गड़बड़ी का आरोप**

खबर मन्त्र संवाददाता



ओरमांझी मुख्यालय के समक्ष प्रदर्शन करतीं हरिजन महिलाएं।

**ओरमांझी।** प्रखंड में अबुआ अवास लाभुक चयन में जमकर गड़बड़ी को लेकर लगातर विरोध प्रदर्षन हो रहे हैं। ओरमांझी पंचायत में भी अबुवा आवास चयन में गड़बड़ी के खिलाफ गुरूवार को हरिजन महिलाओं द्वारा विरोध प्रदर्षन किया गया। विरोध प्रदर्षन में शामिल कई महिलाएं अपने छोटे-बच्चों को गोद में लेकर पहुंची थी। बताया गरीब जरूरतमंदो को अबुआ आवास नही देकर सामर्थ लोगों को योजना का लाभ दिया जा रहा है। ओरमांझी में तो एक परिवार में दो-दो लोगों को अबुआ आवास योजना के लिए चयनित किया गया है। योजना में लाभुकों के चयन में गड़बड़ी से नाराज ओरमांझी के वार्ड सदस्य माना देवी के नेतृत्व में गुरूवार के हरिजन टोली ओरमांझी की वार्ड सदस्य के साथ प्रदर्षन में शामिल मनी देवी, गायत्री देवी, सविता देवी, सुकरो देवी, निमकी देवी, सिरको देवी, आशा देवी कृष्ण प्रजापति, सोनिया देवी, सुनीता देवी व सीता देवी सहित कई महिलाओं ने ओरमांझी पंचायत में हुई गड़बड़ी की जानकारी देते हुए बताया कि लगभग 40 वर्ष पूर्व ओरमांझी में इंदरा आवास निर्माण कर हरिजन कॉलोनी बसाया गया था। कॉलोनी में लगभग सभी का आवास जर्जजर हो चूके हैं। मजदूरी कर किसी प्रकार जीवन बसर कर रहे हैं। नया अवास बनाना तो दूर, वे अपने आवास का मरमत कराने में भी असमर्थ हैं। काफी प्रयास के बाद नया पीएम आवास नही मिला। अब सकार आपके द्वारा से उम्मीद थी। फार्म भरे लिस्ट में भी नाम है। लेकिन आवास चयन में बंदरबाट किया गया। महिलाओं द्वारा जरूरतमंद गरीबों को आवास दिलाने व जांच कर कार्रवायी करने की मांग की गई है।

## अबुआ आवास योजना में अधिकारियों पर अनदेखी का आरोप

**खलारी।** खलारी प्रखण्ड में अबुआ आवास योजना पर ग्रामीणों ने भारी आरोप लगाते हुए हुटाप पंचायत के ग्रामीणों ने प्रखण्ड का दरवाजा खटखटाया। जानकरी के अनुसार हुटाप पंचायत के भैसादोईन जोराकाठ हुटाप बस्ती के ग्रामीणों ने अधिकारियों की अनदेखी का आरोप लगाया। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि हुटाप पंचायत के अनेको ग्राम में अबुआ आवास योजना में उन लोगों को चयन किया गया। जो पूरी तरह से संपति साधन से प्राप्त है। पंचायत के कुछ ग्रामीणों के मिलीभगत से धनवान लोगो को अबुआ आवास मिल गया है। और जो मिट्टी के घर में रह कर जीवन यापन कर रहे है। कहीं कही तो कुछ ग्रामीण का कच्चा घर भी गिर रहा है। उस पर अब तक कोई अधिकारी मुआयना करने नही पहुँचे है। जिससे आहत होकर गरीब ग्रामीणों ने खलारी प्रखण्ड का दरवाजा खटखटा कर प्रखंड विकास पदाधिकारी से शिकायत किया गया। खलारी बीडीओ संतोष कुमार ने जांच कर कार्रवाई करने की बात कही।

एक नजर में

## इटकी में विकास योजनाओं का विधायक ने किया शिलान्यास



**इटकी।** विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने गुरुवार को इटकी प्रखंड में दो विकास योजनाओं का विधिवत शिलान्यास किया। कुर्गी पंचायत के सेमरा गांव स्थित जतरा मैदान में विधायक मद से करीब आठ लाख की प्राक्कलन राशि से स्टेज निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। जबकि चिनारो पुरियो पंचायत के सुगदा गांव में जिला परिषद योजना के तहत डीएमएफटी मद से 29 लाख के प्राक्कलन राशि से राजकीयकृत उत्कर्मित उच्च विद्यालय के चार कमरों के भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मौके पर जिप सदस्य रीना देवी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रमेश महली, सन्नी लकड़ा, बलराम गोप, ताहिर अंसारी, अजय गोप, मोहित गोप, विष्णु महली, राजन किस्पोट्टा सहित अन्य मौजूद थे।

## अभिनेत्री ऋशिता भट्ट ने दिउड़ी मंदिर में टेका मत्था



**तमाड़।** प्रखंड स्तिथ प्राचीनकालीन सोलहभुजी दिउड़ी मंदिर अभिनेत्री ऋशिता भट पहुंची। ऋशिता भट गुरुवार कि सुबह दस बजे मंदिर परिसर पहुंचे। मंदिर के वरिष्ठ पुजारी मनोज पंडा ने उनका पूजा अर्चना कराया। मंदिर परिसर में अभिनेत्री के पहुंचने कि खबर फैलते ही अभिनेत्री संग सेल्फी लेने कि भीड़ लग गयी। लगभग आधे घंटे मंदिर परिसर में रुकने के बाद ऋशिता भट रवाना हुई।

## पिपरवार के नये थाना प्रभारी ने दिया योगदान



**पिपरवार।** पिपरवार थाना के 23वें थाना प्रभारी के रूप में प्रशांत मिश्रा ने योगदान दिया। पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अपराध पर नियंत्रण लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिपरवार थाना क्षेत्र के आम और खास लोगों की अपेक्षाओं को पूरा किया जाएगा।

### कोरोना काल में लोगों की सेवा के लिए सांसद ने किया सम्मानित

**ब्रजेश शर्मा को अंग वस्त्र प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित**

शेख मुजिबुल

**रातू।** वैश्विक महामारी कोरोना के दौरान जान जोखिम में डाल मरीजों की सेवा करने वाले चर्चित स्वास्थ्य कार्यकर्ता व समाजसेवी ब्रजेश शर्मा को सांसद संजय सेठ ने अपने आवास में प्रशस्ति पत्र और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इससे वह बेहद उत्साहित हैं। बरियातू के रहने वाले श्री शर्मा रातू के पिर्रा में संचालित शिव सरस्वती क्लिनिक के प्रोपराइटर हैं। राजधानी के चिकित्सकों की मदद से जरूरतमंदों को दवाए रक्तदान व स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का समाधान इनकी दिनचर्या है। मृदुभाषी और हंसमुख स्वभाव के धनी श्री शर्मा ग्रामीण क्षेत्र में काफी लोकप्रिय हैं। वह चौबीस घंटे सामाजिक कार्यों में लगे रहते हैं। मौके पर महिला एवं बाल विभाग सांसद प्रतिनिधि कुमुद झा, कांके विधान सभा सांसद प्रतिनिधि मनोज साहू, पंडरा मंडल भाजपा अध्यक्ष सुवेश पांडेय, किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश शाह व भाजपा नेता अरुण कुमार मौजूद थे।



**इन्होंने भी दिया सम्मान**

स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, पद्मश्री अशोक भगत व मधु मंसूरी, एकल राष्ट्रीय अभियान प्रमुख डॉ ललन शर्मा, हटिया विधायक नवीन जायसवाल, कांके विधायक समरीलाल, पूर्व विधायक डॉ जीतूचरण राम, डॉ सुमन, डॉ प्रदीप वर्मा, सीमा शर्मा, डॉ गौतम झा, डॉ एवी मिश्र, डॉ सत्यजीत कुमार शर्मा, सुबोध सिंह गुड्डू, बुढ़मू के जिला परिषद सदस्य मनोज बाजपेयी तथा प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष सुखदेव उरांव।

## इटखोरी महोत्सव में शामिल हुए भाजपा कार्यकर्ता

**पिपरवार।** भारतीय जनता पार्टी पिपरवार मंडल संजीव कुमार मिश्रा के नेतृत्व में कई भाजपा कार्यकर्ता इटखोरी महोत्सव समापन समारोह में शामिल हुए। जहां पर उन्होंने चतरा सांसद सुनील सिंह एवं सिमरिया विधानसभा के विधायक किशुन कुमार दास से मुलाकात कर इटखोरी महोत्सव का आनंद लिया। मौके पर भी पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्राए अच्छेवत पांड, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष राजेश महतो शक्ति केंद्र प्रमुख धनराज भोगता मौजूद थे।



# अधिकार मिलने तक जारी रहेगा संघर्ष

**फसलों के नुकसान पर मुआवजा के लिए विशाल जनसभा**

**चान्हो।** प्रखंड के चुटियो फुटबॉल मैदान में गुरूवार को जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी के नेतृत्त्व में एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। मौके पर उन्होंने कहा कि हमारे फसलों को जो नुकसान हुआ है उसकी भरपाई के लिए हम लोगों को पुरजोर आंदोलन करना होगा। क्योंकि सरकार की तरफ से जो मुआवजा राशि निर्धारित की गई है वह न काफी है। साथ ही बहुत सारे ऐसे किसान हमारे क्षेत्र में है जो खेती तो करते हैं किंतु जमीन दूसरे की होती है। वैसे किसानों के लिए कोई प्रावधान नहीं है। हमें मिलकर ऐसे किसानों के हक दिलाने के लिए भी संघर्ष करना पड़ेगा। मौके पर मौजूद जन समूह ने भी उनके साथ स्वर मिलाकर कहा कि अधिकार मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा। जरूरत पड़े तो प्रखंड कार्यालय का घेराव भी किया जाएगा।

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के पत्रांक–185, दिनांक–01.02.2024 द्वारा आमंत्रित ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं0–11/2023-24/RWD/EE/HAZARIBAG, दिनांक–01.02.2024, जिसका PR No-317644 Rural Work Department (23-24)D से प्रकाशित निविदा में निम्नवत् संशोधन की जाती है–

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 26.02.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 04.03.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक ।
3. निविदा खोलने की, तिथि, एवं समय–05.03.2024 पूर्वाह्न 5.30 बजे।

शेष सभी शर्तें यथावत रहेगी ।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

PR 319994 (Rural Work Department) 23-24 (D)

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग

# केक काट इटकी-नगड़ी का मना स्थापना दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता



**इटकी।** इटकी प्रखंड का 16 वां स्थापना दिवस दो अलग अलग स्थानों में कार्यक्रम आयोजित कर मनाया गया। मौके पर केक काटा गया। प्रखंड मुख्यालय सभागार में गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख किरण उरांवए बीडीओ गौतम प्रसाद साहू व उप प्रमुख परवेज राजा ने संयुक्त रूप से प्रखंड स्थापना दिवस केक काटा और बधाई दी। इससे पूर्व जिप सदस्य रीना देवी ने स्थापना दिवस कार्यक्रम का बहिष्कार करते हुए कहा कि प्रखंड के स्थापना दिवस पर प्रखंड के जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों व आंदोलनकारियों की अनदेखी करना बड़ी दुख की बात है। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि स्थापना दिवस प्रखंड के अधिकारी व कर्मचारियों के बीच ही सिमट कर रह गया है। इधर भाजपा मंडल अध्यक्ष राजकुमार तिर्की के आवास परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर शामिल हुई। उन्होंने कहा कि गांव का विकास प्रखंड से होता है। परंतु प्रखंड स्थापना के 15 वर्ष गुजर जाने के बाद भी सभी विभागों का स्थापना नहीं होने से ग्रामीणों को प्रखंड का पूरा पूरा लाभ नहीं मिल रहा है। उन्होंने प्रखंड में कृषि, स्वास्थ्य, कल्याण, बाल विकास सहित अन्य विभागों की स्थापना यथाशीघ्र किये जाने की मांग सरकार से की।

**कार्यक्रम में ये लोग थे मौजूद**

मौके पर गंगोत्री कुजूर ने इटकी पूर्वी पंचायत मुखिया रीता देवी, पुष्पा देवी, सारणी सांगा, मंजू देवी, सजदा खातून व सबिता कुमारी को सम्मानित किया। कार्यक्रम में भोगेन सोरेन, मुर्तजा आलम, राजेश्वर महतो, संजय महतो, बिनोद मिंज, अबुमाज, अबरार इमाम, हेमंत एक्का, शैम्पू प्रसाद, मजाज अहमद, रहीस मालिक, टुडू, अबरार इमाम, संजय कुमार, शाह फैसल, रंजन कुमार, धर्मदास टोप्पो, अजीत कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## नगड़ी का मना 15वां स्थापना दिवस

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी प्रखंड निर्माण संघर्ष समिति के द्वारा गुरुवार को नगडी प्रखंड का 15वाँ स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया मौके समिति के लोगों के द्वारा क्षेत्र के दर्जनों गरीब महिलाओं के बीच साड़ी और लड्डू वितरण किया गया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि नगडी प्रखंड के कारण विकास नगड़ी का विकास हुआ है। प्रखंड के कुछ विभाग का कार्य रातू प्रखंड से किया जा रहा है ये विभाग शीघ्र नगड़ी प्रखंड निर्माण संघर्ष समिति प्रदेश सरकार से मांग करती है सभा का अध्यक्षता समिति के अध्यक्षता सह मंच संचालन समाजसेवी शहीद अहमद ने किया। मौके पर प्रेम प्रकाश शाहदेव ए कांग्रेस ग्रामीण जिला उपाधयक शहीद अहमद, जिप सदस्य पूनम देवी, प्रखंड प्रमुख मदुवा कच्छप बीडीओ दीपाली भगत मौजूद थे।

जिला अभियंता का कार्यालय जिला परिषद, खूँटी

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई० टेन्डर रिफरेन्स नम्बर – DOPR/DE/KHUNTI/32/2023-24

| क्र. | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्रा० राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | कर्रा | घुनसुली पंचायत अन्तर्गत चांपी ग्राम मुख्य पथ से हनुमान मंदिर तक पी०सी०सी० पथ निर्माण कार्य। | 3988353.00 | 80000.00 | 5000.00 | 03 माह |

नोट :–
1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समयः– 23.02.2024 के अपराहण 05:00 बजे।
2. ई–निविदा डालने की अंतिम तिथि :– 02.03.2024 के अपराहण 05:00 बजे तक।
3. ई–निविदा की परिमाण विपत्र एवं अग्रधन की राशि ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः– 02.03.2024 के अपराहण 05:00 बजे तक (e-Procurement Portal-jharkhandtenders.gov.in)
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 04.03.2024 अपराहण 04:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430752050
7. जिला परिषद, खूँटी / RWD के समुचित श्रेणी का निबंधन ही मान्य होगा।
8. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुरूप ही अग्रधन की राशि (ऑनलाईन) जमा करना होगा एवं इस संबंध में में कोई दावा मान्य नहीं होगा।
9. अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह०/–
जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी।

PR.NO.320002 District(23-24):D

### ओरमांझी : देवी मंडप डहू के वार्षिकोत्सव पर कलश यात्रा

**कलश यात्रा में 251 महिलाएं हुईं शामिल**

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** श्रीश्री देवी मंडप डहू, बरटोली की प्राण प्रतिष्ठा वार्षिक महोत्सव को लेकर गुरुवार को गांव की 251 महिलाओं द्वारा कलष यात्रा निकाली गई। मंदिर परिसर से गाजेबाजे के साथ निकली कलस यात्रा सपाही नदी जलाशय पहुंची। मुख्य यज्ञाचार्य सतीश पाठक के द्वारा विधिवत पूजन व मंत्रोच्चार के साथ कलश में जलभर वाया गया। जिसके बाद ग्राम भ्रमण करते हुए सभी देवी मंडप वापस पहुंचे। इस दौराना कलश यात्रा में शामिल नवयुवकों द्वारा मां दुर्गा की जयकारा लगा रहे थें। उत्तर प्रदेश झांसी की कथा वाचक आराध्या दीदी द्वारा संध्या में आयोजित भागवत कथा के माध्यम से मनुष्य जीवन के महत्व व मानव जीवन को सार्थक बनाने की जानकारी दी गई। शुक्रवार को वेदी पुजन, अखंड हरिकीर्तन व प्रवचन के बाद आरती व प्रसाद वितरण होगा। इसकी जानाकरी देते हुए आयोजन समिति के अध्यक्ष भुनेष्वर महतो ने बताया शनिवार को वेदी पूजन, हवन के बाद पूर्णहुति किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, प्रमुख अनुपमा देवी, आरटीसी कॉलेज के निदेशक पारसनाथ महतो, सचिव राम एकबाल तिवारी, कोषाध्यक्ष सुरेश महतो, मुख्य संरक्षक सोनालाल महतो, बलराम महतो, नागेश्वर महतो, कुलेश्वर ठाकुर, महेश्वर मेहता, मुख्य पुजारी जगनू पाहन, करमु मुंडा, अनिल महतो, दिलीप महतो, राजेश्वर महतो, साहवीर महतो के अलावा सैकड़ों की संख्या में माता के भक्तगण शामिल थे।



ओरमांझी में कलश यात्रा में शामिल महिलाएं।

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़

ई–अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सं० :– RE- 01/RDSD/RAMGARH/14/2023-24(2nd Call)
1.कार्य की विस्तृत विवरणी :– DMFT मद अन्तर्गत।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड | पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (रू०) | अग्रधन की राशि (रू०) | निविदा शुल्क (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | RE-01/RDSD/RAMGARH/DMFT/01/2023-24 | गोला | सरगडीह | सोकला रेलवे क्रॉसिंग से उलादाका तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। (1.5 कि०मी०) | 13918900 | 279000 | 10000 | |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक 27.02.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 27.02.2024 से 07.03.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 12.03.2024 अपराह्न 02:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।
7. ई निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– 9430154806
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,रामगढ़

PR 320069 Rural Work Department(23-24).D

# इंटरनेट पर बंदिश सही या गलत

**कि**सान आंदोलन के चलते हरियाणा व पंजाब में इंटरनेट पर लगी पाबंदी से एक बार फिर सवाल उठा है कि क्या कानून-व्यवस्था बनाये रखने के नाम पर लाखों नागरिकों का जीवन बाधित किया जा सकता है? सही मायनों में आधुनिक युग में इंटरनेट जीवन प्रवाह का पर्याय बनकर उभरा है। यहां तक कि एक मामले में सुप्रीम कोर्ट भी टिप्पणी कर चुका है कि इंटरनेट के माध्यम से सूचना तक पहुंच भारतीय संविधान के तहत दिया गया एक मौलिक अधिकार है। एक मामले में कोर्ट ने कहा कि यदि सरकार कानून व्यवस्था के नाम पर इंटरनेट के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाती है तो वह अस्थायी, एक दायरे में सीमित, कानूनी तौर पर वैध और अपरिहार्य होना चाहिए। एक संसदीय समिति ने भी अपनी रिपोर्ट में इंटरनेट प्रतिबंध से जुड़े सरकार के फैसलों पर सवालिया निशान लगाते हुए इस मामले में ज्यादा पारदर्शिता अपनाने की जरूरत बतायी। हालांकि, अक्सर सरकार की दलील होती है कि यह प्रतिबंध सुरक्षा-कानून व्यवस्था को बनाये रखने के लिए लगाया गया। वैसे भारत समेत दुनिया के तमाम देशों में यह बहस पुरानी है कि इंटरनेट पर प्रतिबंध कब और क्यों लगाया जाना चाहिए। दरअसल, इससे न केवल नागरिकों की दिनचर्या बुरी तरह प्रभावित होती है बल्कि कारोबार को भी करोड़ों का नुकसान उठाना पड़ता है। आजकल जब छात्र बोर्ड की परीक्षाओं में लगे हैं तो उनकी परेशानियों का अंदाजा लगाना कठिन नहीं है। देश के विभिन्न भागों में गाहे-बगाहे लगने वाले इंटरनेट प्रतिबंधों को दुनिया में बड़ी गंभीरता से लिया जाता है और इसे गैर-लोकतांत्रिक कदम के तौर पर देखा जाता है। हाल के वर्षों में भारत में इंटरनेट पर प्रतिबंध लगाने की प्रवृत्ति इतनी अधिक देखी गयी है। एक समय था कि सड़कों पर आवाजाही बंद होने और परिवहन सेवा-बाजार बंद होने को जन-जीवन ठप होना कहा जाता है, लेकिन यदि आज इंटरनेट बंद हो जाने से सही मायनों में जन-जीवन ठप हो जाता है। अभिव्यक्ति और मनोरंजन से इतर इंटरनेट सेवा बंद होने से सबसे बड़ी आर्थिक चोट पहुंचती है। एक घंटे इंटरनेट बंद होने से करोड़ों का नुकसान होता है। एक तरफ तो सरकार डिजिटल इंडिया की कामयाबी पर इतराती है। लोगों को ज्यादा से ज्यादा बैंकिंग, कारोबार, लेन-देन और पढ़ाई को ऑनलाइन करने की दुहाई देती है। वहीं दूसरी ओर इंटरनेट पर प्रतिबंध लगा देने को कहां तक जायज ठहराया जा सकता है। भले ही इंटरनेट और अन्य कंपनियों में पश्चिमी देशों के अपने आर्थिक हित निहित होते हैं। उनके मानवाधिकार के पैमाने अपने होते हैं। अमेरिका में अश्वेत आंदोलन के दौरान इंटरनेट पर अपरोक्ष रूप से प्रभाव डाला गया। एक पर्यावरण आंदोलन के दौरान ब्रिटेन में भी प्रतिबंध देखा गया, लेकिन इसके बावजूद उनका तर्क होता है कि इंटरनेट शटडाउन गैर-कानून और मानवाधिकारों का उल्लंघन है। भारत में खासकर जम्मू-कश्मीर में लंबे-लंबे इंटरनेट प्रतिबंधों पर वैश्विक स्तर पर सवाल उठते रहे हैं। वहीं सरकार का तर्क होता है कि प्रतिबंध की वजह चरमपंथियों के विरुद्ध होने वाले अभियान, अशांति फैलाने व राष्ट्रविरोधी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के मकसद से लगाया जाता है। पर आलोचक इन तर्कों को सही नहीं ठहराते हैं क्योंकि इससे किसी के मौलिक अधिकारों का अतिक्रमण होता है। साथ ही यह भी कि इसके फायदे कम और नुकसान ज्यादा होते हैं। लंबे प्रतिबंध से जहां करोड़ों लोग प्रभावित होते हैं, वहीं अरबों रुपये का नुकसान भी होता है। विगत में देखा गया है कि नागरिकता संशोधन विधेयक, किसान आंदोलन और कश्मीर में कई मौकों पर लंबे इंटरनेट प्रतिबंध लगे। जहां एक ओर राजनीति प्रेरित इंटरनेट प्रतिबंध की आलोचना होती है और इसे लोकतंत्र के लिये चुनौती बताया जाता है, वहीं सरकार दुष्प्रचार और साइबर हमलों को रोकने की दलील देती है। पश्चिमी देश मानते हैं कि साइबर स्पेस लोकतांत्रिक मूल्यों को बढ़ावा देने वाला होना चाहिए। वहीं कुछ सरकारें सोशल मीडिया कंपनियों की वजह से छोटे देशों के लोकतंत्र पर आने वाले खतरों की जवाबदेही तय करने की बात भी करती हैं।

# किसानों को बाजार की जरूरत, दान की नहीं!





-संजीव चोपड़ा

**पिछले** तीन भारत रत्न वास्तव में भारत के किसानों की उद्यमशीलता की भावना का सम्मान है। भारत रत्न पाने वाली तीनों हस्तियां- दो पूर्व प्रधानमंत्रियों चरण सिंह और पीवी नरसिम्हा राव के साथ-साथ हरित क्रांति के जनक वैज्ञानिक प्रशासक डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन- कृषि के साथ-साथ किसानों के कल्याण से गहराई से जुड़ी थीं और इसके प्रति व्यक्तिगत रूप से प्रतिबद्ध थीं। स्वामीनाथन का योगदान काफी जाना-माना है, लेकिन उस राजनीतिक अर्थव्यवस्था के संदर्भ को समझना भी उतना ही महत्वपूर्ण है जिसमें हरित क्रांति सफल रही थी। यह चरण सिंह ही थे जिन्होंने नेहरू को सोवियत और चीन के तरीके की ह्यसामूहिक खेतीह्व के नुकसान से अवगत कराया था। उनका स्पष्ट मानना था कि किसान पूरी तरह से स्वतंत्र खेतिहर हैं और वे ह्यलैंड पूलिंग एवं सहकारी खेती की किसी भी केंद्रीकृत योजना के सख्त विरोधी हैं। लैंड पूलिंग और सहकारी खेती की अवधारणा से तत्कालीन योजना आयोग अभिभूत था। पीवी नरसिम्हा राव के कार्यकाल के दौरान भारत विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में शामिल हुआ और कृषि संबंधी समझौते (एओए) पर हस्ताक्षर किए। इस कदम ने भारत की कृषि को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बना दिया। उससे पहले, भारत की नीतिगत व्यवस्था आयात को प्रतिबंधित करने की थी। श्री राव के अधीन, भारत कृषि निर्यात को विदेशी मुद्रा अर्जित करने वाला एक महत्वपूर्ण जरिये के रूप में देखने लगा। एपीडा को बजटीय और संस्थागत समर्थन प्रदान करके, उन्होंने भारतीय कृषि को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनने में मदद की। हालांकि, कृषिगत वस्तुओं का घरेलू व्यापार प्रतिबंधात्मक व्यापार व्यवस्थाओं के जरिए ही संचालित होता रहा जो खरीद एजेंसियों और एपीएमसी के पंजीकृत व्यापारियों के लिए तो अच्छा था, लेकिन किसानों के लिए नहीं। लेकिन संभवतः उनके द्वारा किया गया सबसे सार्थक नीतिगत उपाय 1994 में छोटे किसानों का कृषि ०?यवसाय संघ (एसएफएसी) की स?थापना करना था। इस संगठन को अब कृषि के लिए राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक बाजार की स्थापना का जिम्मा सौंपा गया है। यह सब आठ साल पहले बैसाख प्रथम (14 अप्रैल) को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई एक परिवर्तनकारी पहल की पृष्ठभूमि और संदर्भ प्रदान करता है। यहां संदर्भ-पृष्ठभूमि साझा करना जरूरी है। उल्लेखनीय है कि पचास के दशक में जब एपीएमसी की शुरूआत हुई थी, तो किसानों को संकटकालीन बिक्री से सुरक्षा की आवश्यकता थी। एपीएमसी को एमएसपी व्यवस्था के तहत राज्य एजेंसियों द्वारा 'मूल्य खोज' सुनिश्चित करने और खरीद के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया था।

हालांकि, इस प्रक्रिया में, उन्होंने बिचौलिये-व्यापारी का एक विशेष वर्ग भी तैयार कर दिया, जिसके पास अधिसूचित कमान क्षेत्र के साथ विशेष मंडी में काम करने का लाइसेंस हुआ करता था। हालांकि, जैसे-जैसे भारत एक आईटी महाशक्ति बना और कृषि, किसान के पास से उत्पादन के मार्केट मोड में चली गई, व्यापार के प्रतिबंधात्मक नियमों को बदलने की आवश्यकता महसूस हुई। एसएफएसी जैसे संस्थानों की स्थापना सीमांत और छोटे किसानों के व्यापार की शर्तों में सुधार लाने के लिए प्रौद्योगिकियों और वित्तीय साधनों का लाभ उठाने के लिए की गई थी। कृषि व्यवसाय उद्यमियों को उद्यम पूंजी निधि प्रदान करने से लेकर बुनियादी ढांचा तैयार करने तक, एसएफएसी ने एफपीओ की स्थापना, मार्केट इंटेलिजेंस, भंडारण और खरीद समर्थन की दिशा में नवोन्मेषी पहल की। कोई अचरज की बात नहीं कि ई-नाम की स्थापना का दायित्व भी एसएफएसी को सौंपा गया। शुरूआत करने के लिए, कृषि मंत्रालय ने उन नियंत्रित मंडियों में उपकरण/बुनियादी ढांचे जैसे कंप्यूटर हार्डवेयर, इंटरनेट सुविधा, परख उपकरण आदि के लिए प्रति मंडी 30 लाख रुपये का अनुदान दिया जहां ई-मार्केट प्लेटफॉर्म की स्थापना होनी है। सफाई, ग्रेडिंग और पैकेजिंग सुविधाओं तथा बायो कंपोस्टिंग यूनिट जैसी अतिरिक्त बुनियादी सुविधाओं के निर्माण के लिए इसे 2017 में बढ़ाकर 75 लाख रुपये कर दिया गया। वहीं पहले तीन वर्षों में, लगभग 200 मंडियों को इसके दायरे में लाया गया था, मई 2020 तक 415 मंडियों, जुलाई 2022 तक 260 और मंडियों, मार्च 2023 तक 101 और मंडियों तथा पिछले कैलेंडर के अंत तक 28 मंडियों के साथ गति बढ़ी। यह संख्या हर तिमाही में बढ़ रही है! नीति बनाना आसान हिस्सा है। वास्तविक और आईटी बुनियादी ढांचे का निर्माण अधिक कठिन है। सबसे कठिन काम है इसे जमीन पर कारगर बनाना। प्रारंभिक हैंडहोल्डिंग के लिए, एसएफएसी एक आईटी विशेषज्ञ (मंडी विश्लेषक) की पहचान करता है और उसका समर्थन करता है ताकि ई-नाम के साथ जुड़ी प्रत्येक मंडी की एक वर्ष की अवधि के लिए प्रारंभ में लगातार मदद की जा सके। वे राज्य समन्वयकों को रिपोर्ट करते हैं, जिनमें से प्रत्येक 50 मंडियों का दिन-प्रतिदिन तालमेल बिठाते हैं। वे ई-नाम प्रणाली में सभी हितधारकों- किसानों, व्यापारियों, कमीशन एजेंटों और मंडी अधिकारियों को निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए भी जिम्मेदार हैं। आगे क्या? अपनी उपलब्धियों पर संतुष्ट होने के बजाय, ई-नाम नए और उच्च मानक स्थापित कर रहा है। इसके संशोधित अधिदेश में किसानों को प्रतिस्पर्धी मूल्य प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए एपीएमसी/विनियमित बाजार समिति मंडियों से परे मंच खोलकर ई-नाम का विस्तार और समेकन शामिल है। गोदाम आधारित बिक्री (डब्ल्यूबीएस) और ई-नाम के माध्यम से जोर दिया जा रहा है। आखिर में, यह मूल्य खोज और बेचने की स्वतंत्रता है जो किसान के लिए अधिक समृद्धि लाएगी।

> कृषि व्यवसाय उद्यमियों को उद्यम पूंजी निधि प्रदान करने से लेकर बुनियादी ढांचा तैयार करने तक, एसएफएसी ने एफपीओ की स्थापना, मार्केट इंटेलिजेंस, भंडारण और खरीद समर्थन की दिशा में नवोन्मेषी पहल की। कोई अचरज की बात नहीं कि ई-नाम की स्थापना का दायित्व भी एसएफएसी को सौंपा गया। शुरूआत करने के लिए, कृषि मंत्रालय ने उन नियंत्रित मंडियों में उपकरण/बुनियादी ढांचे जैसे कंप्यूटर हार्डवेयर, इंटरनेट सुविधा, परख उपकरण आदि के लिए प्रति मंडी 30 लाख रुपये का अनुदान दिया।

एसएफएसी समर्थित इलेक्ट्रॉनिक राष्ट्रीय कृषि बाजार (ई-नाम) पहलः 'फिजिटल (फिजिकल प्लस डिजिटल) बाजार' का है। यह फिजिकल बैकएंड वाला एक सिंगल विंडो पोर्टल है, जो कार्रवाई योग्य जानकारी, भौतिक बुनियादी ढांचा, व्यापार के विकल्प और भुगतानों का इलेक्ट्रॉनिक निपटान प्रदान करता है। मौजूदा समय में, एसएफएसी की इसी पहल की बदौलत, 10.7 मिलियन किसानों को 23 राज्यों और 4 केंद्र-शासित प्रदेशों के 1389 विनियमित थोक बाजारों में अपने मोबाइल फोन पर अपनी भाषा में लेनदेन करने की स्वतंत्रता, लचीलापन और सुविधा प्राप्त है। राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों द्वारा 1.7 लाख अन्य एकीकृत लाइसेंस जारी किए गए हैं, लेकिन इससे भी अधिक महत्वपूर्ण 3500 किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) की सक्रिय भागीदारी हैझ उनके लेनदेन इस मंच के लिए दृढ़ समर्थन प्रदर्शित करते हैं। जनवरी 2024 तक इस प्लेटफॉर्म पर 3 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा राशि का कारोबार हो चुका था। इस सफल उपाय की

## खास बात

### खराब न होने दें माटी का स्वास्थ्य

**हम** सबके जीवन में माटी का बड़ा महत्व है। चाहे हम भारत में हों या दुनिया के किसी भी देश में हों, बात जब माटी की होगी तब भारत का ही नाम लेते हैं। अपनी माटी अपनी ही है। हमारे लोकजीवन में बार-बार माटी की बात होती है। कथित आधुनिक सोच ने मिट्टी को डस्ट और एलर्जी वाली वस्तु बताना काफी पहले शुरू किया। इससे माटी के प्रति हमारी अवधारणा भी बहुत हद तक प्रभावित हुई है।पहले घर भी माटी के होते थे। आज भी गांवों में माटी के बहुत सारे घर हैं। यह और बात है कि आर्थिक-सामाजिक परिवर्तन के कारण अब पक्के घर अधिक दिखाई देते हैं। माटी के घरों की पुताई माटी से ही होती थी। नीचे माटी, ऊपर माटी, सब तरफ माटी ही प्रयोग होती रही है। घर में गृहस्थी के नाम पर सबसे अधिक माटी के बर्तन होते थे, जिन्हें हम गगरी, घड़ा ,कलश, मटका,सुराही आदि नाम से जानते हैं। अब गांव और नगर दोनों में सुराही के पानी पर चर्चा होती है। अपने गांव में कुम्हार परिवार माटी के खिलौने, गगरी, कलश, सुराही, मटका, मटकी, दीया, दियाली के अलावा विभिन्न प्रकार माटी के उत्पादों को बनाते थे। अब परम्परा टूट गई। कुम्हार परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट है। वे उपेक्षा का शिकार हैं।

गांव में भी प्लास्टिक की टोंटी वाली बाल्टी पहुंच गई है, जिसे वाटर बैग कहते हैं। माटी के सोंधेपन से हम गांववासी सीधे जुड़े हैं। कोई एक गिलास सुराही, घड़े का पानी पिला दे तो लगता है कि हम अपना बचपन वाला पानी पी रहे हैं। जिन लोगों को माटी के कुएं ,ईंट से बने कुओं का पानी पीने का सौभाग्य मिला, वही उसकी तासीर को आत्मसात कर सकते हैं। मांगलिक कार्यक्रमों विवाह, तिलकोत्सव, (फलदान ) मुंडन ,छेदन,उपनयन संस्कार में माटी के बर्तन ही प्रयुक्त प्रयोग होते थे। मांड़ो (मंडप) के नीचे कलश माटी का ही जल भरकर रखा जाता है। रंग-बिरंगे अक्षत लगाए जाते हैं। उसकी सतरंगी छटा हम सबने देखी है। हमें याद है, अस्सी के दशक तक मांगलिक कार्यक्रम में रसगुल्ला, जलेबी, बर्फी और कुल्फी माटी की ही तश्तरियों में ही अतिथियों को परोसी जाती थीं। पानी पीने के लिए दिए जाने वाले पात्र को लोग हुंडा कहते हैं।

# पूर्ण सत्य

## धर्म-प्रवाह

**साध्वी मनीषा**

**स्वांसों** के भीतर पूर्ण सत्य में विवेक रूपी अग्नि होती है। जैसे सोने को आग में डालने से वह निखर कर शुद्ध हो जाता है ऐसे ही मन क्रियाओं के अभ्यास से स्वांसों के भीतर की अग्नि में निखर कर पवित्र हो जाता है। लेकिन ज्ञान कुंजी के मौखिक ज्ञान में अग्नि नहीं है, सिर्फ राख है। राख को लपेटे हुए तो हम बहुत साधु देखते हैं लेकिन स्वांसों के भीतर की विवेक रूपी आग मन को निखार कर शुद्धता में बदलती है, राख बिल्कुल नहीं बदलती। ज्ञान कुंजी के मौखिक ज्ञान की राख कितनी भी लपेट लो, मन नहीं जलेगा और न ही बदलेगा। मौखिक ज्ञान कान का संग्रह है। उसके जीवन से गंध तो अज्ञान की आ रही है लेकिन मन में ज्ञान भरा हुआ है। स्वांसों का पूर्ण सत्य दर्शन से आता है जो भीतर की आंख का अनुभव होता है। मन पक्ष और विपक्ष में तर्क वितर्क इकट्ठे कर सकता है। बुद्धि चिंतन करके गलत सही का निर्णय कर सकती है लेकिन विवेक को निर्णय लेने की जरूरत नहीं पड़ती, यह चेतना की ऐसी अवस्था है जहां सही गलत का कोई विकल्प होता ही नहीं है बल्कि भीतर की आंख से सिर्फ और सिर्फ सत्य दिखाई पड़ता है। जिन्होंने अभ्यास से मन को स्वांसों के साथ एकाकार करके हृदय में विवेक का रोपण किया है वो ही ज्ञानी है बाकी सब अज्ञानी हैं। क्रियाओं के अभ्यास में ज्ञान कुंजी देखने और सुनने का तो सवाल ही पैदा नहीं होता बल्कि हृदय के अनुभव से विवेक उत्पन्न होता है। यह चेतना की ऐसी अवस्था है जहां मन है ही नहीं, जहां सब विचार खो जाते हैं।

## सोशल मीडिया

**राज्यों** को कानून बनाने का अधिकार है, पर कानून से रोजगार नही मिलता, ना ही उत्पन्न होता है। देख - देखी झारखंड में भी स्थानीयता कानून लागू कर दिया। अधिकारी इंस्पेक्शन पर निकल पड़े, पर भूल गए की हम कामगारों का आयात नहीं निर्यात करते हैं।

**- महेश पोद्दार, पूर्व सांसद**

सरकार ने जो 60 हजार से ज्यादा अमृत सरोवर बनाए हैं, वे भी देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने में बहुत मददगार होने वाले हैं।

**- नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री**





तोरपा में खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा ग्रामोद्योग विकास योजना के तहत एक करोड़ 47लाख रुपए की परिसंपत्तियों का वितरण किया। इस अवसर पर मैंने कहा कि जीवनयापन के लिए रोजगार आवश्यक है।

**अर्जुन मुंडा, केन्द्रीय मंत्री**

# फिश फार्म से खाने की थाली तक, घरेलू बाजार में मछली के उपभोग का संवर्धन



**सागर मेहरा**

**भारतीय** व्यंजनों की जीवंत वैविध्यताओं में आहार का एक ऐसा घटक जो पोषकीय तत्वों से भरा है और कई तरीकों से तैयार किया जा सकता है, वह है -- 'मछली'। जिह्वा के स्वाद के अलावा, 'मछली' भारतीय संदर्भ में प्रगाढ़ महत्व रखती है, यह समृद्ध सांस्कृतिक महत्व के अलावा स्वास्थ्य के लिए बहुत सारे लाभ प्रदान करती है। मछली और भारतीय संस्कृति के बीच आपसी संबंध खाने की थाली तक ही सीमित नहीं है अपितु मछली हमारी परंपरा, स्वास्थ्य आचरणों और आर्थिक समृद्धि को प्रभावित करता आया है। मछली का उपभोग न केवल व्यक्तिगत पोषण स्थिति पर सकारात्मक प्रभाव डालने की क्षमता रखता है बल्कि देश की खाद्य और पोषण सुरक्षा में भी योगदान देता है। हालांकि वैश्विक स्तर पर, भारत मत्स्य उत्पादन और निर्यात में अग्रणी है लेकिन घरेलू खपत बढ़ाना देश में मात्स्यिकी क्षेत्र की निरंतर वृद्धि के लिए एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है। भारतीय मात्स्यिकी क्षेत्र को समग्र रूप से विकसित करने के लिए मत्स्यपालन विभाग (भारत सरकार) द्वारा विभिन्न कार्यक्रम और योजनाएं शुरू किए गए हैं। प्रमुख कदमों में से एक 10 सितंबर 2020 को 20,050 करोड़ रुपये के अब तक के उच्चतम निवेश के साथ प्रमुख योजना - प्रधान मंत्री मत्स्य सम्पदा योजना (पीएमएमएसवाई) का शुभारंभ है। पीएमएमएसवाई प्रौद्योगिकी अपनाने, मूल्य श्रृंखला की कमजोर कड़ियों पर ध्यान देने और सामाजिक-



आर्थिक कल्याण के लिए परियोजनाएं कार्यान्वित करने पर केंद्रित है। उत्पादन और निर्यात बढ़ाने के विभिन्न आउटपुट के अलावा, यह योजना लगभग 16.5 लाख प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा करने पर केंद्रित है। लगातार चौथे वर्ष में, पीएमएमएसवाई योजना के अंतर्गत पूरे भारत में 18,000 करोड़ रुपये (90%) की प्रभावशाली परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। परंपरागत रूप से, मात्स्यिकी परियोजनाओं का केंद्र मत्स्य उत्पादन में वृद्धि की ओर रहा है। परिवर्तन की आधारशिला के रूप में, पीएमएमएसवाई योजना पोस्ट-हार्वेस्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास की दिशा में निधियों के उपयोग द्वारा मांग और आपूर्ति समीकरण को संतुलित करने पर केंद्रित है। चूंकि पीएमएमएसवाई के अंतर्गत मत्स्य उत्पादन लगातार बढ़ रहा है और शानदार 174 लाख टन तक पहुंच गया है, यह घरेलू मछली की खपत, मूल्य संवर्धन और निर्यात को बढ़ावा देने की अपार संभावनाएं प्रदान करता है। इस आशय की दिशा में, पीएमएमएसवाई के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं ने यह सुनिश्चित किया है कि रेफ्रिजरेटेड और इंसुलेटेड ट्रकों, लाइव फिश वेंडिंग सेंटर, ऑटो रिक्शा, मोटरसाइकिल और आइस बॉक्स वाली साइकिल सहित 26,067 फिश ट्रांसपोटेर्शन फैसिलिटीज लाभार्थियों के पास उपलब्ध है ताकि वे बाजारों और उपभोक्ताओं तक आसानी से ताजा और गुणवत्तापूर्ण मछली की डिलीवरी कर सकें। सबसे लोकप्रिय मोटरबाइक और आइस बॉक्स वाली साइकिल हैं जिससे छोटे पैमाने के किसानों के लिए बिक्री केंद्रों तक सुविधाजनक और तेज पहुंच सुनिश्चित हुई है। क्वालिटी वाले फ्रोजन तथा ताजी मछली की अधिक उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए बाजारों और कियोस्क के रूप में फिश रीटेल पॉइंट्स की 6733 इकाइयां विकसित की जा रही हैं। आंध्र प्रदेश, ओडिशा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा और तेलंगाना जैसे राज्य अग्रणी रहे हैं और इन राज्यों ने उत्तर भारत में मछली की बिक्री में वृद्धि दर्शाई है और तटीय और अंतदेर्शीय राज्यों के बीच योजना की निधियों के सुनियोजित वितरण का प्रदर्शन किया है।

## कॉर्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### मंदी से परेशानी

**मंदी** से हर कोई परेशान है। उद्योग-व्यापार बुरे दौर से गुजर रहे हैं। पहले ही हमारे यहां बेरोजगारी चरम पर है। बेरोजगारी दर पिछले छह वर्षों के अधिकतम स्तर पर है। वित्तीय क्षेत्र की ऐसी हालत कभी नहीं रही है। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष ने अपनी रिपोर्ट में भारत की मंदी को गंभीर संकट बताया है। मंदी से उबरने के लिए प्रभावी कदम शीघ्र ही उठाने होंगे। लोगों की आय बढे, इसके प्रभावी प्रयास करने होंगे।

**-इकबाल, रांची**

### हमारे अधिकार-कर्तव्य

**एक** तरफ तो हम इस लोकतंत्र में अपने मौलिक अधिकारों को कभी नहीं भूलते, जरूरत पड़ने पर हम अपने मौलिक अधिकारों के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाते हैं। पर क्या इतनी सतर्कता हम सभी अपने मौलिक कर्तव्यों पर भी दिखाते हैं। नागरिकता संशोधन विधेयक पर देशभर में हुए विरोध ने करोड़ों रु पये की सरकारी संपत्ति बर्बाद की है। इस पर रोक लगना चाहिए।

**-सुनीता सिन्हा, बोकारो**

# पाकिस्तान में जारी उथल-पुथल से भारत रहे चौकस



**आर.के. सिन्हा**

**पाकिस्तान** में बीती 8 फरवरी को हुए आम चुनाव के बाद देश में जो एक राजनीतिक स्थिरता की उम्मीद थी, वह फिलहाल तो पूरी तरह खत्म हो गई हैं। पाकिस्तान, जिसकी नियति ही हो गई है हमेशा संकट में रहना क अब तो वह अराजकता की चपेट में है और भारी मुश्किल की स्थिति में दिखाई दे रहा है। हालांकि लंबी कवायद के बाद पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) और पाकिस्तान पीपल्स पार्टी ने देश में मिल कर सरकार बनाने का फैसला कर लिया है। फिलहाल राजनीतिक विश्लेषकों, पत्रकारों और आमजन को कुछ समझ नहीं आ रहा कि देश किस दिशा में जा रहा है। हर कोई अनभिज्ञ सा ही दिख रहा है। चुनाव के नतीजों ने पाकिस्तानी सेना के मोटी तोंद वाले जनरलों को उनकी औकात दिखा दी है। उनके लाख चाहने के बावजूद नवाज शरीफ की मुस्लिम लीग को जनता ने बहुमत नहीं दिया। नवाज शरीफ लंदन से इसी उम्मीद में पाकिस्तान वापस आए थे कि उन्हें फिर से पाकिस्तान का प्रधानमंत्री बनने का मौका मिल जाएगा। जाहिर है,पाकिस्तानी अवाम चुनाव नतीजों से हताश और अवाक है। चुनावों के नतीजों में कसकर धांधली हुई है। जनता को अब देश में राजनीतिक स्थिरता की कोई उम्मीद भी नहीं है। अफसोस देखिए कि जिन्हें जनता ने नकारा वे ही सरकार बनाने जा रहे हैं। दरअसल चुनाव में खंडित जनादेश आने के बाद एक के बाद एक वहां विवादों को ही जन्म मिला। खासकर चुनाव में अनियमितताओं के व्यापक आरोपों के कारण। मतदान में धोखाधड़ी के खिलाफ देशभर में विरोध प्रदर्शन जारी है और बलूचिस्तान का जनजीवन लगभग ठप पड़ा हुआ है। वहां पर चुनाव से पहले धमाकों की झड़ी सी लग गई थी। इसके साथ ही, रावलपिंडी के चुनाव आयुक्त ने चुनावों में धांधली के गंभीर आरोप लगाए हैं। इसके बाद तो चुनाव की विश्वसनीयता पर और सवाल खड़े हो गए हैं। इमरान खान की पार्टी पीटीआई नेशनल असेंबली में सबसे बड़ी पार्टी बनी। मतलब यह है कि जिस इमरान खान को एक के बाद एक गंभीर आरोपों के लिए दोषी मानकर जेल की सजा सुनाई जा रही है, लेकिन पाकिस्तान की जनता तो उसके साथ खड़ी है। पाकिस्तान में राजनीतिक अस्थिरता के कारण वहां की अर्थव्यवस्था भी धराशायी हो चुकी है, जिससे पाकिस्तान के भविष्य पर दूरगामी परिणाम होंगे। पाकिस्तान की ताजा निराशाजनक स्थिति के बीच एक खबर यह भी आई कि सिर्फ हमारे एक टाटा ग्रुप के सामने भी पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था बौनी पड़ गई है। टाटा ग्रुप का मार्केट कैपिटलाइजेशन 365 अरब डॉलर पहुंच गया है। यह पाकिस्तान के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) से भी कहीं ज्यादा है। पिछले साल टाटा ग्रुप की कई कंपनियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इसी के बाद ही ग्रुप ने यह उपलब्धि हासिल की है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के अनुमानों के अनुसार, पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था का आकार करीब 341 अरब डॉलर का है। टाटा ग्रुप की एक कम्पनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) की वैल्यू ही करीब 15 लाख करोड़ रुपये या 170 अरब डॉलर है। यह न केवल भारत की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी है, बल्कि पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था के लगभग आधे आकार की भी है।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### दिगवार काली मंदिर में रामलीला शुरू



कुजू। श्री रामायण प्रचारक मंडल प्रयागराज द्वारा बुधवार देर शाम से नगर परिषद क्षेत्र के दिगवार काली मंदिर परिसर में रामलीला शुरू हुआ। रामलीला 27 फरवरी तक चलेगा। श्री दशरथ पुत्रेष्ठी यज्ञ और राम जन्म पर संगीतमय भजनों के साथ पात्रकों ने नाटक प्रस्तुत किया। जिसे देख लोग भावविभोर हुए। रामलीला में कलाकार भगवान श्री राम के जीवन से आधारित सभी पहलुओं को नाटकीय ढंग से दशार्ने का काम करेंगे, जो ग्रामीणों के लिए प्रेरणादायक होगा। रामलीला को सफल बनाने में रंगमंच के कलाकारों में नागेंद्र कुमार, शिवराज, नेहाल, तौलन प्रसाद, प्रमोद कुमार, कमलेश कुमार, संतोष कुमार, नरेंद्र कुमार, सूरज कुमार के साथ स्थानीय लोगों का योगदान था।

### जमस की उपाध्यक्ष बनीं निशि पांडेय

भुरकुंडा (रामगढ़)। बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की समाजसेवी निशि पांडेय को जनता मजदूर संघ का केंद्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। संघ के केंद्रीय महामंत्री सह जेबीसीसीआई सदस्य सिद्धार्थ गौतम व केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व विधायक कुंती देवी ने जमस के सीसीएल वेलफेयर बोर्ड सदस्य सुखदेव प्रसाद की उपस्थिति में मनोनयन पत्र सौंपा है। आशा व्यक्त की है की निशि पांडेय के मनोनयन से संघ और मजबुती के साथ मजदूरहित में कार्य करते हुए और बुलंदियों को छुएगा।



पांडेय ने कहा कि जनता मजदूर संघ ने जिस उम्मीद व विश्वास के साथ मुझे यह जिम्मेवारी सौंपी है, उसपर ईमानदारी पूर्वक कार्य करते हुए संघ को सीसीएल व ईसीएल क्षेत्र में नंबर वन बनाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी।निशि पांडेय के मनोनयन पर जनता मजदूर संघ के दशरथ कुर्मी, अशोक शर्मा, चमन मुंडा, सहित पतरामू प्रखंड उपप्रमुख बबीता पांडेय, पूर्व उपप्रमुख रामाशंकर पांडेय आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

### दोतल्ला पंचायत में लगा पेंशन शिविर



भुरकुंडा (रामगढ़)। बुध बाजार दोतल्ला पंचायत में चल रहे मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के तीन दिवसीय विशेष शिविर का गुरूवार को समापन हुआ। इस तीन दिवसीय शिविर का अध्यक्षता मुखिया सत्यवंती देवी एवं संचालक पंचायत सचिव सागर कुमार ने किया। शिविर में 50 से 60 आयु वर्ग के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के पुरुषों का 15 आवेदन, महिलाओं का 83 एवं 60 वर्ष से ऊपर के 16 आवेदन लिया गया। मौके पर मुखिया सत्यवंती देवी ने कहा की पंचायत का चहुंमुखी विकास व लाभुकों को योजनाओं का शत लाभ दिलाना मेरी पहली प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा की पंचायत के तमाम गरीब-असहाय व जरूरतमंदों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का हर हाल में लाभ मिलेगा।

### प्रजापिता ब्रह्माकुमारी का कार्यक्रम



कुजू। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर नया बाजार टाँड़ कुजू में गुरुवार को आध्यात्मिक कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर प्रशिक्षणकर्ता निमित बहन ब्रह्माकुमारी सरिता दीदी ने शिव जयंती पर आध्यात्मिक रहस्य ज्ञान एवं राजयोग प्रशिक्षण दिया. साथ ही शिव महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि शिव का स्मृति चिन्ह शिवलिंग के रूप में सर्वत्र सर्व धर्मवलंबियों द्वारा मान्य है। शिव योगेश्वर हैं शंकर योगमूर्ति हैं। आज कलयुग का महारात्रि चल रही है। इससे पूर्व, शिव झंडोंतोलन किया गया। मौके पर मुख्य रूप से सेवानिवृत्त शिक्षक भोला प्रसाद, रामकिशोर प्रसाद, ट्रांसपोर्टर लखन प्रसाद, पूर्व मुखिया शीलू देवी, वार्ड सदस्य सरिता वर्मा समेत काफी संख्या में ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सदस्य शामिल रहे।

### रजरप्पा में बंद घर से जेवरात व नगद चोरी

रजरप्पा। रजरप्पा थाना क्षेत्र में एक बंद घर में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। थाना क्षेत्र के रहने वाले चितरपुर निवासी देवराज तिवारी एक समारोह में शामिल होने के लिए 21 फरवरी को घर बंद करके गए । देवराज तिवारी 22 को लौटे तो घर के दरवाजे को खुला पाया। वहीं, घर के अलमीरा और अन्य सामान बिखरे पड़े थे। घर में रखे जेवरात और नगद राशि गायब मिली। इसके बाद देवराज तिवारी ने रजरप्पा थाना पुलिस को इसकी सूचना दी। रजरप्पा थाना प्रभारी नवीन पांडे पुलिस बल के साथ देवराज तिवारी के घर पहुंच कर छानबीन की। देवराज तिवारी ने बताया की वेलोग एक उत्सव में शामिल होने के लिए सपरिवार गए थे। जब लौटे तो घर का दरवाजा खुला था। घर के अलमीरा का ताला टूटा था। घर में रखे सोने चांदी के जेवरात गायब थे।

### अपराध पर अंकुश लगाना मेरी पहली प्राथमिकता : संजय रजक



भदानीनगर ओपी में नये प्रभारी संजय रजक ने दिया योगदान।

भुरकुंडा (रामगढ़) । भदानीनगर ओपी में गुरुवार को नए ओपी प्रभारी संजय कुमार रजक ने योगदान दिया। इस दौरान ओपी परिवार ने नए ओपी प्रभारी को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। रजक ने कहा कि ओपी क्षेत्र की विधि व्यवस्था को ले पुलिस की टीम चौकस रहेगी। रात्रि में गस्ती पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस पब्लिक के रिश्ते को मजबूत कर क्षेत्र में शांतिपूर्ण व्यवस्था बनाए रखना मेरा उद्देश्य होगा। श्री रजक ने कहा क्षेत्र को शांतिपूर्ण रखने में आमलोगों का भी सहयोग लेकर अपराधियों पर नकेल कसी जाएगी। अपराध पर अंकुश लगाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। स्वागत करने वालो में संतोष कुमार सिंह, हेमन्श पूर्ति, ओमप्रकाश सिंह, देवेन्द्र राम, मनीष कुमार आदि शामिल थे।

# दारू में सदर विधायक ने दो योजनाओं का किया शिलान्यास

▶▶ डीएमएफटी मद से जिनगा में 11 लाख 86 हजार रुपये की लागत से बनेगा मैरेज हॉल



खबर मन्त्र संवाददाता

दारू। सदर विधायक मनीष जायसवाल ने गुरुवार को दारू प्रखंड अंर्तगत जिनगा एवं दारू में दो योजनाओं का शिलान्यास किया। डीएमएफटी मद अंर्तगत 11 लाख 86 हजार कि प्राकल्लित राशि से जिनगा में विवाह भवन का निर्माण होगा जिसमे एक रूम, एक बरामदा एक हांल और दो शौचालय बनाया जाएगा। वही दारू में ग्रामीण कार्य विभाग अंतर्गत एन एच100 से पांडे टोला होते हुए दारूडीह नदी तक 96 लाख की प्राकलित राशि से 2.350 किलोमीटर कालीकरण सड़क का निर्माण किया जाएगा।

### अंचल कार्यालय में कर्मी को लगायी फटकार

शिलान्यास के दौरान कुछ ग्रामीणों ने मनीष जयसवाल को दारू अंचल के कार्यो की लापरवाही से अवगत कराया। जोहनिया निवासी पिंटू सिंह ने कहा कि आय, जाति, आवासीय, महीनो लंबित पड़ी है शैक्षणिक कार्यों में इन सभी दस्तावेजों का सख्त जरूरत है जब मैं राजस्व कर्मचारी सीमंत से बात की तो उन्होंने कहा कि मुझे एक महीने लंबित रखने का अधिकार है तत्पश्चात विधायक मनीष जायसवाल ने राजस्व कर्मचारी सीमंत को कॉल लगाया,कई बार कॉल लगाने के बाद भी नही उठाने पर विधायक अंचल पहुंचकर राजस्व कर्मचारी को फटकार लगाया। कहा कि जब मेरा फोन आपने नहीं उठाया तो आम जनता का क्या हाल होगा? विधायक ने आमजनों की कार्यों की जानकारी लेकर कर्मचारियों को हिदायत देते हुए कहा की जनता सर्वोपरि है,आप जनता के लिए हो। ड्यूटी पीरियड में हमेशा फोन उठाना होगा। आम जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

# रामगढ़ थाने के हाजत में युवक ने की आत्महत्या

▶▶ परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, मृतक कोका चोरी की एक मामले में पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया था



खबर मन्त्र संवाददाता

रामगढ़ । रामगढ़ थाने के हाजत में गुरुवार को एक युवक ने फांसी लगा ली। इस मामले की पुष्टि करते हुए रामगढ़ एसपी पीयूष पांडे ने बताया कि मृतक अनिकेत उर्फ कोका चोरी की एक मामले में पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया था। बुधवार की देर रात तक उससे पूछताछ नहीं हो पाई थी। इसी बीच उसने हाजत में पुलिस द्वारा दिए गए कंबल को फाड़कर हाजत के शौचालय में आत्महत्या कर ली। पुलिस ने जब देखा कि अनिकेत 10 मिनट के बाद भी शौचालय से बाहर नहीं निकाला और आवाज देने के बाद भी उसने कोई रिस्पांस नहीं किया तो तत्काल टीम अंदर घुसी। पुलिस ने उसे फंदे से लटका देखा तो उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। उन्होंने कहा कि यह खुदकुशी का मामला है। मिलोनी क्लब निवासी महेंद्र राम के पुत्र अनिकेत कुमार उर्फ कोका को पूछताछ के लिए बुधवार की रात थाने लाया गया था। देर रात हो जाने की वजह से उससे ज्यादा पूछताछ नहीं हो पाई और उसे हाजत में रखा गया। पुलिस के अनुसार रामगढ़ में चोरी की कई वारदातें हुई थीं। जिसमें रामगढ़ चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज भवन की वारदात शामिल है। पुलिस के अनुसार अनिकेत चोरी के मामले में पहले भी जेल गया था। कांड संख्या 308/22 में उसके खिलाफ चार्जशीट भी दायर हो चुकी थी।

### डीएसपी ने सात टन कोयला किया जब्त

भुरकुंडा (रामगढ़)। रामगढ़ जिला के प्रशिक्षु डीएसपी फैजान अहमद ने बुधवार रात सयाल मोड़ स्थित भुरकुंडा कोल डिपो में छापामारी की। इस दौरान डिपो के गेट पर लगे ताला को तुड़वा कर डीएसपी ने डिपो परिसर में रखे करीब 7 टन कोयला जब्त किया। इस दौरान पुलिस ने डिपो की टीन वाली चहारदीवारी को भी क्षतिग्रस्त करते हुए गिरा दिया। इसके बाद पुलिस ने डिपो में मौजूद कोयले को दो अलग-अलग ट्रैक्टरों में लोड कराकर थाने ले गई।

जहां डीएसपी के निर्देश पर डिपो संचालक अनुपम पाठक के खिलाफ अवैध कोयला भंडारण का केस दर्ज किया गया। प्रशिक्षु डीएसपी के इस कार्रवाई को डिपो संचालक अनुपम पाठक ने गैर कानूनी बताते हुए कहा कि उन्हें बगैर सूचना दिए डिपो का ताला तोड़ा गया है।

### पति-पत्नी का शव कुआं में मिला

रामगढ़। शहर के गोरियारी बाग में गुरुवार की सुबह पति पत्नी का शव कुएं से बरामद होने का मामला प्रकाश में आया है। जिसकी जानकारी स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। सूचना पर रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पति पत्नी के शव को कुंए से बाहर निकलवाया। मृतक की पहचान 25 वर्षीय विशु कुशवाहा औरअंजली देवी के रूप में हुयी। दोनों पिछले कुछ समय से यहां रह रहे थे। दोनों का प्रेम विवाह रामगढ़ थाना परिसर में हुआ था। दोनों का परिवार नया बस स्टैंड के समीप रहता है। मोहल्ला के लोगों ने बताया कि 21 फरवरी की शाम को अंजलि के पेट में दर्द होने की बात कही गई थी। पति उसे इलाज करने के लिए रामगढ़ छावनी अस्पताल ले गया । इस बात की सूचना पर अंजली देवी के सास ससुर भी घर आए थे । वे देर शाम को वापस घर चले गये थे । गुरूवार सुबह मोहल्ला के लोगों ने जब घर बंद देखा तो पति-पत्नी की खोज शुरू हुई। लेकिन उनका पता नहीं चला। सुबह में 7:00 बजे के लगभग घर के बगल के एक कुएं के बाहर कुशवाहा का कपड़ा पड़ा मिला । जिसकी सूचना लोगों को मिली। इसकी जानकारी रामगढ़ थाना पुलिस को दी गई। रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने दोनो के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

# भुरकुंडा में चार अपराधी गिरफ्तार

दो लूटकांड का उद्भेदन : होंडा बाइक, नकली पिस्तौल, दो भुजाली और दो मोबाइल जब्त



खबर मन्त्र संवाददाता

भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा ओपी क्षेत्र में गिरोह बनाकर लूटपाट करनेवाले चार अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। भुरकुंडा ओपी में गुरुवार को पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र कुमार राम ने बताया कि अपराधियों की संलिप्तता बीते दिनों भुरकुंडा में हुए दो लूटकांड में रही है। अभियुक्तों के पास से लूटकांड में प्रयुक्त किया गया जेएस 24 एल 2529 नंबर की होंडा एसपी साइन, एक नकली पिस्तौल, दो भुजाली और दो मोबाइल भी पुलिस ने जब्त किया है। एसडीपीओ ने बताया की बीते 16 फरवरी को भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के भुरकुंडा परियोजना के सीएचपी मार्ग पर अभियुक्तों ने जवाहरनगर निवासी उपेंद्र शर्मा से मारपीट करते हुए नकदी सहित मोबाइल की छिनतई की थी। मामले में पतरातू थाना कांड संख्या 35/24 दर्ज किया गया था। वहीं 20 फरवरी को उसी घटना स्थल के आसपास भुरकुंडा न्यू बैरेक निवासी मनीष राजभर के साथ भी हथियार के बल पर मारपीट करते हुए लूटपाट की गई थी। जिसपर पतरातू थाना कांड संख्या 36/24 दर्ज किया गया था। एसडीपीओ ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हए एसपी के निर्देश पर भुरकुंडा, बासल और भदानीनगर पुलिस की टीम का गठन कर छानबीन शुरू की गई। अनुसंधान करते हुए पुलिस ने गिद्दी थाना क्षेत्र निवासी विशाल कुमार राम, राहुल करमाली, दीपक कुमार सिंह और कुलदीप सिंह को गिरफ्तार किया है। साथ ही सभी अभियुक्तों को पुलिस ने जेल भेज दिया। छापामारी दल में बरकाकाना ओपी प्रभारी विकास आर्यण, भुरकुंडा ओपी के सअनि पुरन सिंह, सअनि प्रदीप दुबे व सअनि सामंत कुमार दास, भदानीनगर ओपी के सअनि संतोष कुमार सिंह, बासल थाना के सअनि प्रभात कुमार सशस्त्र बल के साथ शामिल थे।

# रामगढ़ डीसी का फर्जी एकाउंट बनाने वालों पर होगी कार्रवाई

रामगढ़। विभिन्न स्त्रोतों से डीसी रामगढ़ एवं उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार के नाम से फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट बनाने एवं पैसे की मांग सहित गलत मंशा की पूर्ति हेतु फर्जी अकाउंट से मैसेज भेजे जाने संबंधित सूचना प्राप्त होने के संबंध में जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा स्पष्ट किया जाता है कि उपायुक्त चंदन कुमार का किसी भी सोशल मीडिया हैंडल पर कोई भी अकाउंट संचालित नहीं है। इसके अतिरिक्त विभिन्न सरकारी कार्यों व आवश्यक सूचनाएं आम जनों तक पहुंचाने हेतु जिला प्रशासन, रामगढ़ द्वारा डीसी रामगढ़ के नाम से आधिकारिक फेसबुक एवं इंस्टाग्राम पर अकाउंट संचालित किया जाता है। जिला प्रशासन द्वारा संचालित सोशल मीडिया हैंडल से किसी भी व्यक्ति को किसी भी तरह का कोई मैसेज नहीं किया जाता है और सभी लोगों से अपील है कि वे किसी भी फर्जी आईडी से कोई भी मैसेज आने पर किसी भी तरह की कोई प्रतिक्रिया ना दें। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा फर्जी तरीके से लोगों को गुमराह करने वाले दोषियों को पकड़ने एवं उन पर कड़ी कार्रवाई करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

### रामगढ़ में सात थाना प्रभारियों की हुयी पोस्टिंग

रामगढ़। रामगढ़ एसपी पीयूष पांडे ने सात थाना प्रभारियों की सूची जारी कर दी है। गुरुवार को हुई इस पोस्टिंग में कुज्जू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडे को बनाया गया है। सदानंद कुमार वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी, अभिषेक कुमार भुरकुंडा ओपी प्रभारी, मोहम्मद अख्तर अली बरकाकाना ओपी प्रभारी, संजय कुमार रजक भदानीनगर ओपी प्रभारी, शिवलाल कुमार गुप्ता पतरातू थाना प्रभारी और कैलाश कुमार को बासल थाना प्रभारी बनाया गया है।

### 26 फरवरी को कई योजनाओं का शिलान्यास करेंगे प्रधानमंत्री : महेंद्र



भुरकुंडा (रामगढ़)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 26 फरवरी को विकसित भारत योजना के तहत रेल मंत्रालय द्वारा लगभग 40000 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न योजनाओं का ऑनलाइन शिलान्यास करेंगे। ग्रामीण विकास ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज विभाग के रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि महेंद्र कुमार महतो ने बताया कि सांसद जयंत सिन्हा के अनुशंसा पर पतरातू प्रखंड में बड़काकाना-भुरकुंडा रेलखंड, पतरातु-टोकिसुद रेलखंड एवं टोकिसुद-हेन्देगीर रेल खंड पर रेलवे अंडरपास ब्रिज का उद्घाटन किया जाएगा।

# बड़कागांव ब्लॉक में बन रहा जलमीनार अधूरा

▶▶ कार्य बंद रहने से घर-घर नल योजना खटाई में पड़ गयी है

खबर मन्त्र संवाददाता

बड़कागांव। ब्लॉक परिसर में कई वर्षों से जलमीनार निर्माण कार्य अधूरा है।यह कार्य पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से की जा रही है। जलमीनार कार्य बंद रहने के कारण घर-घर नल योजना खटाई में पड़ गई है। इस क्षेत्र में पानी की समस्या को दूर करने को लेकर जलमीनार का काम शुरू हुआ था पर कई गरमी गुजर गए, लेकिन पानी का नसीब बड़कागांव निवासियों को नहीं हुई। जल मीनार कार्य को लेकर एग्जीक्यूटिव इंजीनियर मनोज कुमार ने बताया किरामाधार सिंह एवं अजय सिंह कंपनी द्वारा यह कार्य कराया जा रहा है।इसे संज्ञान में लेते हुए काली सूची में डालने के लिए सूचना अभिकर्ता को दिया गया था।उसने काम पूरा करने का वादा किया है। अभिकर्ता विनोद कुमार ने बताया कि तकनीकी गड़बड़ी के कारण काम रुका हुआ था।मोटर पंप के लिए अप्रूवल हेतु विभाग को भेजा गया है जैसे ही अप्रूवल हो जाएगा, वैसे ही एक सप्ताह के अंदर जल मीनार कार्य एवं पाइप का काम शुरू कर दिया जाएगा।

**जिला परिषद की बैठक में कई बार आवाज उठा चुकी हूं : यासमीन निशा**

जिप सदस्य यासमीन निशा ने कहा कि जिला परिषद के बैठक में कई बार अधूरे जलमीनार को लेकर आवाज उठा चुकी हूं लेकिन अभी तक काम शुरू नहीं हुई है। अभिकर्ता द्वारा लापरवाही की जा रही है। गर्मी शुरू होने से पहले जल मीनार निर्माण पूर्ण हो।

**अभिकर्ता की लापरवाही के कारण काम अधूरा है : हेमंत भुइया**

प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइया ने कहा कि अभिकर्ता की लापरवाही के कारण इतने दिनों तक काम अधूरा है। गर्मी से पहले काम पूर्ण हो ताकि घर-घर लोगों को पानी मिल सके।

**विधायक ने इंजीनियर को जल्द काम पूरा करने का दिया निर्देश**

इस संबंध में ग्रामीणों द्वारा विधायक अंबा प्रसाद को गत वर्ष सूचना दी जा चुकी है। विधायक द्वारा भी कई बार जिला की बैठक में आवाज उठाई गई है लेकिन आज तक नहीं बन पाया है। टंकी का निर्माण 5 करोड़ 34 लाख रुपए की लागत से हो रहा है। विधायक अंबा प्रसाद ने दो वर्ष पूर्व पानी टंकी को लेकर विभागीय इंजीनियर को दूरभाष पर अधूरी विकास कार्यों को शीघ्र बनाने का निर्देश दिया है। विधायक ने कहा कि अगर संबंधित योजनाओं के अभिकर्ता समय पर काम नहीं करते हैं, तो उन्हें सिस्टम के तहत ही काली सूची में नाम डालें।



## एक नजर में

### आलम बने जेबीकेएसएस के जिला संयोजक



केरेडारी । झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो ने पार्टी का विस्तार किया गया। जिसमें बड़कागांव निवासी जानिसार आलम को जिला संयोजक मंडली बनाया गया है। जानिसार आलम ने कहा है कि केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो को धन्यवाद देता हूं तथा पार्टी जो भी जिम्मेवारी मुझे दी है, उसका निर्वाहन इमानदारी पूर्वक तथा सभी को मिला जुलाकर चलने का प्रयास रहेगा। जानिसार आलम को जिला संयोजक मंडली बनायें जाने पर लोगो ने बधाई दी। बधाई देने वाले में मुख्य रूप से सोनू इराकी, मो इब्राहिम,आजाद हुसैन,राकेश मेहता, मो तारिक,विकास महतो,संदीप कुमार सिंह,अशोक महतो,अफसर रजा, इत्यादि दर्जनों लोगों शामिल है।

### 20 सूत्री अध्यक्षों ने उपायुक्त से की मुलाकात



बड़कागांव। जिले भर के 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्षों द्वारा अपने-अपने प्रखंड के समस्याओं से हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय एवं उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित से मुलाकात कर समस्यायों से अवगत कराया। इसी कड़ी में बड़कागांव 20 सूत्री अध्यक्ष हाजी तबस्सुम ने भी बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। सीट खाली आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका का चयन, बड़कागांव मुख्य चौक में जाम, नो एंट्री का उल्लंघन, ट्रैफिक का उल्लंघन, स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टर एवं कर्मी का नियमित उपस्थित सहित कई समस्याओं से अवगत कराया गया।

### ग्राहक सेवा केंद्र के खाते से 90 हजार निकासी

बरही। थाना क्षेत्र अंतर्गत बरहीडीह निवासी अनिता देवी पति राजेश चौधरी के एयरटेल पेमेंट बैंक के वॉलेट से 90 हजार 655 रुपए का अवैध निकासी का मामला प्रकाश में आया है। जिसकी सूचना भुक्तभोगी अनिता देवी ने बरही थाना में लिखित आवेदन देकर पुलिस को जानकारी दी है।आवेदन के अनुसार वह प्लस 2 हाई स्कूल बरही के सामने ग्राहक सेवा केंद्र चलाती है, जिसके लिए एयरटेल पेमेंट बैंक के वॉलेट में उन्होंने 90 हजार 655 रुपया रखा था, लेकिन 20 फरवरी 2024 को उनके खाते से थोड़े थोड़े अमाउंट कर के कुल 90 हजार 655 रुपए का अवैध निकासी कर लिया गया। उन्होंने उक्त मामले की जांच करते हुए अपने रुपये की बरामदगी की मांग की है। इधर बरही पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### चरही : सड़क दुर्घटना में ट्रक चालक घायल

चरही।चरही थाना के समीप चरही-घाटो मोड के पास एनएच-33 पर गुरुवार सुबह को स्लरी कोयले से लोड ट्रक को दूसरे ट्रक ने मारी टक्कर।लोड ट्रक के चालक घायल हो गया।जानकारी के अनुसार ट्रक नंबर बीआर 21जीए/6101 टाटा कंपनी के बेस्ट बोकारो घाटो से स्लरी कोयला लोडकर बिहार जा रहा था।उसी समय हजारीबाग की ओर से तेज तेज रफ्तार में आ रहे ट्रक ने जोरदार टक्कर मारते हुए रामगढ़ की ओर भाग निकला।इस क्रम में ट्रक के चालक घायल हो गया।मौके पर पहुंची चरही पुलिस ने चालक को इलाज के स्थानीय अस्पताल भेज दिया।दुर्घटना ग्रस्त ट्रक को जब्त कर लिया।

### बहेरा उत्क्रमित मध्य स्कूल में लगा कंप्यूटर

चरही। गुरुवार को बहेरा पंचायत के मुखिया देवकी महतो और सीएसआर के नोडल पदाधिकारी पीयूष कुमार के अथक प्रयास से सीसीएल हजारीबाग क्षेत्र के महाप्रबंधक केके सिन्हा के द्वारा बहेरा के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय पिपरा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय कजरी और उत्क्रमित मध्य विद्यालय फुसरी में सी एसआर मद से दो-दो कंप्यूटर सेट लगाए गए।इस दौरान पिपरा विद्यालय के प्रधानाध्यापक असलम आजाद,शिक्षक जफर,मो.अजहर, पुष्पा,हसीना खातून,कलावती देवी, अध्यक्ष रवीना खातून,फूसरी विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनोज कुमार, शिक्षक जॉन हेम्ब्रोम,रोसा मरांडी,कजरी विद्यालय के प्रधानाध्यापक अशोक कुमार राम, शिक्षक घनश्याम सिंह,संतोष कुमार केसरी,बहेरा विद्यालय के प्रधानाध्यापक महेंद्र कुमार राणा, शिक्षक नंदलाल राम,वार्ड सदस्य अजहरुद्दीन अंसारी,समाजसेवी मो. मुंतज़िर अंसारी,विनोद कुमार केसरी, रियाज अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

### लुपुंग में गुरुकुल के लिए भूमि पूजन



हजारीबाग। लुपुंग ग्राम में स्थित सढवा मठ महादेव तीर्थ स्थल के परिसर मे सेवाने नदी के तट पर भारतीय शिक्षा परंपरा के आधारभूत गुरुकुल की स्थापना हेतु भूमि पूजन की गई। मुख्य अतिथि दिल्ली संस्कृत व हिंदी अकादमी के सचिव डॉक्टर जीतराम भट्ट मंगलवार को हवाई मार्ग से रांची पहुंचे उसके बाद सढवा मठ महादेव मंदिर परिषद में पहुंचे। रांची एयरपोर्ट पर नव झारखंड फाउंडेशन केंद्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा एवं केंद्रीय महासचिव राजेश झा ने डॉ भट्ट का स्वागत किया किया। पत्रकारों से बात करते हुए डॉ भट्ट ने कहा की नव झारखंड फाउंडेशन ने कई जगह पर गुरुकुल खोलने का संकल्प लिया है। उसी के तहत सढवा मठ महादेव मंदिर में आज गुरुकुल का आगाज हेतु भूमि पूजन किया गया ।देश में नई शिक्षा नीति के तर्ज पर मातृभाषा को जोड़ा गया है। इसका उद्देश्य बच्चों की मातृभाषा से जोड़े रखता है। भारत में कई भाषाओं पर संकट खड़ा है शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी हो गया है इससे नई शिक्षा नीति में मातृभाषा की अवधारणा तैयार की गई है। इस मातृभाषा का आधार गुरुकुल बन सकता है । भारतीय शिक्षा नीति के तहत बोर्ड बना है उसमें भारतीय शिक्षा पद्धति को मान्यता प्रदान करना है ।आजाद भारत में भारतीय शिक्षा पद्धति मूल शिक्षा नीति में नहीं पाई इस कारण भारत में अंग्रेज और अंग्रेजियत हावी रहे जब बच्चा मातृभाषा को सीखेगा तो उसका विकास होगा और अपनी माटी से जुड़ा रहेगा स्थापना से जुड़े श्री प्रदीप मिश्रा, बालेश्वर प्रसाद मेहता,अशोक कुमार राणा, रवि कुमार मेहता,दीपक कुमार मेहता, रामनरेश भारती, बिनोद जैन, विजय कुमार वर्मा, मुरारी खंडेवाला,सच्चिदानंद मेहता, सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### स्वामी सहजानंद सरस्वती की जयंती मनी



हजारीबाग। महान स्वतंत्रता सेनानी, राष्ट्रवादी नेता, संगठित किसान आंदोलन के जनक, किसानों के मसीहा एवं ब्रह्मऋषि समाज के आदर्श संत स्वामी सहजानंद सरस्वती की 13 वीं जयंती के अवसर स्वामी सहजानंद सेवा संस्थान, हजारीबाग द्वारा उनकी जयंती को समारोह के रूप में मनाया गया। ब्रह्मर्षि समाज, हजारीबाग के संस्थापक अध्यक्ष मुकेश कुमार की अध्यक्षता में सैकड़ों लोग शहर के सर्किट हाउस के बगल में स्थित प्रोवेश रिसॉर्ट परिसर में जुटे और स्वामी सहजानंद सरस्वती जी की तस्वीर पर पुष्पार्पन कर और दीप प्रज्वलित कर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रो. के. पी.शर्मा और प्रो.रामप्रिय प्रसाद ने कहा कि सहजानंद ने समाज को आगे ले जाने हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिया। स्वामी सहजानंद सरस्वती की प्रतिमा हजारीबाग में अधिस्ठापित करने और बिहार केशरी डॉ.श्रीकृष्ण सिंह उर्फ.श्रीबाबु को भारत रत्न की उपाधि से सम्मानित करने की मांग कार्यक्रम में हजारीबाग नगर के अलावे सदर, मांडू, बड़कागांव, बरही और बरकट्ठा सहित चतरा जिले के सिमरिया और चतरा विधानसभा और रामगढ़ एवं राजधानी रांची क्षेत्र से ब्रह्मऋषि समाज के लोग पहुंचे थे।

## स्पीड न्यूज

### पालकोट व कुरूमगढ़ के अतिसंवेदनशील बूथों का एसपी ने किया निरीक्षण



**गुमला।** लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस अधीक्षक गुमला हरविंदर सिंह ने चैनपुर के कुरूमगढ़ व पालकोट थाना क्षेत्र के अति संवेदनीशील मतदान केंद्रों का पुलिस पदाधिकारियों के टीम के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मतदान केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था व उसकी भौतिक स्थिति की जायजा पुलिस कप्तान ने ली। इस दौरान साथ चल रहे अधिकारियों व थाना प्रभारियों को एसपी ने आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। शांति पूर्ण मतदान संपन्न कराने को लेकर लगातार पुलिस कप्तान जिले के मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं। मतदान केंद्रों की व्यवस्था की जानकारी ले रहे हैं। निरीक्षण के क्रम में डीएसपी अभियान मनीष कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बसिया, थाना प्रभारी कुरूमगढ़ तथा थाना प्रभारी पालकोट उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री सर्व जन वृद्धा पेंशन योजना के शिविर की अवधि 23 फरवरी तक बढ़ी

**गुमला।** जिले के सभी पंचायतों में मुख्यमंत्री सर्वजन पेंशन योजना के तहत विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 50 वर्ष की आयु पूरा कर चुकी सभी वर्ग की महिलाएं तथा 50 वर्ष की आयु पूरा कर चुके एसटी व एससी वर्ग के बड़ी संख्या में पुरुषों ने आवेदन किया। पिछले 2 दिनों से लगाए गए शिविरों में अब तक 11 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं एवं लगातार तीन दिनों से लगाए गए शिविरों में सैंकड़ों की संख्या में लाभुकों की भीड़ देखने को मिली। सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा ललन कुमार रजक ने भी विभिन्न पंचायतों में लगे शिविरों का औचक निरीक्षण करते हुए वहां हो रहे कार्यों की पुष्टि भी की। सहायक निदेशक ने कहा कि योग्य लाभुक सर्वजन पेंशन योजना का लाभ जरूर लें। उन्होंने जानकारी दी कि 20 फरवरी से 22 फरवरी तक लगाए जाने वाले शिविर की अंतिम तिथि को विस्तारित करते हुए 23 फरवरी तक कर दी गई है।

### हंस फाउंडेशन के द्वारा आवासीय विद्यालयों में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा हंस फाउंडेशन के सहयोग से जिले के 11 प्रखंडों के 18 आवासीय विद्यालयों में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन 16 फरवरी से 22 फरवरी के बीच किया गया। इस दौरान आवासीय स्कूलों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच करते हुए आवश्यकता अनुसार निःशुल्क प्राथमिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराया गया है। हंस फाउंडेशन के डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर गुलशन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के 11 प्रखंडों के 18 आवासीय विद्यालयों में जांच शिविर का आयोजन किया जा चुका है। जिसमें से लगभग 2163 छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य जांच किया गया। जिनमें से लगभग 1481 से अधिक छात्र छात्राओं का खून जांच किया गया एवं 56 विद्यार्थियों को स्थानीय सीएचसी केंद्र के लिए रेफर किया गया है। स्वास्थ्य विभाग के नेतृत्व में इस शिविर में बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए एनीमिया, हिमोग्लोबिन, टाइफाइड, डेंगु, मलेरिया आदि का स्वास्थ्य जांच करवाएं जा रहे है। जिसमें मेडिकल ऑफिसर, एएनएम, फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन एवं वाहन चालक शामिल होते हैं।

### अनगड़ा प्रखंड कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष बने शफीक अंसारी



**अनगड़ा।** कुच्चू ग्राम निवासी विधायक प्रतिनिधि खाद्य विभाग सफीक अंसारी को प्रखड कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा का अध्यक्ष मनोनित किया गया है स प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष मंजुर अहमद अंसारी ने राँची ग्रामीण प्रखण्ड अध्यक्षों की समर्पित सूची को स्वीकृति प्रदान कर दी है जो तत्काल प्रभाव से लागू है स अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष मनोनित किए जाने पर शफीक अंसारी ने कहा कि वह कांग्रेस पार्टी का अभार व्यक्त करता है कि उसे इस पद पर कार्य करने का मौका दिया गया है स कहा कि निष्ठा और इमानदारी से कांग्रेस पार्टी के संगठन को और अधिक सशक्त एवं मजबुती प्रदान करने की दिशा में कार्य करूंगा। सफीक अंसारी को अल्पसंख्यक मोर्चा का प्रखण्ड अध्यक्ष बनाये जाने पर विधायक राजेश कच्छप पूर्व सांसद सुबोधकांत सहाय विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुन्डा वरिष्ठ कांग्रेस शिवदास गोस्वामी प्रखंड अध्यक्ष बरतु मुन्डा साकीर अंसारी मिनहाज अंसारी समशाद अंसारी नईम अंसारीए युनुस अंसारी अब्बास अंसारी बरतु छोटेलाल महतो कुलेश्वर मुण्डा दशरत पाहन सरिता देवी अनिता देवी समीम खान समेत सैकड़ों कांग्रेस कार्यकताओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### आजसू पार्टी के ग्राम प्रभारियों की बैठक



**अनगड़ा।** आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष जगरनाथ महतो की अध्यक्षता में अनगड़ा डाक बंगला में गुरुवार को ग्राम प्रभारियों के साथ खिजरी विधान सभा क्षेत्र प्रभारी एवं केंद्रीय सचिव जितेंद्र सिंह की देख रेख में पार्टी की बैठक हुयी। बैठक में ग्राम प्रभारियों की अंतिम सूची जमा की गयी । बैठक में मुख्य अतिथि केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उराँव ने ग्राम प्रभारियों को आजसू पार्टी की नीति और सिद्धान्तों को बताते हुए जल्द से जल्द चूल्हा प्रमुख बनाने का आह्वान किया। बैठक मे जिला सह सचिव राजेश पाहन प्रखंड सचिव धर्मेंद्र सिंह आसाराम महतो संजय महतो उमेश प्रामाणिक राजेन्द्र महतो दिलेश्वर बेदिया प्रकाश सिंह राजेश महतो गणेश उराँव कृष्ण कन्हैया केसरी सकीला प्रवीण गीता देवी शीला देवी ज्योति मुंडा लखिमनी देवी इत्यादि उपस्थित थे।

### सदानों ने लिया हक और अधिकार की रक्षा का संकल्प



**बेड़ो।** बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मंदिर मैदान स्थित रंगमंच पर गुरुवार को मूलवासी सदान मोर्चा की बैठक धनंजय कुमार रॉय की अध्यक्षता में हुई। जिसमें आगामी 27 मार्च को होनेवाली मोरहाबादी मैदान से राजभवन तक पैदल मार्च कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए व्यापक विचार विमर्श किया गया। बैठक में मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने इसे एक स्वर से सफल बनाने का संकल्प लिया। वहीं मौके पर सुरेश महतोए मुमताज खानए कोरेश मिरदाहाए उमेरा खातुनए बसंती देवीए सरिता देवीए सावित्री देवीए नवल किशोर सिंहए धनंजय महतो व नवदीप महतो समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे। बैठक का संचालन विश्वनाथ गोप ने किया।

### विधायक ने किया मोटर पार्टस दुकान का उद्घाटन

**अनगड़ा।** गोंदली पोखर चौंक में गुरुवार को मुख्य अतिथि खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने नायक मोटर पार्टस दुकान का फीता काट कर उद्घाटन किया स इस मौके पर विधायक राजेश कच्छप ने नायक मोटर पार्टस की दुकान के प्रोपराइटर सचिन नायक को बधाई देते हुए कहा कि यहां मोटर पार्टस की दुकान खुलने से क्षेत्र के लोगों को काफी लाभ मिलेगा उन्हें पार्टस खरीदने के लिए रांची जाना नहीं पड़ेगा। मौके पर प्रमुख दीपा उरांव टीएसी सदस्य जमल मुण्डा सहित विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुण्डा शिवदास गोस्वामी विधायक प्रतिनिधि खाद्य विभाग सफीक अंसारी विधायक प्रतिनिधि शिक्षा विभाग साकीर अंसारी आदि मौजूद थे।

## ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों का भरा जा रहा है आवेदन

**ओलावृष्टि से कई गांवों के फसल हो चुके है बर्बाद**

खबर मंत्र संवाददाता



आवेदन जमा करने जाते ग्रामीण।

**कैरो।** प्रखंड के सढ़ाबे व हनहट पंचायत सहित विभिन्न गांव में बीते 14 फरवरी को आंधी तूफान के साथ आई ओलावृष्टि के कारण किसानों के खेत मे लगे प्याज, आलू, मटर, टमाटर, अरहर, लहसुन, गोभी, चना सहित अन्य फसल बुरी तरह बर्बाद होने के बाद किसानों की अंतिम उम्मीद मुआवजा राशि को लेकर अपने अपने क्षेत्र के किसान मित्रों व जनप्रतिनिधियों के पास आवेदन जमा करने का हुजूम जमा हो रहा है। ओलावृष्टि के कारण सबसे ज्यादा प्रभावित खरता, टाटी, सढ़ाबे, गीतिलगढ़ के किसानों के सामने जैसे जैसे धूप निकल रहा है वैसे वैसे खेतों में सुखाड़ और बबार्दी की दृश्य देखकर किसानों के चेहरे में चिंता साफ साफ दिखाई दे रही है। किसान बहादुर उरांव, बिनय भगत, सुसेन महतो, बीरबल महली, राजू उरांव, जगरनाथ उरांव, राजकुमार टाना भगत, पैरी भगताईन, सावित्री भगताईन, सिंधु देवी, नितेश दुबे, सोमनाथ महली, जयसूर्या साहू, विजय उरांव सहित किसानों का कहना है कि अगर समय पर उचित मुआवजा की राशि नहीं मिलती है तो हम किसानों के सामने बड़ा ही परेशानी का दौर आ जाएगा ऐसे में खेती करना तो दूर की बात है परिवार को खिलाने पिलाने की दिक्कत हो जाएगी, इसी लिए एक उम्मीद के साथ आवेदन जमा कर रहे हैं ताकि अगर उचित मुआवजा मिलती है तो हमलोग पुनः एक बार आर्थिक स्थिति को सुधारने का प्रयास करेंगे। मामले पर मुखिया सुमित्रा उरांव, उप मुखिया जगबंधन भगत भी प्रभावित गांव जा जाकर किसानों को जल्द से जल्द आवेदन जमा करने के लिए जागरूक कर रहे हैं। वहीं कृषक मित्र किसानों के आवेदन भरने से लेकर जनप्रतिनिधियों के हस्ताक्षर करवाने में मदद कर रहे हैं। मामले पर प्रखण्ड सह अंचल अधिकारी पवन कुमार महतो का कहना है कि किसानो के आवेदन मिलते ही उसपर कार्यवाही करते हुए मुआवजे के लिए जो विधिवत प्रक्रिया होगी किया जाएगा।

## छोटी-छोटी समस्या का गांव में ही ग्रामीण करें समाधान : मिशन बदलाव

**मिशन बदलाव ने किया खुली बैठक का आयोजन**



खबर मंत्र संवाददाता

**गुमला।** मिशन बदलाव टीम के सदस्यों के द्वारा गुरूवार को सिसई प्रखण्ड के रेड़वा पंचायत के बैरटोली गांव में समस्याओं के समाधान को लेकर खुली बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मिशन बदलाव के संयोजक भूषण भगत, कामडारा प्रखंड अध्यक्ष मारवाड़ी विरहोर, कामडारा सलाहकार जेम्स होरो, ग्राम सदस्य की मौजूदगी रही। जिसमें ग्रामीणों ने गांव की समस्याओं पर चर्चा की। मिशन बदलाव के भूषण भगत ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी ग्रामीण को अपने विधायक एवं सासंद से यह सवाल जरूर पूछना चाहिए कि वे गांव की समस्याओं के समाधान के लिये क्या क्या पहल किये। जिसमें की गांव की सड़क, नाली, अबुआ आवास योजनाओं की अनियमितता और राशनकार्ड बनवाने हो रही परेशानी में क्या पहल किये। मारवाड़ी विरहोर ने कहा कि विधायक और संसद आश्वासन देकर जनता को ठगने का कार्य करते हैं। जिससे सचेत होने की जरूरत है। जेम्स होरो और राजू टोप्पो ने कहा कि छोटी-मोटी समस्याओं का समाधान गांव में ही मिल बैठकर करना चाहिए। प्रसाशन एवं पदाधिकारी तक पहुंचने पर और कई चुनौतियां आ जाती है। गांव में खुली बैठक का आयोजन कर ग्रामीण अपनी समस्या का स्वयं समाधान की पहल करें।

## न्याय मिलने तक जारी रहेगा न्याय यात्रा : अमृता भगत

**कांग्रेस महिला मोर्चा के द्वारा कचहरी परिसर में न्याय शिविर का आयोजन**

खबर मंत्र संवाददाता



**गुमला।** कांग्रेस महिला मोर्चा की अध्यक्ष अमृत भगत के नेतृत्व में गुरूवार को कचहरी परिसर में न्याय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें न्याय की आश लिए पहुंची महिलाओं ने अपनी-अपनी समस्याएं रखी। जिनके समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया गया। मोर्चा की जिलाध्यक्ष अमृता भगत ने बताया कि न्याय यात्रा न्याय का हक मिलने तक जारी रहेगा। शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर यह कैंप लगाया गया है। जिसमें 30 से अधिक महिलाओं ने अपनी समस्याएं रखी है। जिला प्रभारी नीलम सहाय ने कहा कि महिलाओं को न्याय दिलाने के यह शिविर लगा है। निश्चित इससे महिलाएं सशक्त होगी और उनमें न्याय की उम्मीद जगेगी। कांग्रेस के प्रदेश सचिव रमेश कुमार ने कहा कि कांग्रेस पार्टी महिलाओं के आत्मसम्मान व उनके समस्याओं के समाधान को लेकर लगातार कार्यक्रम चला रही है। महिलाएं ऐसे शिविरों में आकर अपनी समस्या को रख सकती हैं। जिसका समाधान पार्टी स्तर से किया जाएगा।

इस अवसर पर पर प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी, महिला उपाध्यक्ष हेमावती लकड़ा, रोहित उरांव, अरूण गुप्ता, अमर प्रदीप कुजूर, जय सिंह, शांति उरांव आदि उपस्थित थे।

## गुमला : अबुआ आवास योजना में हो रही गड़बड़ी रोकने को लेकर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**गुमला।** भाकपा (माले) रेड स्टार के जिला कमेटी सदस्य सह झारखंड नवनिर्माण दल मजदूर यूनिट के जिला प्रभारी शंकर उरांव ने जिले भर में अबुआ आवास योजना में हो रही गड़बड़ी रोकने की मांग को लेकर गुमला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। मौके पर श्री उरांव ने कहा है कि आवास योजना की सूची में लगभग 40% आर्थिक रूप से संपन्न लोगों का नाम शामिल है। जिसे सत्यापन कर ही आवास योजना का लाभ देने का आग्रह किया है। उन्होंने यह भी कहा है कि गरीबों व जरूरतमंदों को आवास योजना का लाभ मिलना चाहिए। उपायुक्त के अनुपस्थिति में उपायुक्त कार्यालय में ज्ञापन रिसीव कराई गई है। विभिन्न जगहों से मिल रही जन शिकायत के बाद पार्टी ने जिला प्रशासन को इस मामले से अवगत कराया है। विदित हो कि अबुआ आवास योजना की सूची में सक्षम लोगों को शामिल किया गया है। वहीं गरीब परिवार खास कर जिनका घर छोटा है उन लोगों का नाम सूची से गायब है। इसका मतलब साफ है कि पैसा देकर आर्थिक रूप से मजबूत लोग अबुआ आवास योजना का लाभ लेना चाहते हैं। उरांव ने यह भी कहा है कि कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में 28 फरवरी 2024 को गुमला में होनेवाली चेतावनी कार्यक्रम में इस मामले को प्रमुखता से उठाई जाएगी।

## योग्य छात्राओं का नामांकन प्राथमिकता के आधार पर होगा : जयनाथ महतो



खबर मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सेन्हा में विद्यालय स्तरीय नमांकन समिति की बैठक प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जयनाथ महतो की अध्यक्षता में गुरूवार को संपन्न हुआ। बैठक में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने समिति के सदस्यों से कहा की विद्यालय में कक्षा 6 में नया नमांकन पाने को लेकर 494 आवेदन विद्यालय को प्राप्त हुआ है। जिसे कक्षा 6 में प्रवेश के लिए 75 आवेदन को चयन कर स्वीकृति देना है। इस लिए एक एक बच्चियों के आवेदन का आलोकन किया जाए और योग्य बच्चियों का प्राथमिकता के अनुसार नमांकन लिया जायेगा। वही सदस्यो द्वारा प्राप्त आवेदन को अवलोकन के उपरांत विद्यालय प्रबंध समिति को सूची बनाने का निर्देश दिया गया। जिसे की पुन बैठक कर सूची को अंतिम रूप दे योग्य छात्रओं का नामांकन लिया जायेगा। मौके पर जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की, विधायक प्रतिनिधि विरेन्द्र उरांव, प्रखंड प्रमुख फुलझरी देवी, बीस सुत्री अध्यक्ष अफरोज आलम, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी त्रिवेनी भगत, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष उर्मिला देवी, वार्डेन पुनम कुमारी, प्रेम दानी कुजूर, जयमाला सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## चरित्र ही मानव की सबसे बड़ी पूंजी : पंकजजी

**बाबा जयगुरुदेव जी के उत्तराधिकारी ने दिया मानवता का संदेश**

खबर मन्त्र संवाददाता



**राहे।** सनातन धर्म को जन.जन तक पहुंचाने को लेकर संत बाबा जयगुरुदेव जी महाराज के उत्तराधिकारी संत पंकज जी महाराज के शाकाहार.सदाचारए मद्यनिषेध आध्यात्मिक जनजागरण यात्रा के 59 वां पड़ाव राहे प्रखंड के शिवटंगरा मंदिर पूरनानगर.महेशपुर के परिसर में गुरुवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। संत पंकज जी के आगमन पर लोगों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया।आयोजित सत्संग समारोह पंकज जी महाराज ने कहा की मानव जीवन का सार्थकता तभी सफल होगा जब हम चरित्र को साफ रखेएशाकाहारीएसदाचारी बने। इसलिये आप अपने आत्मकल्याण पर विचार कीजिये।अच्छे कर्मों का फल अच्छा ही मिलेगा। इन्होंने कहा कि चरित्र मानव की सबसे बड़ी पूंजी है ।सबसे पहले आप मानवतावादी बनेंए एक.दूसरे की निःस्वार्थ भाव से सेवा करें। सत्यए प्रेमए दयाए करुणाए अहिंसा जीवन में अपनायें। बच्चों में अच्छे संस्कार डालना समय की सबसे बड़ी जरूरत है। उपस्थित जन समुदाय को आभार व्यक्त करते हुये महाराज ने 24 से 26 मार्च तक जयगुरुदेव आश्रम मथुरा में आयोजित होने वाली होली सत्संग मेले में आने का निमन्त्रण दिया।

मौके पर संस्था के महामन्त्री बाबूराम यादव आश्रम मथुरा के प्रबन्धक सन्तराम चौधरी जयगुरुदेव संगत झारखंड के अध्यक्ष रामचन्द्र दिल्ली प्रदेशाध्यक्ष विजय पाल सिंह रांची जिला अध्यक्ष अविनाश कुमार आयोजक राज किशोर अक्षय मेहता जयकिशोर सिंह राधा मोहन महतो सहयोगी संगत हरदोई उत्तर प्रदेश के गंगाराम मलिखेराम रामलखन भगौती सिंह आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

### झामुमो कार्यकर्ताओं ने निकाली न्याय यात्रा




**बुंडू।** झामुमो के बैनर तले गुरुवार को स्थानीय विकास कुमार मुंडा के आवास से धुर्वा मोड़ तक न्याय यात्रा निकली गई। झामुमो कार्यकताओं में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के न्यायिक हिरासत को लेकर कार्यकताओं में आक्रोश थाए विधायक प्रतिनिधि हर्षवर्धन शर्मा ने कहा भाजपा सरकार विपक्ष के सभी सरकारों को ईडीए सीबीआई जैसे केंद्रीय एजेंसी यो से विपक्ष को डरा रही है। तमाड़ प्रमुख अजय कुमार मुंडा ने कहा हमारे लोकप्रिय पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को केन्द्र के षड्यंत्रों से जेल भेजा गया है। आने वाले दिन में आदिवासी मूलवासी इसका और विरोध करेंगे। न्याय यात्रा में बुंडू प्रमुख राजकुमार बींझीया विजय अरविंद कुमार मोनू जायसवाल सीताराम महतो संदीप महतो जयराम महतो हरेंद्र महतो सोनाराम महतो बबलू कुंडू प्रेमा यादव आदि मौजूद थे।

## भाजपा नफरत और दबाव की कर रही राजनीति

खबर मन्त्र संवाददाता



**तमाड़।** कांग्रेस पार्टी द्वारा पश्चिमी मंडल तमाड़ प्रखंड का पंचायत और बूथ कमिटी की बैठक आयोजित किया गया। बैठक में पश्चिमी मंडल के पंचायत और बूथ स्तरीय कार्यकर्ता शामिल हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तमांड़ विधानसभा के पूर्व विधायक कालीचरण मुंडा उपस्थित हुये। संबोधन में कालीचरण मुंडा ने कहा कि आज पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी नफरत की राजनीति कर रही है। दबाव की राजनीति कर रही है। देश में जो बेरोजगारी है महंगाई है उससे सरकार का कोई लेना देना नहीं है। आने वाले 2024 के चुनाव में भाजपा को केंद्र से हटाने का संकल्प लिया गया। मौके पर खूंटी जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि मिश्राए झारखंड प्रदेश प्रतिनिधि अजय साहूए प्रदेश प्रतिनिधि नईमुद्दीन खानए आदिवासी प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष विल्सन टोपनो उपस्थित था। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष सुधीर मुंडाए अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष संजय सेठ व धन्यवाद ज्ञापन मोतीलाल पुराण ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित उदय मुंडाए दीपक गुप्ताएकुंन्दला मुखिया शकुंतला देवीएजागरण मुंडाए लालू प्रसाद महतो पूर्वी अध्यक्ष बुद्धू मुंडा राजेंद्र मुंडाए दिगंबर लोहारए फनी भूषण शर्माए सुनील सिंह मुंडा प्रधान सिंह मुंडा सुखराम सिंह मुंडा ग्राम प्रधान राम सिंह मुंडा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### बागवानी मिशन योजना के तहत किसानों का प्रशिक्षण संपन्न

**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज के मायापुर पंचायत भवन में राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना अंतर्गत पांच दिवसीय ग्रामीण किसान परिशिक्षण कार्यक्रम गुरुवार को संपन्न हुआ। पांच दिवसीय किसान परिशिक्षण कार्यक्रम के आखरी दिन के मुख्यतिथि मायापुर मुखिया पुष्पा खलखो उपस्थित थी। वही कार्यक्रम में पंसस मेनका देवीएवार्ड सदस्योंएविधायक प्रतिनिधि सहित किसान ग्रामीणों मौजूद थे। पांच दिवसीय किसान शिक्षण कार्यक्रम गोलवालकर एग्रोटेक प्रोड्यूसर कंपनी के द्वारा राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को जानकारी दी।

### सिल्ली कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष बने शहाबुद्दीन अंसारी



**मुरी।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी अल्प संख्यक विभाग के माननीय अध्यक्ष मंजूर अंसारी की सहमति से रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस अल्प संख्यक विभाग के जिला अध्यक्ष शमीम अख्तर अंसारी ने कुटाम निवासी शहबुद्दीन अंसारी को सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अल्पसंख्यक अध्यक्ष नियुक्त किया है। शहबुद्दीन अंसारी के नियुक्ति पर रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस उपाध्यक्ष नागेन्द्र नाथ गोस्वामी जिला सचिव नागेश्वर महतो सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो सिल्ली प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष निशाकर महतो उपाध्यक्ष मनीराम दास सचिव बलराम महतो योगेंद्र कोइरी कोषाध्यक्ष मंजूर मोमिन सिल्ली पश्चमी मंडल अध्यक्ष गुहीराम महतो पूर्वी मंडल अध्यक्ष भूतनाथ मंडल ने बधाई दी है।

## श्री महावीर मंदिर वर्षगांठ पर निकली कलश यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** श्री महावीर मंदिर प्रथम वार्षिकोत्सव पर बुटी गांव से सुबह जुमार नदी के लिए 251 कलश के साथ निकली महिला एवं पुरुषों का जत्था जो देखते ही बनती थी। कलश यात्रा में क्या बच्चे क्या बूढ़े सभी एक साथ जय श्री राम, जय बजरंगबली, जय सियाराम के नारों के उद्घोष के साथ श्री बजरंगबली मंदिर, ऊपर टोला, बूटी से कलश यात्रा सुबह 9.30 बजे शुरू हुई और बूटी स्कूल चौक मुख्य पथ से चौधरी पेट्रोल पंप तक कतारबद्ध होकर श्रद्धालु पहुंचे एवं जुमार नदी पूजा घाट के लिए बुटी पहान टोलीए मड़ई होते हुए बाजा गाजा के साथ जुमार नदी पूजा घाट हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे एवं पूजा अर्चना के बाद 200 बजे नगर भ्रमण करते हुए श्री बजरंगबली मंदिर प्रांगण पहुंचे एवं कलश को पंडित अजीत पांडे ने स्थापित कराया। नगर भ्रमण में हर मोहल्ला में श्रद्धालुओं का फूल माला एवं शरबतए पानी से स्वागत किया गया। मुख्य पुजारी गण को पंडित अजीत पांडे ने पंचदेव पूजन कराया तथा शाम 7.00 बजे से अखंड कीर्तन शुरू किया गया है जो कल सुबह 7.00 बजे तक चलेगा। 23 फरवरी शाम 6.00 बजे से भव्य भंडारा का आयोजन रखा गया है, जिसमें समाज के हर वर्ग के बुद्धिजीवियों और समाजसेवियों को आमंत्रित किया गया है।

**कलश यात्रा में ये श्रद्धालु थे शामिल**

कलश यात्रा में महावीर मंडल के नरेश महतो अध्यक्ष, रामकिशोर ओहदार सचिव, रामेश्वर प्रसाद संयोजक, ललकु महतो, लगन लाल महतो, नंदकिशोर महतो, शिव गोविंद प्रसाद, मोहनलाल महतो, बाल कृष्णा महतो, विजय महतो, सुरेश महतो, रमेश महतो, जय नाथ महतो, शिवचरण महतो, परमेश्वर प्रसाद, काशीनाथ महतो, अर्जुन महतो, विष्णु कुमार, उमेश कुमार, राहुल कुमार, कृष्णा महतो, श्रवण कुमार, सोनू ठाकुर, कुणाल कुमार, मनीष कुमार महतो, राजन महतो, मनोज महतो, सनोज महतो, प्रदीप महतो, पवन कुमार, रोशन कुमार, सनोज कुमार, गुलेश्वर महतो, फुलेश्वर महतो, हरिलाल महतो, किशोर महतो, बंटी महतो, अनूप कुमार महतो, महेंद्र महतो, बादल कुमार, दिनेश महतो, लिखेश्वर ओहदार, भुवनेश्वर महतो, अजीत कुमार, ओंकार सिंह, अरविंद कुमार, प्रमोद महतो, किरण देवी, रेखा देवी, अंजली देवी, करुणा देवी, गणेश महतो, प्रीति कुमारी एवं राजलक्ष्मी वाला विशेष रूप से उपस्थित थे।

### अम्बाझरिया पंचायत के जंगल में 32 एकड़ में लगे पोस्ते की खेती नष्ट



**राहे।** एसएसबी 26 वीं बटालियन के कमांडेंट एसडी शेरखाने के निर्देश पर राहे प्रखंड क्षेत्र के अम्बाझरिया पंचायत के कोम्बो जाराडीह कोम्बो गांव के आसपास के जंगल में 26 वीं बटालियन ए कम्पनी सताकी और अनगड़ा पुलिस के संयुक्त अभियान में 32 एकड़ में लगे पोस्ते की खेती को नष्ट किया गया। इस दौरान ग्रामीणों के बीच नशे से दूर रहने को लेकर जागरूकता चलायी गयी। अभियान में ए कम्पनी के कमांडर शशि कुमार सहायक उपनिरीक्षक भूपेंद्र कुमार दीपक सिंह मयांग मेरेन तथा प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक प्रशांत बैक और अन्य जवान इस अभियान में शामिल थे।

### कामगारों के आश्रितों के नाम आवंटित करें क्वार्टर

**खलारी।** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया अंबेडकर के जिला संगठन सचिव सह अम्बेडकर विचार मंच के महासचिव श्यामजी महतो ने खलारी सीमेंट फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा सेवानिवृत्त हुए कामगारों एवं उनके आश्रितों से उनका मकान खाली कराए जाने पर कड़ा विरोध किया है। महतो ने कहा कि खलारी सीमेंट फैक्ट्री प्रबंधन तथा उनके बिचौलियों के द्वारा खलारी सीमेंट फैक्ट्री से सेवानिवृत्त हुए कामगारों तथा उनके आश्रितों को कानून का भय तथा तरह.तरह के हथकंडे अपना कर और नोटिस भेजकर क्वार्टर खाली कराया जाना मानवता के विरुद्ध है। झारखंड सरकार के विभागों के द्वारा इन क्वार्टरों में पानीए बिजली की सुविधा प्रदान की गई है। जिसका क्वार्टर में रहने वाले लोग झारखंड सरकार को शुल्क जमा कर रहे हैं। यानी क्वार्टर का मालिकाना हक फैक्ट्री से सेवानिवृत्त कर्मचारियों का होना चाहिए।

# राजकीय इटखोरी महोत्सव का समापन

## देश के नामचीन व स्थानीय कलाकारों ने दी शानदार प्रस्तुति







**पंकज सिंह**

**इटखोरी।** सुर साज संग जिस तरह राज्य के प्रसिद्ध तीर्थस्थल भद्रकाली मंदिर में राजकीय इटखोरी महोत्सव का आगाज हुआ था उसका समापन भी रंगीन आतिशबाजियों से हुआ। अगले वर्ष 2019 में फिर मिलेंगे के संदेश के साथ राजकीय इटखोरी महोत्सव बुधवार की रात संपन्न हो गया। अंतिम दिन सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया था जहां लोगों ने संगीत और नाटय प्रस्तुति का जमकर लुत्फ उठाया। समापन समारोह में हजारीबाग में बीएसएफ कैंप से आए जवानों के बाद सिमरन साह एवं ग्रुप, प्रकाश कुमार एवं ग्रुप, रजत आनंद एवं ग्रुप, सुप्रसिद्ध गजल गायिका डॉक्टर मृणालिनी अखौरी और इंडियन आयडल-3 फेम पूजा चटर्जी ने प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। तीन दिन तक चले इस आयोजन में भोजपुरी गायिका अक्षरा सिंह, बॉलीवुड गायक विनोद राठौड़, अल्ताफ राजा पद्म श्री से सम्मानित मुकुंद नायक, शालिनी दुबे, सत्या ठाकुर, डा विपिन मिश्रा, सुशील महतो एवं लखीराम नायक ग्रुप, किस्सु राहुल, साक्षी प्रिया समेत कई कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। विदित हो कि भद्रकाली मंदिर को विश्वपटल पर लाने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आगाज किया गया। कार्यक्रम के अंत में सांसद सुनील सिंह और डीसी ने राजकीय इटखोरी महोत्सव 2024 के सफल आयोजन हेतु जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की पूरी टीम को बधाई दिया। अंत में सभी कलाकारों को अतिथियों ने मोमेंटो भेट कर समानित किया। कार्यक्रम के दौरान सांसद, विधायक, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के पदाधिकारीव कर्मि सहित सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**10वां साल था इस महोत्सव का :** हम आपको बता दें कि यह राजकीय इटखोरी महोत्सव वर्ष 2015 से आयोजित होता आ रहा है। इस महोत्सव का उद्देश्य पर्यटन विकास की बढ़ावा देने के साथ-साथ इन क्षेत्र की प्राचीन सभ्यता व संस्कृति से अवगत करना। राजकीय इटखोरी महोत्सव की शुरूआत वर्ष 2015 से हुई है। चतरा संसदीय क्षेत्र से सांसद बनने के बाद सांसद सुनील कुमार स?िंह ने वर्ष 2015 में मंदिर परिसर के विकास के उद्देश्य से इटखोरी महोत्सव का आयोजन शुरू किया। एक वर्ष बाद ही वर्ष 2016 में इटखोरी महोत्सव को राज्य सरकार ने राजकीय महोत्सव का दर्जा प्रदान कर दिया।

# खबर एक नजर में

## होमगार्ड ग्राउंड में स्पोर्ट्स मीट का शुभारंभ

रांची। धुर्वा स्थित होमगार्ड ग्राउंड में आज गुरुवार को तीन दिवसीय झारखंड राज्य गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन विभाग के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस मौके पर डीजी अनिल पालटा, एडीजी प्रिया दुबे, डीआईजी वाई एस रमेश समेत अन्य वरीय अधिकारी मौजूद थे।

**प्रतियोगिता में 450 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं :** कार्यक्रम की शुरूआत परेड की सलामी से हुई। कमांडेंट अमित कुमार सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 450 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के तहत 10 खेलों का आयोजन किया गया है। जिनमें एथलेटिक्स, फुटबॉल, वॉलीबाल शामिल हैं. प्रतियोगिता का समापन 24 फरवरी को होगा। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में खेल मंत्री हाफिजुल हसन शामिल होंगे।

## स्कूटी चोरी का पुलिस ने दर्ज कर लिया एफआइआर चोरी वाली स्कूटी से खुद चल रही है शिकायतकर्ता

**रांची।** एक परिवार पर एक महिला के द्वारा स्कूटी चोरी की रिपोर्ट दर्ज की गयी। पुलिस ने एफआइआर दर्ज कर लिया और आरोपी को स्कूटी चोरी का आरोप लगाया। आरोप जिस परिवार पर लगा है, वह लालपुर थाना एरिया में रहते हैं। अब वह परिवार परेशान है। परिवार में मौजूद 70 वर्षीय वृद्धा का कहना है कि उनलोगों पर झूठा मुकदमा दर्ज किया है। परिजन लालपुर थाना गये, लेकिन उनके आवेदनों पर सुनवाई नहीं हुई। उन्हें बैरंग थाने से लौटा दिया। सबसे दिलचस्प बात है कि इस कांड के अनुसंधानकर्ता ने न तो स्कूटी खोजने का प्रयास किया और न ही छानबीन की।

**जिस पर लगा आरोप, उसने ही खोज डाला स्कूटी :** जिस परिवार पर नूतन सिंह नामक महिला ने स्कूटी चोरी का एफआइआर दर्ज कराया है। उसी परिवार ने स्कूटी को खोज निकाला। गुरूवार को स्कूटी सांता गर्ल्स हॉस्टल के पास देखी गयी। इस संबंध में जब लालपुर थाना प्रभारी आदिकांत महतो से पूछी गयी तो कहा गया कि मामले की छानबीन कर रहे हैं।

## बनस तालाब में मरंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की प्रतिमा लगाने की मांग



**रांची।** बड़ा तालाब में निर्मित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा की तर्ज पर बहुबाजार स्थित बनस तालाब में मरंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की प्रतिमा लगाने व तालाब का सुंदरीकरण की मांग की गई है। यह मांग संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के प्रदेश व ऑल इंडिया क्रिश्चियन माइनोरिटी फ्रंट के महासचिव प्रवीण कच्छप ने की है। इस संबंध में गुरूवार को नगर निगम के अपर प्रशासक उमाकांत गुप्ता को पत्र सौंपा गया है। पत्र में बहुबाजार चौक का नामाकरण झारखंड आंदोलनकारी चौक करने की भी मांग की गई है। मौके पर अनूप खलखो सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## भारत स्काउट और गाइड ने मनाया चिन्तन दिवस




**रांची।** स्काउट संगठन के संस्थापक लार्ड बेडेन पावेल का जन्म दिन चिन्तन दिवस के रूप में गुरूवार स्काउट और गाइड मुख्यालय में मनाया गया। कार्यक्रम में लगभग 250 स्काउट, गाइड ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत झंडोत्तोलन से हुआ। इसके बाद स्वागत गान प्रस्तुत किया। संत कुलदीप उच्च विद्यालय, हरमू का बैण्ड डिस्प्ले कर सबों का मन मोह लिया। इस मौके पर सिस्टर तेरेसिता, राज्य आयुक्त( गाइड), खुबलाल कुमार, राज्य कोषाध्यक्ष, आशा बागे,राज्य संगठन आयुक्त (गाइड) ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

# जमशेदपुर एफसी की शानदार वापसी ईस्ट बंगाल एफसी को 2-1 से हराया

**विशेष संवाददाता**








**मैच जीतने के बाद जश्न मनाते जमशेदपुर एफसी के खिलाड़ी, गोल करने के बाद गले मिलते जमशेदपुर के खिलाड़ी और स्कोर बोर्ड।**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर एफसी ने गुरुवार को अपने घरेलू मैदान जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले गए इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 मुकाबले में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए ईस्ट बंगाल एफसी को 2-1 हरा दिया। जमशेदपुर एफसी की शानदार जीत में स्थानापन्न जापानी अटैकिंग मिडफील्डर रे ताचिकावा ने 81वें मिनट और फ्रेंच अटैकिंग मिडफील्डर जेरेमी मानजोरो ने 90+7वें मिनट में गोल किए। जेरेमी मानजोरो को निर्णायक गोल करने और मिडफील्ड में मजबूत खेल दिखाने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।

आज रेड माइनर्स द्वारा पिछड़ने के बाद जीत हासिल करने से मुख्य कोच खालिद जमील प्रसन्न जरूर होंगे। जमशेदपुर एफसी 17 मैचों में पांच जीत, पांच ड्रा और सात हार से 20 अंक लेकर तालिका में सातवें से छठे स्थान पर चली गई है। वहीं, रेड एंड गोल्ड ब्रिगेड के बढ़त के बाद मैच गंवाने से स्पेनिश हेड कोच कार्ल्स कुआड्राट निश्चित रूप से निराश होंगे। ईस्ट बंगाल एफसी 15 मैचों में तीन जीत, छह सात और छह हार से 15 अंक लेकर तालिका में आठवें स्थान पर बनी हुई है।

मैच का पहला गोल 45वें मिनट में आया, जब विंगर नंदकुमार सेकर ने ईस्ट बंगाल एफसी को बढ़त दिलाते हुए स्कोर 1-0 कर दिया। बायीं तरफ से कप्तान क्लिटन सिल्वा के करारे शॉट को जमशेदपुर एफसी की डिफेंस ने बॉक्स के बाहर ब्लॉक जरूर किया लेकिन गेंद डिफ्लेक्ट होकर बॉक्स के अंदर दाहिनी तरफ नंदकुमार के पास पहुंची, जहां से उन्होंने करारा राइट फुटर शॉट लगाया और गेंद गोलकीपर टीपी रेहेनेश के पैरों के बीच से निकलकर गोल-लाइन को पार करके बॉटम लेफ्ट कॉर्नर के अंदर चली गई।

81वें मिनट में स्थानापन्न जापानी अटैकिंग मिडफील्डर रे ताचिकावा ने मैदान में उतरने के एक मिनट में ही गोल करके जमशेदपुर एफसी को 1-1 की बराबरी दिला दी। दाहिनी तरफ से फॉरवर्ड निखिल बारला ने बॉक्स के अंदर क्रॉस डाला, जहां ताचिकावा ने आगे की तरफ हेडर करके गेंद को बॉटम लेफ्ट कॉर्नर के अंदर पहुंचा दिया जबकि गोलकीपर प्रभसुखन गिल अपने दाहिनी ओर डाइव लगाकर भी बचाव नहीं कर पाये।

## ओवरलोड तीन गिट्टी और मोरम लदा हाइवा जब्त

**हुसैनाबाद पलामू।** अनुमंडल पदाधिकारी सह आइएएस आशीष गंगवार ने बिना परमिट के ओवरलोड तीन हाईवा को किया जप्त कर हुसैनाबाद थाना को सौंप दिया। यह कार्रवाई जपला छतरपुर मुख्य मार्ग पर की गई सभी हाईवा पर ओवरलोड गिट्टी व मोरम लदा हुआ है। इस संबंध में एसडीओ आशीष गंगवार ने कहा कि सभी जप्त हाईवा की जपती सूची को जिला खनन पदाधिकारी मेदिनीनगर को कार्रवाई के लिए अग्रसारित की है। उन्होंने कहा कि हाईवे पर ओवरलोड गिट्टी व मोरम लादकद सड़क पर सरपट दौड़ा रहे हैं। जिस कारण कहीं ना कहीं दुर्घटना घटना की संभावना बनी रहती है। उन्होंने ओवरलोड सभी बड़े वाहनों को सड़क पर चल रहे चालकों को व मालीक को कड़ी चेतावनी देते हुए सड़क पर चलने का निर्देश दिया है। जांच अभियान के दौरान जप्त हाईवे बीआर 24 जीसी 5962, जेएच 03 एडी 5944 को जप्त कर एग्रेतर कार्रवाई के लिए जिला खनन पदाधिकारी को भेजा गया है।

# नपं के कार्यपालक पदाधिकारी ने सड़क पर अवैध अतिक्रमण हटाया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद पलामू।** नगर पंचायत क्षेत्र में नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी विपुल सन्नी ने गुरुवार को अवैध अतिक्रमणकारियों के खिलाफ अभियान चलाया। यह अभियान हुसैनाबाद के अनुमंडल पदाधिकारी सह आइएएस आशीष गंगवार के निर्देश पर चलाया गया। कार्यपालक पदाधिकारी विपुल सनी ने बताया अनुमंडल मुख्यालय स्थित नगर पंचायत के कई चौक चौराहों पर अवैध तरीके से लोग अतिक्रमण कर सड़क को अवरुद्ध करते जा रहे हैं। जिससे कई समस्याओं का सामना करना पड़ता हैं। उन्होंने कहा कि कई व्यवसाई व ग्रामीण के द्वारा अपने वाहन को सड़क पर खड़ा कर सड़क को जाम कर देते हैं। जिससे सड़क पर आम लोगों को चलने में काफी परेशानी होती है। कहा कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि सड़क पर अनायास बाइक को खड़ा कर लोग इधर-उधर घूमते हैं जो कानून गलत है। उन्होंने कहा कि सड़क पर वाहन को लगाकर घूमने वालों को अब खैर नहीं रहेगी। दौरान सड़क पर लगाए गए कई दुकानों को जेसीबी मशीन से उठाकर ट्रैक्टर पर लोड कर जब्त किया। एवं दुकान से बाहर सड़क पर सेड लगाने वालों को खोलने का निर्देश दिया है। अतिक्रमण हटाओ अभियान में नगर पंचायत के कई कर्मी उपस्थित थे। अभियान के दौरान नगर पंचायत के नजीर द्वारा कई वाहनों का चालान काटा गया।

## किराना दुकान बंद कर घर लौट रहे किशोर का शव मिला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर पलामू।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गरदा से किराना दुकान बंद कर बंदुवा घर जा रहे किशोर का शव बरामद किया गया। हत्या का आरोप लगाकर परिजनों ने चैनपुर- डालटनगंज मुख्य मार्ग पर शाहपुर कोयल पुल को मृतक का शव के साथ आधे घंटे तक जाम रखा। इस क्रम में आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की गई। हालांकि तत्काल पुलिस के हस्तक्षेप से जाम को हटा लिया गया और आवागमन सामान्य किया गया। पुलिस ने परिजनों को बताया कि संदेह के आधार पर कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जल्द स्थिति स्पष्ट कर दी जाएगी। मृतक किशोर की पहचान 16 वर्षीय मंतजीर आलम पिता उस्मान मियां उर्फ सुलेमान मियां के रूप में हुई है। डीएसपी मणि भूषण प्रसाद ने बताया कि जाम को तत्काल हटा दिया गया। परिजनों को भरोसा दिलाया गया है कि जल्द आरोपियों को गिरफ्तार किया जायेगा। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए एमआरएमसीएच भेज दिया है। मृतक के पिता के अनुसार बुधवार की रात 8 बजे मंतजीर गरदा से किराना सह जूता दुकान बंद कर घर लौट रहा था। कुछ देर होने पर कॉल करने पर बताया कि कब्रिस्तान के पास पहुंच गए हैं, 10 मिनट में घर आ जाएंगे, लेकिन 15-20 मिनट तक घर नहीं पहुंचा। दोबारा कॉल लगाने पर फोन नहीं उठाया तो संदेह होने पर उसकी खोजबीन की गई।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**NATIONAL HIGHWAY DIVISION, GUMLA, JHARKHAND, 835207**
**E-Mail ID- eenhgumla-jhr@nic.in / eenhgumlajhr@gmail.com**

**Very Short Notice Inviting Quotation**

**Quotation Ref. No. NH/GUMLA/QUOT./01/2023-24 Dated : 22.02.2024**

**Name of work: Hiring of Commercial Vehicles of One No. of Innova (Latest Top Modal) and One No. of SUV (Bolero) [Latest Modal]/equivalent on monthly hire basis for the O/o Executive Engineer, National Highways Division, Gumla officials - Reg.**

**Time Period:** One year and likely to be extendable up to a maximum period for Two (02) years on same terms and conditions.

Sealed Quotation are hereby invited from established, experienced and reputed individuals, firms/ Organizations and other agencies having adequate experience in execution of such works.The blank BOQ and terms & conditions for the above may be obtained from the office of the undersigned on any working day from 01.03.2024 on 11:00 AM office hours by submitting a copy of online receipt towards payment of cost of document of Rs.500/- (Rupees Five Hundred only/-) on NTRP Portal-https://bharatkosh.gov.in/Ministry Info.aspx through Pay & Account Office Code : 034756- PAO(NH)-Kolkata and Drawing & Disbursing Office (DDO) Code : 202122-Regional Officer, Ministry of Road Transport Highways.

[Earnest Money Deposit / Bid Security / Performance Security] :- Rs 15,000/- in the form of Fixed Deposit issued from any scheduled bank issued within Jharkhand and pledged in favour of Executive Engineer, National Highway Division, Gumla.

The duly filled quotation in sealed envelope can be submitted in the office of the undersigned up to 03:00 PM on 05.03.2024. The quotation will be opened on 05.03.2024 at 03:30 PM in the presence of intending quotationers or its authorized representatives, who choose to remain present.

This office reserves the right to reject all Quotations and cancel the Quotations without assigning any reasons.

**Executive Engineer**
**National Highways Division, Gumla**
**Ph: 8789523476**

PR 320029 (Road) 23-24 (D)



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 13/2023–24**

1. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक– 29.02.2024 से दिनांक–01.03.2024 (कार्यालय कार्य दिवस एवं समयावाधि तक)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक– **02.03.2024** (अपराह्न **3.00** बजे तक)
4. निविदा खुलने की तिथि :– दिनांक– **02.03.2024** (अपराह्न **3.30** बजे)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– (क) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,कोडरमा। (समाहरणालय परिसर)
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा। (समाहरणालय परिसर)
7. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कोडरमा जिला के प्रखण्ड के जरगा पंचायत अन्तर्गत ग्राम केन्दुआटॉड आर0ई0ओ0 रोड से प्राथमिक विद्यालय जरगा तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 546200.00 | 11000.00 | 750.00 | 01 (एक माह) |
| 2 | कोडरमा जिला के अन्तर्गत छः कस्तूरबा आवासीय विद्यालयों में सैनेटरी पैड बैडिंग मशीन का अधिष्ठापन। | 858100.00 | 17200.00 | 750.00 | 01 (एक माह) |

निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखें।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा

PR 320039 Rural Work Department(23-24)#D


# प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान में शामिल हुए रघुवर, आज से श्रीराम कथा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** सूर्यधाम सिदगोड़ा में माँ दुर्गा, श्री राधा कृष्ण एवं शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा और श्रीआयोध्याम में बने दिव्य श्रीराम मंदिर की तर्ज पर बनाये गए श्रीराम मंदिर के चतुर्थ वर्षगांठ पर सूर्य मंदिर समिति की ओर से ग्यारह दिवसीय अनुष्ठान के तीसरे दिन गुरुवार को प्रतिमाओं को नगर भ्रमण पर निकाला गया। शोभा यात्रा श्रीराम मंदिर से निकालकर भीमा रोड, स्वामी विवेकानंद स्कूल होकर सिदगोड़ा मुख्य मार्ग के रास्ते 28 नंबर रोड से भ्रमण करते हुए पुनः सूर्यधाम लाया गया। दूसरी ओर, 23 फरवरी शुक्रवार संध्या 3 बजे सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का शुभारंभ होगा। जिसमें श्रीराम कथा की मर्मज्ञ कथा वाचिका अयोध्या निवासी पंडित गौरांगी गौरी जी शंख मैदान में श्रीरामचरित मानस की संगीतमय कथा प्रस्तुत करेंगी। राम कथा प्रत्येक दिन अपराह्न तीन बजे से संध्या 7:30 बजे तक चलेगी। नगर भ्रमण सह शोभायात्रा की शुरूआत यज्ञाचार्य पंडित श्री भूषण जी महाराज द्वारा ध्वजा पूजन और नारियल फोड़ने के पश्चात हुई। शोभा यात्रा में सबसे आगे दो सुसज्जित घोड़े, उसके पीछे आचार्यों का दल, सिंग बाजा, उसके पीछे धार्मिक धुन बजाता बैंड बाजा और फूल मालाओ से सुशोभित दो बड़े खुले वाहन पर माँ दुर्गा, श्री राधा-कृष्ण एवं शिव परिवार विराजमान थे। श्रद्धालुओं के संग पैदल यात्रा करते वीर बजरंगबली की विराट झांकी लोगों को आकर्षित करती रही। वहीं, एक सुसज्जित रथ पर श्रीराम-सीता व लक्ष्मण की झांकी एवं दूसरे रथ पर अयोध्याधाम से आये यज्ञाचार्य श्री भूषण जी महाराज श्रीरामचरितमानस लेकर विराजमान थे। शोभा यात्रा में एक वाहन पर डीजे सेट लगाई गई थी, जिसमें राम धुन पूरे क्षेत्र को भक्तिमय कर रहे थे, वहीं, शोभा यात्रा में लोगों द्वारा पुष्प वर्षा की जा रही थी। शोभा यात्रा में शामिल पूर्व मुख्यमंत्री एवं ओडिशा के महामहिम राज्यपाल रघुवर दास जी, संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह, अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह पुरोहितों एवं श्रद्धालुओं के संग पदयात्रा करते हुए 'जय श्री राम' के नारे लगाते हुए श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ाते दिखे। शोभा यात्रा में जगह-जगह पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल रघुवर दास का विभिन्न सामाजिक संगठनों ने फूल-मालाओं से स्वागत किया।

# आइपीएल 22 मार्च से

## ओपनिंग टक्कर सीएसके और आरसीबी टीम के बीच

एजेंसी

नयी दिल्ली। दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के शुरू होने का क्रिकेट फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। आइपीएल के 17वें सीजन का शेड्यूल का आधिकारिक ऐलान हो चुका है। आइपीएल 2024 का पहला मैच 22 मार्च को पिछले सीजन की विजेता टीम एमएस धोनी की कमान वाली चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच खेला जायेगा। लोकसभा चुनावों के मद्देनजर इस बार आईपीएल दो चरणों में कराया जायेगा। पहला चरण 22 मार्च से लेकर 7 अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान सभी 10 टीमों के बीच 10 वेन्यू पर कुल 21 मैच खेले जायेंगे। दूसरे चरण के शेड्यूल का ऐलान आम चुनाव की तारीखों के सामने आने के बाद किया जायेगा।

### पहले चरण के मुकाबले का शेड्यूल एक नजर में

**22 मार्च** चेन्नई सुपर किंग्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर, चेन्नई में। **23 मार्च** पंजाब किंग्स-दिल्ली कैपिटल्स- मोहाली में। **23 मार्च** - कोलकाता नाइटराइडर्स-सनराइजर्स हैदराबाद, कोलकाता में। **24 मार्च–** राजस्थान रॉयल्स- लखनऊ सुपर जायंट्स, जयपुर में। **24 मार्च–**गुजरात टाइटंस -मुंबई इंडियंस, अहमदाबाद में। **25 मार्च**-रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर- पंजाब किंग्स, बेंगलुरु में। **26 मार्च–**चेन्नई सुपर किंग्स- गुजरात टाइटंस -चेन्नई में। **27 मार्च–** सनराइजर्स हैदराबाद-मुंबई इंडियंस, हैदराबाद में। **28 मार्च–** राजस्थान रॉयल्स- दिल्ली कैपिटल्स, जयपुर में। **29 मार्च-** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर- कोलकाता नाइटराइडर्स, बेंगलुरु में। **30 मार्च–** लखनऊ सुपर जायंट्स- पंजाब किंग्स, लखनऊ में। **31 मार्च –**गुजरात टाइटंस-सनराइजर्स हैदराबाद, अहमदाबाद में। **31 मार्च–**दिल्ली कैपिटल्स-चेन्नई सुपर किंग्स, -विशाखापत्तनम में। **1 अप्रैल–**मुंबई इंडियंस- राजस्थान रॉयल्स, मुंबई में। **दो अप्रैल**-रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर- लखनऊ सुपर जायंट्स- बेंगलुरु में। **3 अप्रैल–**दिल्ली कैपिटल्स- कोलकाता नाइटराइडर्स, विशाखापत्तनम में। **4 अप्रैल–** गुजरात टाइटंस- पंजाब किंग्स, अहमदाबाद में। **5 अप्रैल–** सनराइजर्स हैदराबाद- चेन्नई सुपर किंग्स, हैदराबाद में। **6 अप्रैल** राजस्थान रॉयल्स- रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर, जयपुर में। **7 अप्रैल**- मुंबई इंडियंस- दिल्ली कैपिटल्स, मुंबई में। **7 अप्रैल–** लखनऊ सुपर जायंट्स- गुजरात टाइटंस, लखनऊ में।

### ओपनिंग भिड़ंत

**ओपनिंग** मैच चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच चेन्नई स्थित चेपॉक स्टेडियम में शाम 7:30 बजे से खेला जायेगा। 5 बार की चैंपियन चेन्नई की कप्तानी एमएस धोनी के हाथों में है। वहीं, साउथ अफ्रीका के धाकड़ बल्लेबाज फाफ डू प्लेसिस आरसीबी की कप्तानी करेंगे। दोनों टीमों के बीच अभी तक खेले गये मैचों में 20 बार चेन्नई वहीं, 10 बार बैंगलोर को जीत मिली है। दोनों टीमें मजूबत हैं, ऐसे में फैंस को ओपनिंग मैच से ही क्रिकेट का रोमांच देखने को मिलेगा।

### 26 मई को हो सकता है फाइनल मुकाबला

: आधिकारिक तौर पर अभी तक आईपीएल 2024 के पहले फेज की तारीख सामने आयी है। वहीं मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार फाइनल मुकाबला 26 मई को खेले जाने की संभावना है। लोकसभा चुनाव के कारण इस बार आईपीएल 2 फैज में खेला जायेगा। साल 2019 में आम चुनाव के दौरान भी दो चरणों में मैच दो चरणों में हुआ था। आईपीएल का पिछला सीजन 60 दिनों तक चला था, लेकिन, इस बार सीजन के 1 सप्ताह ज्यादा चलने की उम्मीद है, और 60 की बजाए 67 दिनों तक चल सकता है।

### 17 दिनों का कार्यक्रम जारी कब, कहां किससे मुकाबला

लोकसभा चुनाव की वजह से अभी सिर्फ 17 दिन का शेड्यूल ही जारी किया गया है। दिल्ली कैपिटल्स 23 मार्च को मोहाली में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी। प्रारूप के अनुसार 10 टीम को पांच पांच के दो ग्रुप में विभाजित किया गया है। ग्रुप चरण में प्रत्येक टीम 14 मैच खेलेगी। हर टीम अपने ग्रुप में अन्य चार टीम से दो बार घरेलू और प्रतिद्वंद्वी टीम के मैदान पर खेलेगी। वह दूसरे ग्रुप में चार टीम से एक एक बार भिड़ेगी जबकि बची हुई दो टीम दो बार एक दूसरे के आमने सामने होगी। आम चुनाव अप्रैल-मई में होने की उम्मीद है। सिर्फ एक बार 2009 में पूरा आईपीएल दक्षिण अफ्रीका में खेला गया था जबकि 2014 में आम चुनाव के कारण स्वदेश और संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित किया गया था। लेकिन 2019 में चुनावों के बावजूद टूनामेंट भारत में ही कराया गया था।

# रांची टेस्ट में अकाश दीप का डेब्यू तय

## मैच से पहले नेट्स में बहाय पसीना, कोचिंग स्टाफ ने दिया बड़ा संकेत

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैच की टेस्ट सीरीज का चौथा मुकाबला रांची में 23 फरवरी से खेला जाएगा। इस मैच से एक दिन पहलो कुछ भारतीय खिलाड़ियों ने प्रैक्टिस सेशन में भाग लिया। इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट में मोहम्मद सिराज का साथ देने के लिए अनकैप्ड तेज गेंदबाज आकाश दीप अंतिम 11 में जगह बनाने की दौड़ में सबसे आगे चल रहे हैं। उन्हें गुरुवार को ऑप्शनल ट्रेनिंग सीजन में पसीना बहाते हुए देखा गया। इस 27 साल के दायें हाथ के तेज गेंदबाज ने बंगाल के साथी मुकेश कुमार के साथ बुधवार को नेट पर कड़ा गेंदबाजी अभ्यास किया और टेस्ट की पूर्व संध्या पर उन्होंने लंबे बल्लेबाजी सत्र में हिस्सा लिया।

### बुमराह की किसकी चमकेगी किस्मत

अब रांची टेस्ट के लिए तेज गेंदबाजी के अगुआ जसप्रीत बुमराह को भी आराम दिया गया है तो आकाश दीप टेस्ट डेब्यू के लिए अगले खिलाड़ी हो सकते हैं। घरेलू

### सिर्फ 5 प्लेयर्स ने लिया प्रैक्टिस सेशन में भाग

**गुरुवार** को केवल पांच अन्य भारतीय खिलाड़ी शुभमन गिल, आर अश्विन, केएस भरत, वाशिंगटन सुंदर और देवदत्त पडीक्कल नेट में अभ्यास करने पहुंचे। अश्विन तो मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और सहयोगी स्टाफ के अन्य सदस्यों के साथ पिच का मुआयना करने में व्यस्त थे। गिल ने स्थानीय गेंदबाजों से थ्रोडाउन का सामना किया। भारत को विराट कोहली, केएल राहुल और श्रेयस अय्यर की अनुपस्थिति में रजत पाटीदार, ध्रुव जुरेल और सरफराज खान को डेब्यू कराना पड़ा।

टीम के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने आकाश दीप के बारे में कहा, ह्यभारतीय टीम में जो भी खिलाड़ी शामिल होगा, वह विशेष क्रिकेटर ही होगा। ह्न आकाश दीप को इंग्लैंड लायंस के खिलाफ तीन मैच में 13 विकेट चटकाने के बाद भारतीय टीम में शामिल किया गया था। विक्रम राठौड़ ने कहा, वह अच्छा गेंदबाज दिखता है जिसने घरेलू क्रिकेट में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। उसकी रफ्तार अच्छी है, वह अच्छी लाइन में गेंदबाजी करता है। रांची में आसमान में बादल छाये रहने का अनुमान है और यह अन्य तीन स्थलों से ज्यादा ठंडा होगा जिससे तेज गेंदबाजों की भूमिका अहम हो सकती है। ऐसे में आकाश दीप की रफ्तार फायदेमंद हो सकती है। अगर उन्हें शुक्रवार को अंतिम 11 में शामिल किया जाता है तो वह भारतीय टेस्ट ह्यकैपह्न पहनने वाले 313वें क्रिकेटर बन जायेंगे। वहीं मुकेश कुमार भी चौथे टेस्ट के लिए दौड़ में हैं, वह विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट की पहली पारी में एक भी विकेट नहीं चटका सके थे, उन्होंने सात ओवर डाले थे और 44 रन दिये थे। दूसरी पारी में उन्हें इंग्लैंड के शोएब बशीर का विकेट लिया था। मुकेश कुमार के लचर प्रदर्शन को देखते हुए आकाश दीप को रांची टेस्ट में अंतिम एकादश में जगह मिल सकती है।

## स्पीड न्यूज

### झारखंड मुक्ति मोर्चा ने निकाला न्याय मार्च यात्रा

**हेरहंज।** बुधवार को हेरहंज प्रखंड झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्रखंड कमेटी ने प्रखंड के सलैया ग्राम में न्याय मार्च यात्रा निकाली। यह न्याय मार्च यात्रा के तहत झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने सलैया ग्राम का भ्रमण किया। इस दौरान यात्रा में शामिल झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकताओं ने केंद्र सरकार पर सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग करने की बात करते हुए झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को फसाने का भी आरोप लगाया। न्याय मार्च यात्रा में उपस्थित कार्यकताओं के द्वारा केंद्र सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की गई। मौके पर जिला परिषद चंचला देवी, झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष रामवृक्ष गंझू, घनश्याम सिंह, समाज सेवी सह लातेहार विधानसभा क्षेत्र के भावी प्रत्याशी शिवनाथ रजक समेत दर्जनो कार्यकर्ता शामिल रहे।

### चंदवा में ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल को दिया गया प्रशिक्षण


प्रशिक्षण के दौरान मौजूद लोग।

**चंदवा।** प्रखण्ड कार्यालय सभागार में प्रखंड संसाधन दल के मास्टर ट्रेनर द्वारा ग्राम पंचायत सहज कर्ता दल को जन योजना अभियान अंतर्गत सबकी योजना सबका विकास का तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में हर पंचायत के दो जनप्रतिनिधि, पंचायत सचिव, एक मनरेगा मेट, जेएसएलपीएस के एक एक्टिव सदस्य शामिल रहें। प्रशिक्षक के तौर पंचायती राज प्रखंड समन्वयक द्वारा योजनाओं के चयन एवं सफल बनाने को लेकर पंचायत सहज कर्ता दल को विस्तार से जानकारियां दी गई। इस दौरान ग्राम को सशक्त बनाने के लिए गरीब मुक्त और उन्नत आजीविका गांव, स्वास्थ्य गांव, बाल हितैषी, जल पर्याप्त, स्वच्छ और हरित, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचा, समाजिक रूप से सुरक्षित, सुशासन वाला गांव महिला एवं बाल हितैषी समेत नौ विषयों पर योजना चयन समेत नौ विषयों पर योजना चयन एवं सफल बनाने को लेकर प्रशिक्षण पूर्ण किया गया एवं जीपीडीपी में दिए गए मार्गदर्शन के अनुसार योजनाओं का चयन करने की बात कही। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, जेएसएलपीएस के बीपीएम मोजिबुल आफरीन, विनीता कुमारी, मुखिया पंचायत सचिव जीपीएफटी दल के सदस्य उपस्थित।

### मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन को लेकर शिविर का आज होगा समापन

● चंदवा प्रखंड में 6000 लोगों को जोड़ने का है लक्ष्य, तीन दिनों में जुड़े हैं महज 2252 लोग


शिविर में उपस्थित लोग।

**चंदवा।** मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत महिलाओं व अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग के 50 से 60 वर्ष आयुवर्ग के लोगो को पेंशन का लाभ दिलाना सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रखंड के सभी पंचायत के पंचायत सचिवालय प्रांगण में 20 फरवरी से 23 फरवरी तक चल रहे विशेष शिविर तीसरे दिन भी जारी, जहां पेंशन सुविधा का लाभ लेने को लेकर प्रखंड के सभी पंचायत में लगे शिविरों में योग्य लाभुको की भारी तादात देखने को मिली। शिविर में मुखिया, पंचायत सचिव के द्वारा सत्यापित करने के बाद लाभुकों का ऑनलाइन फॉर्म भर गया। राज्य सरकार की ओर से उठाये गए इस कदम की जनता खूब प्रशंसा करते नजर गए। बता दें कि शिविर में माध्यम से चंदवा प्रखण्ड में 6 हजार नए लाभुकों को पेंशन से जोड़ने का लक्ष्य था। जिसमे अब तक तीन दिनों में महज 2252 लोगो का ऑनलाइन आवेदन किया जा चुका है। बता दें कि 50 वर्ष से अधिक उम्र के एसटी व एससी पुरुषों के आवेदन के लिए जाति प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य किया गया है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादातर लोगों का जाति प्रमाण पत्र ही बना हुआ नही है। इस कारण लोग इसका लाभ उठाने से वंचित भी हो रहे है। प्रखण्ड प्रशासन ने योग्य लाभुकों से शिविर का लाभ उठाकर आवेदन करने की अपील की है।

### घर के बाहर खड़े पिकअप वैन की अज्ञात चोरों ने की चोरी

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय निवासी व्यवसाई सतीश प्रसाद के घर के बाहर बीते रात अज्ञात चोरों ने खड़े पिकअप वैन की चोरी कर ली। सतीश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि मै किराए पर बालूमाथ निवासी मुनिया देवी, पति दशरथ यादव से पिकअप गाड़ी जेएच 13 एच 2207 चलाने के लिए एक सप्ताह पूर्व लाया था। हर दिन की तरह बुधवार रात्रि एनएच 22 घर के सामने पिकअप खड़ा किया था। जो बुधवार रात्रि लगभग 11 बजे तक गाड़ी को देखा गया। गुरुवार अहले सुबह लगभग पांच बजे उठकर देखा तो गाड़ी नहीं थी। काफी खोजबीन करने के पश्चात भी वाहन का कोई पता नहीं चला। तब जाकर वाहन ऑनर को सूचना देकर अपने घर बुलाया। इसके पश्चात गाड़ी चोरी होने की लिखित आवेदन गाड़ी मालिक मुनिया देवी पति दशरथ यादव के द्वारा स्थानीय थाना को देकर गाड़ी बरामद कारवाने का गुहार लगाई हूँ। उक्त सम्बन्ध मे प्रभारी थाना प्रभारी आनंद कुमार से बात किए जाने पर बताया कि गाड़ी चोरी होने कि लिखित सूचना मिली है। आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर आस-पास मे लगे सीसीटीवी फुटेज का सहारा लिया जा रहा है।

## भाजपा ने अपने सभी वायदे निभाये: आदित्य

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित होटल लोटस हार्ट में गुरुवार को भाजपा का चतरा लोकसभा कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद सह चतरा लोकसभा प्रभारी आदित्य साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष कालीचरण सिंह, चतरा लोकसभा सह प्रभारी सीमा पासवान,पूर्व विधायक हरे कृष्णा सिंह, पूर्व विधायक लातेहार प्रकाश राम शामिल हुए। जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने सभी अतिथियों का भगवा गमछा पहनकर वह पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। आयोजित कार्यशाला में आने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी की जीत सुनिश्चित करने संबंधित चर्चा हुई। जिसमें अबकी बार 400 के पार का नारा दिया गया। मौके पर बोलते हुए राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कहा की नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तरक्की की राह पर है जल्द ही विकसित भारत होगा। भाजपा ने अपने सभी पूरे किए गए वादों को निभाया है राम मंदिर का मुद्दा हो चाहे धारा 370 का मुद्दा हो। आज हर गरीब को पीएम आवास, उज्जवला गैस के तहत कनेक्शन, मुफ्त राशन, कोरोना काल में फ्री वैक्सीनेशन का लाभ मिला। वहीं प्रदेश उपाध्यक्ष कालीचरण सिंह ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आगामी लोकसभा चुनाव लड़ा जाना है। इसके लिए भाजपा का नारा है।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्थापना समिति की बैठक संपन्न

**लातेहार।** उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में जिला स्थापना समिति की बैठक की गई। बैठक में समिति द्वारा नवप्रोन्नत कार्यालय अधीक्षक एवं प्रधान लिपिको का स्थानांतरण एवं पदस्थापन पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में समिति द्वारा सर्वसम्मती से नवप्रोन्नत कार्यालय अधीक्षक-कुलन्दर आजाद, कार्यालय अधीक्षक का भूमि सुधार उप समाहर्ता, महुआडाड़ में पदस्थापन एवं जिला परिवहन कार्यालय, लातेहार में प्रतिनियुक्त किया गया। देवनाथ उरांव, कार्या. अधी. का अनुमंडल कार्यालय लातेहार। सच्चिदानन्द कुमार, कार्या. अधी. जिला सामान्य शाखा लातेहार को जिला गोपनीय शाखा लातेहार में प्रतिनियुक्ति किया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार मो. परवेज, जिला पंचायत राज पदाधिकारी जितेंद्र कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, स्थापना उप समाहर्ता उदय कुमार, कार्यालय अधीक्षक आदि उपस्थित थे।

## भुइयां समाज को शिक्षा पर विशेष ध्यान देना होगा : राजेन्द्र भुईया

● बारियातू प्रखण्ड अध्यक्ष विजय भुइयां को बनाया गया

खबर मन्त्र संवाददाता


मौके पर मौजूद लोग।

**बारियातू।** प्रखंड में बुधवार को अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भुइयां समाज के लातेहार जिला अध्यक्ष राजेन्द्र भुइया ने किया।बैठक में समाज के कई मुद्दों पर चर्चा किया गया। जिसमे सर्वसम्मति से बारियातू प्रखण्ड अध्यक्ष विजय भुइया को बनाया गया। इस बैठक में लातेहार जिला अध्यक्ष राजेन्द्र भुईँया ने कहा कि हमारा समाज के लोग नशे के शिकार हो रहे है शिक्षा से दूर शिक्षा पर विशेष ध्यान देना होगा। वहीं बैठक में पूर्व विधायक प्रत्याशी तुलसी राम ने कहा कि 24 फरवरी को माता शबरी जयन्ती बडी धूमधाम से मनाने को लेकर तैयारी में जुटने को अपील की है। वही बैठक में अखिल भारतीय भुईँया समाज कल्याण समिति का सर्वसम्मति से प्रखण्ड कमिटी विस्तार किया गया। जिसमे भुईयां समाज के प्रखण्ड अध्यक्ष विजय भुईयां, उपाध्यक्ष राजदेव भुईँया, अजय भुईँया, सचिव जुगेशर भुईँया, महासचिव अमित भुईँया, कोषाध्यक्ष मुकेश भुईँया, मीडिया प्रभारी पिन्टू भुईँया, कार्यकारणी सदस्य मुगल भुईँया, गुड्डू भुईँया, रामजतन भुईँया, गणेश भुईँया, संतोष भुईँया, आजाद भुईँया, बिनोद भुईँया, पूनम देवी, सीता देवी को बनाया गया।

## हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी व केंद्र के षड़यंत्रपूर्ण कार्यशैली के विरोध में निकाला न्याय मार्च

खबर मन्त्र संवाददाता


न्याय मार्च निकालते जेएमएम कार्यकर्ता।

**बारियातू।** पूर्व मुख्यमंत्री सह झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी व केंद्र सरकार के षड़यंत्रपूर्ण कार्यशैली के विरोध में बीससुत्री अध्यक्ष राजेन्द्र गंझू के नेतृत्व में पार्टी के सैकड़ों कार्यकताओं ने बुधवार को न्याय मार्च निकाला। न्याय मार्च बरनी ग्राम के अखड़ा से प्रारंभ होकर पुरे गाँव टोला का भ्रमण करते हुए मुख्य सड़क एनएच 22 स्थित यादव फ्यूल तक गया। न्याय यात्रा में शामिल कार्यकताओं ने जेल का फाटक टूटेगा, हेमंत सोरेन छूटेगा, हेमंत तु न घबराना तेरे पीछे है सारा जमाना, केंद्र सरकार होश में आओ, केंद्रीय एजेंसी का दुरुपयोग बंद करो, ईडी तेरी मनमानी नहीं चलेगी, हेमंत सोरेन जिंदाबाद, झामुमो एकता जिंदाबाद सहित कई नारे लगा रहे थे। वहीं कार्यकताओं को संबोधित करते हुए बीस सुत्री अध्यक्ष गंझु ने कहा कि केंद्र सरकार के तानाशाही रवैया के कारण हम सबों के नेता हेमंत सोरेन को झारखंड के अस्मिता बचाए रखने के लिए जेल जाना पड़ा। हमारा संघर्ष तब तक जारी रहेगा, जब तक हेमंत सोरेन जेल से बाहर नहीं आ जाते। मौके पर प्रखंड उपाध्यक्ष भुनेश्वर यादव, सचिव अनिल तुरी, संगठन सचिव मंगर गंझु, युवा अध्यक्ष विश्वनाथ गंझु, युवा उपाध्यक्ष अनिल यादव, रवि यादव, मोहन गंझु, रंजन उराँव, सनि, मो शमीम, विनेसर गंझु, संजय गंझु, बालचन्द्र गंझु, अमित गंझु, पिन्टू गंझु, सुरेश गंझु, सहित कई लोग शामिल थे।

### बालूमाथ थाना प्रभारी बनाए गए विक्रम कुमार उपाध्याय

**चंदवा।** लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने जिले में आठ पुलिस अवर निरीक्षकों का नव प्रतिष्ठान कर दिया है। जिसमें विक्रांत कुमार उपाध्याय को बालूमाथ थाना प्रभारी, राधेश्याम कुमार को बरवाडीह, राजा दिलावर को बरियातू, विक्रम कुमार को हेरहंज, धीरज कुमार सिंह को छिपादोहर, सोनू कुमार को गारू, अविनाश कुमार को महुआडांड़ व अजीत कुमार को बारेसाढ़ थाना प्रभारी बनाया गया है। नव पदस्थापित सभी अधिकारियों को 24 घंटे के अंदर अपने पद स्थापना स्थल पर योगदान देने की बात कही गयी है।

## अबुआ बीर अबुआ दिशोम अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

# योग्यताधारी को वन पट्टा देना योजना का है मुख्य उद्देश्य : गरिमा सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता


कार्यक्रम का शुभारंभ करते उपायुक्त।

**लातेहार।** वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत अबुआ बीर अबुआ दिशोम अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए ग्राम सभा/एफआरसी के प्रक्रियात्मक सहयोग हेतु पंचायत स्तर पर चयनित बीर बन्धुओं को मोबाईल एप्लीकेशन के संचालन के लिए गुरूवार को सदर प्रखण्ड सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ उपायुक्त गरिमा सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उपायुक्त श्री सिंह ने कहा कि अबुआ बीर दिशोम अभियान (वन अधिकार अभियान 2006) का मुख्य उद्देश्य वर्ष 2006 में अधिनियमित एफआरए वन में निवास करने वाले आदिवासी समुदायों और अन्य पारंपरिक वनवासियों के वन संसाधनों के अधिकारों को मान्यता प्रदान करता है, जिन पर ये समुदाय आजीविका, निवास तथा अन्य सामाजिक-सांस्कृतिक जरूरतों सहित विभिन्न आवश्यकताओं के लिये निर्भर थे। उन्हें (योग्यताधारी) वन पट्टा देना मुख्य उद्देश्य हैं। वनों पर निर्भर आदिवासियों एवं अन्य लोगों को वन अधिकार अधिनियम, 2006 के तहत वनाधिकार पट्टा देने के लिए अबुआ बीर दिशोम अभियान का शुभारंभ किया गया है।

इस अभियान को सफल बनाने के लिए ग्राम, अनुमंडल एवं जिला स्तर पर वनाधिकार समिति का गठन/पुनर्गठन किया गया है। साथ ही अबुआ बीर दिशोम अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए मोबाइल एप्लीकेशन एवं वेबसाइट भी तैयार की गई है। जिससे आदिवासी और वनों पर निर्भर रहने वाले लोगों को व्यक्तिगत, सामुदायिक और सामुदायिक वन संसाधन वनाधिकार पट्टा मुहैया कराया जा सके। पंचायत स्तर पर चयनित आप सभी बीर बन्धुओं को मोबाईल एप्लीकेशन के संचालन के लिए आज इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला में दी जा रही जानकारी को आप सभी बेहद संजीदगी के साथ समझें। उन्होंने कहा कि कार्यशाला में दी गयी जानकारी के द्वारा ही मोबाईल एप्लीकेशन का संचालन कर सकते हैं। इस दौरान आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गागराई, जिला कल्याण पदाधिकारी अनिल कुमार, अंचल अधिकारी, लातेहार, अरविंद देवाशीष टोप्पो, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश समेत अन्य पदाधिकारी व बीर बन्धुओं आदि उपस्थित थे।

## एक नजर में

### मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना अन्तर्गत आज तक मुख्यालय में लगाया जाएगा शिविर

**लातेहार।** अंचल अन्तर्गत शहरी क्षेत्र के सभी वार्डो में मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना अन्तर्गत 23 फरवरी तक शिविर लगाकर लाभुकों से वृद्धावस्था पेंशन फार्म लिया जा रहा है। ज्ञात हो कि राज्य सरकार द्वारा सभी वर्गों के महिलाएं तथा अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग के 50-60 वर्ष आयु वर्ग के पुरुष तथा महिलाओं का कैम्प लगा कर पेंशन स्वीकृत करने का निर्देश प्राप्त है। इसी को लेकर धर्मपुर के मैदान में, बैडमिंटन कोर्ट के सामने, शहरी क्षेत्र तथा डूरुवा मे दुर्गा मंडप के मैदान के पास मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना का कैम्प लगाया गया है। उपयुक्त जानकारी अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो ने दी। उन्होने लाभुकों से शिविर में भाग लेकर सरकार की इस महत्त्वकांक्षी योजना का लाभ उठाने की बात कही है। लाभुकों को अनुसूचित जाति, जनजाति पुरुष वर्ग के लिए जाति प्रमाण पत्र लगाना अनिवार्य है। उम्र की गणना वोटर आईडी कार्ड से होगी, पहचान के लिए आधार कार्ड भी साथ में अवश्य लाएं। शिविर में प्रशासक राजीव रंजन, सीआई उदल राम, कर्मचारी सर्वेश राम, ऑपरेटर पप्पु कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

### बरवाडीह-लातेहार के बीच छिपादोहर रेलवे स्टेशन के पास मालगाड़ी की गार्ड बोगी हुई बेपटरी

● 200 मीटर तक कंक्रीट पर रगड़ाता रहा गार्ड बोगी, गुड्स गार्ड की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

**बरवाडीह।** बरवाडीह-बरकाकाना सीआईसी सेक्शन अंतर्गत रेल लाइन लातेहार-बरवाडीह रेलवे स्टेशन के बीच गुरुवार की सुबह 4 बजे छिपादोहर रेलवे स्टेशन के समीप पोल संख्या 248/3 के पास एक मालगाड़ी की गार्ड बोगी बेपटरी हो गई और बोगी कंक्रीट पर रगड़ाते हुए लगभग 200 मीटर तक चली गया। वहीं गुड्स गार्ड अशोक कुमार के सूझबूझ से फौरन मालगाड़ी को रोका गया। जिससे एक बड़ा रेल हादसा टल गया। वहीं इस रेल दुर्घटना के संबंध में बताया जा रहा है की राय से मुगलसराय के लिए एक मालगाड़ी रवाना हुई थी। इसी दरमियान छिपादोहर रेलवे स्टेशन के समीप अप मेन लाइन में मालगाड़ी की गार्ड बोगी अचानक से बेपटरी हो गई और कंक्रीट पर रगड़ाने लगा। तभी गुड्स गार्ड अशोक कुमार के द्वारा इसकी जानकारी फौरन ही रेल चालक को दी गई। जिसके बाद ट्रेन को रोक दिया गया। मालगाड़ी की गार्ड बोगी बेपटरी हो जाने से लगभग 3 घंटे तक रेल परिचालन बाधित रहा। वहीं दुर्घटना की जानकारी मिलते ही सहायक मंडल यांत्रिक अभियंता, स्टेशन अधीक्षक अनिल दिवेदी, आरपीएफ इंस्पेक्टर ओमप्रकाश ठाकुर, एआरटी टीम ने दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर घटना की जानकारी ली। वहीं एआरटी कर्मियों के द्वारा बेपटरी हुई गार्ड बोगी को कुछ ही घंटो में पटरी पर लाया गया। जिसके बाद रेल परिचालन सामान्य हो गई।

### भंडारा के साथ ही पुरनी पल्हेया में श्री महावीर मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा संपन्न

**मनिका।** प्रखंड के बंदुआ पंचायत अंतर्गत पुरनी पल्हेया गाँव में भव्य भंडारा के साथ ही नवनिर्मित श्री महावीर मन्दिर में प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम गुरुवार को संपन्न हो गया। बतौर यजमान संजय कुमार सिंह व पत्नी पूनम सिंह मौजूद थी। इससे पुर्व मंगलवार को गाजे बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई थी। बुधवार को पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, मूर्ति नगर भ्रमण, हनुमान चालीसा व सुंदर काण्ड पाठ का आयोजन किया गया। मंदिर समिति के संरक्षक नामेश्वर सिंह ने बताया कि गुरुवार की सुबह मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। अग्नि मंथन के बाद हवन और पूणार्हुति की गई। भव्य भंडारा का आयोजन हुआ। संतों की विदाई के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। भंडारा के मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। सभी कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामवासी जुटे थे। मौके पर पंडित श्यामबिहारी शास्त्री, राजेश्वर पाठक, प्रमुख प्रतिमा देवी, जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह, ग्राम प्रधान रामलगान सिंह, बलि यादव, कुमार संजय सिंह, ताराचंद्र प्रजापति, सतनारायण विश्वकर्मा, अंश कुमार, खुशी कुमारी, निधि सिंह, विश्वजीत सिंह राजा, पंकज विश्वकर्मा, धीरज सिंह अनुज सिंह, शंकर साहू, संतोष प्रसाद, मुनेश्वर सिंह, बंधु यादव, पूनम देवी, संध्या सिंह, बागेश्वरी देवी, अवध प्रसाद, नीलम देवी, ललु यादव, सूचित सिंह, अमरेश विश्वकर्मा, कोशलेश प्रसाद समेत कई लोग उपस्थित थे।

### शिव मंदिर का भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के भगिया पंचायत स्तिथ पंडरिया गांव में गुरुवार को शिव मंदिर का भूमि पूजन कार्यक्रम हुआ। जिसमें राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव, जिला परिषद प्रियंका देवी शामिल हुए। भूमि पूजन कार्यक्रम के बाद बैठक कर मंदिर के भव्य निर्माण सहित कई विषयों पर चर्चा हुई। मौके पर प्रसाद का भी वितरण किया गया। मौके पर समाजसेवी रोहन गोप, गोपालचंद्र यादव, सुखदेव यादव, जगरनाथ यादव, नरेश यादव, सतीश यादव, राजेंद्र मुंडा, विजय यादव, पंकज सिन्हा, अशोक यादव, श्यामलाल यादव, जगेश्वर उरांव, दीपक यादव, दिलेश्वर यादव, उपेंद्र यादव, फूलदेव यादव, पूर्व मुखिया उजेश्वर उरांव, कैलाश शर्मा, अरबिंद यादव, अकलेश यादव, हुलाश यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

# नवनिर्मित मंदिर में माता रानी का सात पिंड किया गया स्थापित

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** यज्ञाचार्य श्री श्री 108 श्री बाबा केशव नारायण दास के निर्देशन में ब्रह्म स्थान के समीप नवनिर्मित मंदिर में भगवती माता शीतला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर हो रहे शतचंडी महायज्ञ के चैथे दिन विद्वान पंडित बबलू दुबे के द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ वृषभ लग्न में नवनिर्मित मंदिर में माता रानी का सात पिंड स्थापित किया गया। साथ ही इस मंदिर में भैरव बाबा का भी पिंड स्थापित किया गया। इसके अलावा नवनिर्मित मंदिर के समीप पूर्व से स्थापित शिव चबूतरा का जीणोर्धार कर मंदिर के रूप में तब्दील कर शिवलिंग एवं नंदी बाबा का प्रतिमा भी स्थापित किया गया। इस दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालु एवम भक्तजनों के द्वारा जय माता दी,जय माता दी, हर हर महादेव की जयकारे से पूरा इलाका गुंजायमान व भक्तिमय हो गया। इस दौरान मुख्य यजमान कि भूमिका में सपत्नीक जितेंद्र कुमार सिंह, अनिल कुमार चंद्रवंशी, उमेश यादव, प्रदीप कुमार चंद्रवंशी, जयप्रकाश ठाकुर एवं विजय साव मुख्यरूप से उपस्थित थे। इस दौरान यज्ञपरिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ चरम सीमा पर देखी गई। सभी श्रद्धालु यज्ञ परिसर में मेले के रूप में लगे विभिन्न प्रकार की दुकानों से सामानों की खरीददारी करते दिख रहे थे।व हीं यज्ञ कार्यालय में दानदाताओं की अपार भीड़ देखी जा रही है। इधर बक्सर से आए कथावाचक अच्युत प्रपन्नाचार्य जी महाराज, वृंदावन से आई श्रीमद् भागवत कथा वाचिका साध्वी शिवांगी मिश्रा एवं अयोध्या से आए जगतगुरु श्याम नारायण आचार्य के द्वारा संगीतमय प्रवचन कि प्रस्तुति के माध्यम से अमृत की वर्षा की जा रही है। यज्ञ स्थल पर यज्ञ अध्यक्ष श्रीकांत तिवारी, उपाध्यक्ष कृष्णा सिंह, नागेंद्र सिंह, विनय पाठक, नीतीश कुमार, बीपेश कुमार, बिट्टू सिंह, निशांत कुमार गुप्ता, रॉकी तिवारी, रामनाथ यादव, विनय कुमार सिंह, बुचुन चंद्रवंशी, सोनू कुमार उर्फ भोला चंद्रवंशी, प्रीतम कुमार, शिवम गुप्ता आदि उपस्थित थे।


नवनिर्मित मंदिर।

## एक नजर में

### 25 फरवरी को आयोजित कुरमी/कुड़मी हुंकार महारैली में गोमिया से होंगें हजारों लोग शामिल: पंकज

**बेरमो/ललपनिया।** रांची के मोरहाबादी मैदान में आगामी 25 फरवरी को आयोजित कुरमी/कुड़मी हुंकार महारैली ऐतिहासिक होगा।यह बातें गुरुवारको कुड़मी सेना गोमिया विधानसभा प्रभारी पंकज कुमार चौधरी ने मीडिया से बात चीत में कहा। आगे उन्होंने यह भी कहा की अधिकार पाने के लिए एकजुट होना जरूरी है।कहा की होने वाला हुंकार महारैली सफल बनाने हेतू गोमिया विधान सभा से हजारों की संख्या में लोग शामिल होंगे।इसके लिए वे क्षेत्र गांवों में घूम कर जनता से अपील कर रहे हैं। प्रभारी पंकज चौधरी ने आगे कहा वे पिछले कई वर्षों से कुरमी के अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। हमारी जाति शुरू से जनजाति की सूची में थी। बीच में भूलवश सूची से हमें बाहरकर दिया गया था जिसे पुन:शामिल कराने केलिए हम कुरमी/कुड़मी समाज लगातार प्रयासरत हैं। इसलिए सरकार को चेतावनी देने के लिए आगामी 25फरवरी को हुंकार महारैली का आयोजन मोरहाबादी मैदान में किया गया है।

### सीसीएल जारंगडीह की खुली खदान में हैवी ब्लास्टिंग का ग्रामीणों ने किया विरोध

**बेरमो।** सीसीएल कथारा क्षेत्र के जारंगडीह में खुली खदानों में हैवी ब्लास्टिंग किए जाने पर ग्रामीणों ने विरोध जताया है। जारंगडीह टाटा ब्लॉक के ग्रामीणों ने जारंगडीह खुली खदान के मुख्य द्वार के समक्ष पहुंच कर विरोध जताया। बता दे की जानकारी मिलते ही जारंगडीह खुली खदान के खान प्रबंधक बालगोविंद नायक मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से वार्ता किया।

## स्पीड न्यूज

### जिपस रंजनी ने बाबा बंशीधर की तस्वीर भेंट कर की डीडीसी किया स्वागत


बाबा बंशीधर की तस्वीर भेंट करती रंजनी शर्मा।

**गढ़वा।** भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा ने जिले के नवपदस्थापित उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा से औपचारिक मुलाकात की। उन्होंने बाबा बंषीधर की तस्वीर भेंट कर उनका स्वागत किया। गढ़वा में पदस्थापित होने पर बधाई देते हुए श्रीमती शर्मा ने कहा कि श्री मिश्रा जी काफी सुलझे हुए एवं अनुभवी पदाधिकारी हैं। श्रीमती शर्मा रंजनी ने उप विकास आयुक्त को विश्व प्रसिद्ध बाबा बंसीधर, केतर मां चतुभुर्जी मंदिर एव मुकुंदपुर सूर्य नारायन मंदिर दर्शन करने का आमंत्रित की है। इनसे गढ़वा वासियां को काफी लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि गढ़वा के लोगों से भी नये पदाधिकारी को काफी सहयोग मिलेगा। मौके पर समाजसेवी सर्वेष कुमार ठाकुर आदि लोग उपस्थित थे।

### राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में हिन्दी के प्रचार प्रसार पर बल



**बोकारो।** बोकारो नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बोकारो निवास के सम्मेलन कक्ष में बीएसएल के ईडी बीके तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में भारत सरकार के राजभाषा विभाग उप निदेशक कार्यान्वयन निर्मल कुमार दुबे सहित बीएसएल के अन्य अधिकारी तथा बोकारो नराकास के सदस्य संगठनों के प्रधान उपस्थित थे। बीएसएल के एजीएम शशांक शेखर ने पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन की स्थिति पर प्रकाश डाला। ईडी श्री तिवारी ने सभी को कार्यालयीन कार्यों में हिन्दी का अधिकाधिक उपयोग सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नवीनतम तकनीकों ई-टूल्स इत्यादि के माध्यम से राजभाषा कार्यान्वयन की दिशा में मदद मिली है और इसे आगे भी गति देने की आवश्यकता है। उप निदेशक कार्यान्वयन निर्मल कुमार दुबे ने भी बोकारो नराकास में राजभाषा कार्यान्वयन सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सभी सदस्य संगठनों के प्रतिनिधियों ने राजभाषा के प्रचार प्रसार को गति प्रदान करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। डीजीएम उमेश कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय घाघरा को मिला प्रथम स्थान


सम्मानित करते पदाधिकारी।

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर प्रखण्ड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय घाघरा के छात्रों ने जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उक्त उपलब्धि पर बीईईओ विजय कुमार पांडेय, बीपीओ रविन्द्र मेहता ने छात्रों एवं शिक्षकों को बधाई दी। उल्लेखनीय है कि जिले के सभी प्रखंडों में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम स्थान के लिए चयनित मॉडल को प्रस्तुत किया था। जिला चयन समिति ने सभी मॉडल की प्रस्तुति एवं सम्बंधित प्रश्नोत्तरी के बाद टीम ने भवनाथपुर को प्रथम, नगर उंटारी प्रखंड को द्वितीय जबकि सगमा प्रखंड को तृतीय स्थान दिया। उत्क्रमित मध्य विद्यालय घाघरा के छात्रों ने हृदय का मॉडल बनाकर सभी के दिलों को खुश कर दिया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले भवनाथपुर प्रखण्ड के आर्यन कुमार शर्मा एवं फैजान हुसैन को प्रषस्ति पत्र देकर समान्नित किया गया। उक्त प्रदर्शनी विज्ञान शिक्षक उदय कुमार ने की निगरानी में बनाई गई।

### बोकारो डीआईजी सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने पहुचे व्यवहार न्यायालय

**बेरमो/तेनुघाट।** बोकारो डीआईजी सुरेंद्र कुमार झा के द्वारा तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के ऑडिट अंकेक्षन में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान डीआईजी श्री झा ने व्यवहार न्यायालय तेनुघाट में प्रतिनियुक्ति सभी पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल से बारी-बारी से बात कर जानकारी प्राप्त की। साथ ही न्यायिक पदाधिकारीयों के आवास में लगे सुरक्षाकर्मी एवं सुरक्षा व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। इस दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह, पुलिस निरीक्षक महेश प्रसाद सिंह, ओपी प्रभारी आशीष कुमार को कई दिशा निर्देश दिया। इस दौरान श्री झा ने जिला जज प्रथम राजेश कुमार सिन्हा, एसीजेएम विशाल गौरव, अनुमंडल विधिक सेवा प्राधिकार समिति के सचिव सह एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल के साथ भी न्यायालय परिसर में सुरक्षा को लेकर विचार विमर्श किया। व्यवहार न्यायालय परिसर सहित न्यायिक पदाधिकारी के आवास सीसीटीवी कैमरा लगाने से संबंधित बातचीत की तथा चेक पोस्ट बने हुए कई वर्षों से अधिक पड़े को व्यवहार न्यायालय में हैंड ओवर करने का भी बात किया गया।

## राज्य सरकार के निर्देश पर बोकारो में वृद्धावस्था पेंशन शिविर का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** बेरमो अनुमंडल अंतर्गत बोकारो थर्मल के बी पंचायत सचिवालय परिसर में वृद्धावस्था पेंशन योजना को लेकर पंचायत भवन सभाकार में तीन दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया जिसमें बी पंचायत के स्थानीय मुखिया चंद्रदेव घासी,सेविका बी एल ओ के अर्चना कुमारी के नेतृत्व में किया गया इसके अलावा मुख्य रूप से उपस्थित थे पंचायत सचिव उमा कुमारी, सीमा देवी, देवंती देवी, सक्रिय दीदी सरिता देवी इस कार्यक्रम में रहे इसके अलावा भारी संख्या में महिला पुरुष वृद्धावस्था पेंशन की लाभ लेने के लिए उपस्थित थे मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय मुखिया चंद्रदेव घासी ने कहा कि जिनको भी उम्र 50 वर्ष हो गई है उन लोगों ने जल्द से जल्द यहां आकर फार्म भर कर जमा कर सकते हैं और इस योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं और मेरा गोविंदपुर बी पंचायत में तीन दिवसीय कैंप लगा हुआ है वहीं सेविका बी एल ओ के अर्चना कुमारी ने कहा कि सरकार अभी एससी और एसटी दोनों को लिया गया है इसमें ओबीसी और जेनरल भी है जिसमें जैसे जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, वोटर कार्ड, लाना अनिवार्य है 50 से 59 वर्ष की कोई भी इस वृद्धावस्था पेंशन का योजनाओं का लाभ ले सकते हैं और कहा कि कल चार फॉर्म भरा गया था और आज 28 फॉर्म भरा गया है और कहा कि इस कैंप के माध्यम से 1000 रुपया के वृद्धावस्था पेंशन योजना में अपना नाम पंजीकरण कर इसका लाभ उठा सकते हैं। इसमें मुख्य रूप से उपस्थित थे स्थानीय मुखिया चंद्रदेव घासी, बी एल ओ अर्चना कुमारी,उमा कुमारी, देवंती देवी, सीमा देवी,सक्रिय दीदी सरिता देवी, इसके अलावा महिला पुरुष आदि उपस्थित है।

## ईडी राजन प्रसाद ने किया बिजनेस एक्सीलेंस क्वालिटी मंथ 2023 का पुरस्कार वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता




**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के एचआरडी में बिजनेस एक्सीलेंस विभाग द्वारा आयोजित बिजनेस एक्सीलेंस क्वालिटी मंथ 2023 पुरस्कार वितरण एवं आईएमएस पोर्टल का शुभारम्भ ईडी पी एंड ए राजन प्रसाद द्वारा किया गया। मौके पर सीजीएम ए बंकिरा एवं सम्बद्ध विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे। नया एकीकृत प्रबंधन प्रणाली पोर्टल जीएम सी एंड आईटी अजीत कुमार चौधरी व सुनीत कुमार के मार्गदर्शन में विभाग के डीजीएम मनोज कुमार प्रबंधक श्वेता रॉय सहायक प्रबंधक विमल मीणा और सागरिका साहू एवं बिजनेस एक्सीलेंस के प्रबंधक की टीम के द्वारा विकसित किया गया है।

आईएसओ प्रबंधन प्रणालियों के दस्तावेजों के ऑनलाइन रखरखाव के लिए यह एक लाइब्रेरी के रूप में काम करेगा। इस अवसर पर ईडी पी एंड ए राजन प्रसाद तथा सीजीएम सी एंड आई टी ए बंकिरा ने क्वालिटी मंथ 2023 के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। निबंध प्रतियोगिता में आशीष रंजन वी अरुण बाबू सरोज कुमार एवं भाषण प्रतियोगिता में अभिजीत दास निहारिका अनुपम अमित आनंद अर्जुन शर्मा तथा क्विज प्रतियोगिता में एनके साहू एमके पांडे विनोद कुमार एन चक्रवर्ती आयुषी कुमारी और भवानी और स्लोगन प्रतियोगिता में एनके साहू एके धीरज राहुल कुमार सिंह नरेश कुमार एन सी पाठक ऋषि कुमार को पुरस्कार दिया गया।

### जिला बनाने की मांग को लेकर 79 वें दिन भी धरना जारी



**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति के बैनर तले जिला की मांग को लेकर तेनुघाट में अनुमंडल कार्यालय के समीप अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन पर समिति के संयोजक संतोष नायक का 79 दिन से बैठे हैं । धरना पर सहयोगी के रूप में मुन्ना श्रीवास्तव, कुलदीप प्रजापति, मिथुन चंद्रवंशी, मुकेश कुमार लगातार साथ निभा रहे हैं। वहीं अधिवक्ता संघ सह जिला बनाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष कामेश्वर मिश्रा, अधिवक्ता संघ सह जिला बनाओ संघर्ष समिति के महासचिव वकील प्रसाद महतो, राम बल्लभ महतो, वासु कुमार डे, अरुण प्रसाद महतो, सुभाष कटरियार, जीवन सागर, कल्याणी, रिया कुमारी, निशु सिन्हा, प्रहलाद महतो, आनंद श्रीवास्तव, शालिग्राम प्रसाद, जितेंद्र कुमार सिन्हा, बैद्यनाथ महतो, महादेव राम, मृत्युंजय कुमार झा, तपन कुमार दे आदि का भी सहयोग लगातार मिल रहा है।

### ठेका मजदूर प्रकोष्ठ के नवीनीकृत भवन का हुआ उद्घाटन



**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के ठेका मजदूर प्रकोष्ठ के नवीनीकृत भवन का उद्घाटन अधिशासी निदेशक संकार्य बीरेंद्र कुमार तिवारी के द्वारा किया गया। मौके पर सीईडी विभाग के सीजीएम शालिग्राम सिंह सीजीएम कार्मिक हरिमोहन झा कार्यकारी जीएम कार्मिक-संकार्य वीएम बक्शी जीएम कार्मिक-औद्योगिक संबंध प्रभाकर कुमार जीएम कार्मिक-ठेका मजदूर प्रकोष्ठ प्रांजलि विभास चंद्रा के साथ अन्य अधिकारी तथा कर्मचारी गण उपस्थित थे। ईडी संकार्य तथा अन्य उपस्थित अतिथियों ने भवन का निरीक्षण किया और कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न करने वाली सभी संबंधित एजेंसियों की सराहना की।

### दिनेश कॉलेज में मोबिलाइजेशन वर्कशॉप कम रजिस्ट्रेशन कैंप का आयोजन


मंचासीन अतिथि।

**गढ़वा।** जिला नियोजनालय गढ़वा के तत्वावधान में बाबू दिनेश सिंह विवि परिसर स्थित दिनेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन के सभागार कक्ष में गुरुवार को मोबिलाइजेशन वर्कशॉप कम रजिस्ट्रेशन कैंप का आयोजन किया गया। मौके पर जिला नियोजनालय गढ़वा के यंग प्रोफेशनल हिमांशु सिंह ने मोबिलाइजेशन वर्कशॉप के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा छात्र-छात्राओं को पंजीयन करने के लिए प्रोत्साहित किया। पैरामेडिकल के प्राचार्य डॉ पीडी तिवारी ने कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार की। दिनेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन की प्राचार्या डॉ सुनीता गुप्ता ने कहा कि बेरोजगारी एक अभिशाप है और सरकार के द्वारा आयोजित यह कार्यशाला सभी छात्र-छात्राओं को रोजगार उन्मुख होने के लिए प्रोत्साहित किया। मौके पर मुख्य रूप से बाबू दिनेश सिंह, विवि के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह, कुलपति प्रो डॉ एमके सिंह, कुलसचिव डॉ लल्लन सिंह, तेजस पांडेय, विभिन्न महाविद्यालयो के प्राध्यापको में अरविंद तिवारी, जनार्दन शुक्ला, आनंद कुमार चैबे, ओम प्रकाश, मनोज गुप्ता, अभिमन्यु शुक्ला, शशिकांत सिंह यादव, डॉ आशुतोष मिश्रा, डॉ एसके सिंह, डॉ ज्योति शंकर तिवारी, राहुल कुमार, रोहित गुप्ता, शशि भूषण, शिक्षकेतर कर्मचारियों में सुधीर दुबे, बीएन सिंह, संतोष कुमार ठाकुर, अंकित, अनुज, चंदन आदि लोग उपस्थित थे।

### पर्वतपुर में दुर्गा मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भूमि-पूजन



**बोकारो/तालगड़िया।** बोकारो जिला के चंदनकियारी प्रखंड में नयावन पंचायत अंतर्गत पर्वतपुर स्थित दुर्गा मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा तथा श्रीश्री महाचंडी यज्ञ को लेकर भूमि पूजन किया गया। आचार्य जय प्रकाश पाण्डेय ने विधि विधान से पूजन संपन्न कराया। दुर्गा मंदिर समिति की ओर से 11 मार्च से 13 मार्च तक दुर्गा मंदिर प्राण प्रतिष्ठा एवं चंडी महायज्ञ अनुष्ठान का आयोजन किया गया है। समिति के अशोक दसौंधी व सुरेश सिंह ने बताया कि 11 मार्च को भव्य कलश यात्रा से अनुष्ठान प्रारंभ होगा। इस दौरान 11 व 12 मार्च को देवघर के श्री बाल व्यास जी महाराज द्वारा प्रवचन व 13 मार्च को हेमंत दुबे जी के भक्तिमय जागरण प्रस्तुत करेगे।

### भगवान विश्वकर्मा जयंती मनायी गई

**गढ़वा।** माघ महीने के शुक्ल पक्ष त्रयोदशी तिथि को सृष्टि के निमार्ता भगवान विश्वकर्मा जयंती शहर के नगवा मोहल्ला में धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान प्रभु विश्वकर्मा की पूजा, आरती, प्रसाद वितरण के बाद भंडारा का आयोजन किया गया। पुरोहित पंडित सुरेश शर्मा ने कार्य संपन्न कराया। मौके पर समिति के संरक्षक शंकर प्रताप विश्वकर्मा ने कहा कि यह कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष मनाया जाएगा। मौके पर मंदिर भूमिदाता कालेश्वरी कुंवर, विश्वनाथ विश्वकर्मा, प्रभु विश्वकर्मा, अनुज शर्मा, अश्वनी शर्मा, विक्रांत विश्वकर्मा, पंकज विश्वकर्मा, सुशील शर्मा, राजेश विश्वकर्मा, बिजेंदर पासवान, दीपक शर्मा, राजेश विश्वकर्मा, मुकेश गुप्ता, अध्यक्ष प्रभु विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष पंकज विश्वकर्मा, बिजेंदर पासवान, प्रमोद विश्वकर्मा, पवन, महामंत्री अनुज विश्वकर्मा, आदि उपस्थित थे।

## मजदूरों से भरा पिकअप के पलटने से एक की मौत, कई घायल

खबर मन्त्र संवाददाता


दुर्घटनाग्रस्त पिकअप।

**श्री बंशीधर नगर।** विशुनपुरा थाना क्षेत्र के सारो गांव के बूढ़ा आहार में मजदूरों से भरा पिकअप के पलटने से एक मजदूर युवक की मौत हो गई। जबकि डेढ़ दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। इस दुर्घटना में मृत युवक सारो गांव निवासी स्व. विचार बियार का 18 वर्षीय पुत्र ओम प्रकाश बियार बताया जाता है। घटना गुरुवार सुबह आठ बजे का बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने सभी घायल मजदूरों को इलाज के लिए श्री बंषीधर नगर अनुमंडलीय अस्पताल भेजवाया। जहां चिकित्सक ने इलाज के बाद पांच मजदूरों की स्थिति गंभीर देखते हुए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घायलों में सारो गांव निवासी विजय बियार, सत्यम कुमार, दुबे बियार, पिंटू कुमार, चंपा कुमारी, रविंद्र कुमार, सुषमा कुमारी, चित्रा देवी, बसंती कुमारी, सुगिनी देवी, समद अंसारी, नन्हाला सिंह का नाम शामिल है। घटना की सूचना मिलते ही एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह अनुमंडल अस्पताल पहुंचकर मामले की जानकारी ली। अनुमंडलीय अस्पताल में 15 घायल मजदूर इलाजरत हैं। सभी घायलों की स्थिति खतरे से बाहर है। मिली जानकारी के अनुसार ये सभी एक पिकअप वाहन से पिपरिकला में चल रहे जलमीनार योजना में काम करने जा रहे थे। सारो स्थित बजरंग बली मंदिर के समीप वाहन अनियंत्रित होकर खाई में गिर गयी।

## पेज एक का शेष

### धोनी के शहर में ...

छह नंबर पर कप्तान बेन स्टोक्स और सात नंबर पर विकेटकीपर बेन फोक्स खेलते दिखेंगे।

**पिच देख घबराए अंग्रेज :** जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम की पिच देख कर इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स समेत कई खिलाड़ी डरे हुए हैं। कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा, यह देखने में दिलचस्प लग रही है। मैं इस तरह की पिच के बारे में नहीं जानता, इसलिए ज्यादा कुछ नहीं कह सकता हूं। मैंने इससे पहले कभी इस तरह की पिच नहीं देखी, इसलिए मुझे किसी तरह का अंदाजा नहीं है। मैं नहीं जानता कि यह किस तरह का व्यवहार करेगी। मुझे पिच को देखकर कुछ समझ नहीं आ रहा है। चौथे टेस्ट मैच से पहले प्री मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में ओली पोप ने पिच को लेकर कहा, रांची के मैदान पर अगर पहली गेंद से बॉल स्पिन होने लगी तो टॉस का कोई महत्व नहीं रहेगा। अगर आप थोड़ सपाट विकेट पर पहले बल्लेबाजी करते हैं तो मैच का नतीजा तय नहीं होता है, लेकिन आपको इसका फायदा मिलता है।

### बजट सत्र में भाग ...

पीएमएलए कोर्ट के जज राजीव रंजन ने हेमंत सोरेन और इडी के वकीलों की दलील सुनने के बाद पूर्व सीएम की न्यायिक हिरासत 7 मार्च तक बढ़ा दी। गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये जेल से ही हेमंत की इडी की विशेष अदालत में पेश किया गया। उनके साथ-साथ जमीन घोटाला मामले में ही गिरफ्तार किये गये राजस्व विभाग के कर्मचारी भानु प्रताप की भी कोर्ट में पेशी हुई। हेमंत के वकील ने पूर्व सीएम को जमानत पर रिहा करने की अपील की, लेकिन इडी के वकील ने इसका विरोध किया। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने हेमंत सोरेन की न्यायिक हिरासत 7 मार्च तक बढ़ा दी। इनकी अगली पेशी कोर्ट में सात मार्च को होगी।

### भारत की समृद्ध विरासत ...

मोदी की गारंटी को लेकर चल रही चर्चा का जिक्र करते हुए पीएम ने उनके द्वारा दी गई गारंटी के पूरा होने की निश्चितता को रेखांकित किया कि यह बात लोगों को लंबे समय से पता है। उन्होंने कहा, मोदी ने देश के गरीब, किसान, युवा और महिला सभी को सशक्त करने की गारंटी दी है और ये गारंटी सिर्फ योजनाएं बनाने की नहीं है बल्कि जो हकदार हैं उन तक योजनाओं का पूरा लाभ पहुंचाने की गारंटी है। मोदी की गारंटी वहां से शुरू होती है, जहां दूसरों से उम्मीद खत्म होती है। कांग्रेस के लोग मोदी की जाति को भी गाली देते हैं लेकिन कांग्रेस वाले भूल जाते हैं कि जितनी भी वो गाली देंगे, हमारा 400 पार का संकल्प उतना ही मजबूत होगा। ये जितना कीचड़ फेकेंगे, 370 कमल उतने ही शान से खिलेंगे। कांग्रेस के पास मोदी को गाली देने के अलावा विकास का कोई एजेंडा नहीं है।

**वे वाले लोग नफरत नहीं छोड़ रहे :** विपक्षी दल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए पीएम ने कहा कि वे (विपक्षी नेता) अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण होने के बाद भी नकरात्मकता में जी रहे हैं। अब भी नफरत का रास्ता छोड़ने के लिए तैयार नहीं हैं। स्वतंत्र भारत में लंबे वक्त तक कांग्रेस ने विकास और विरासत के बीच टकराव और शत्रुता पैदा की। उन्होंने कहा, 'अगर किसी को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया जाये तो वह कांग्रेस है। मोदी ने कहा, 'ये वही लोग हैं, जिन्होंने भगवान राम के अस्तित्व पर भी सवाल उठाये। मंदिर के निर्माण को लेकर रोड़े अटकाये। उन्होंने कहा, 'यह ऐसा समय है जब देवकाज हो या फिर देशकाज, दोनों तेज गति से हो रहे हैं.' मोदी ने कहा, 'हम विकास कार्य करेंगे और हमारी विरासत को संरक्षित करेंगे.'

### सत्यपाल के घर समेत ...

**बेवजह किया जा रहा परेशान :** सीबीआई के छापे पर सत्यपाल मलिक ने ट्वीट कर कहा, 'पिछले 3-4 दिनों से मैं बीमार हूं। इसके वावजूद मेरे मकान में तानाशाह द्वारा सरकारी एजेंसियों से छापे डलवाएं जा रहें हैं। मेरे ड्राईवर, मेरे सहायक के ऊपर भी छापे मारकर उनको बेवजह परेशान किया जा रहा है। मैं किसान का बेटा हूं, इन छापों से घबराऊंगा नहीं. में किसानों के साथ हूं। पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक कई मौकों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना कर चुके हैं।

### हेमंत मुद्दा व विकास...

उनकी रिहाई तक यह संघर्ष जारी रहेगा। कार्यकर्ता पंचायत से लेकर प्रखंड और जिला मुख्यालय तक में उपवास, न्याय मार्च और अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से यह बात जन जन तक ले जायें। वे लोगों को बतायें कि जब युवा मुख्यमंत्री ने झारखंड के विकास की बात की, यूनिवर्सल पेंशन जरूरतमंदों को दिया, राज्यकर्मियों को ओल्ड पेंशन स्कीम का लाभ दिया, सभी को अबुआ आवास देने लगे, वंचित समुदाय के युवाओं को पढ़ाई के लिए विदेश भेजने की व्यवस्था की, तो उन्हें साजिश कर के भाजपा और केंद्र की सरकार ने झूठे मामले में फंसा दिया।

**झामुमो की चल रही है आंधी- सरफराज :** बैठक से बाहर निकलने के बाद गांडेय के पूर्व विधायक सरफराज अहमद ने कहा कि राज्य में झामुमो की आंधी चल रही है. हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी और बीजेपी के षड्यंत्रों के खिलाफ चल रहा आंदोलन गली-मोहल्ले तक पहुंचेगा. 2019 के लोकसभा चुनाव में हमारा प्रदर्शन बेहतर भले नहीं रहा, लेकिन इस बार नया स्टार प्रचारक होगा. हमारे बेहतरीन स्टार प्रचारक पूर्व सीएम हेमंत सोरेन जेल में हैं, लेकिन पार्टी इस बार लोकसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन करेगी. सरकार उसी मजबूती के साथ चलेगी जो पिछले चार सालों से चल रही है. हेमंत सोरेन के अधूरे काम को पूरा किया जाएगा

### 26 को किसानों का...

हमने उनसे कहा है कि हम चर्चा के जरिए समाधान निकालेंगे क्योंकि बातचीत से ही मुद्दे सुलझते हैं। हमें मिलकर समाधान निकालना चाहिए और यह सभी के लिए फायदेमंद भी है। मुझे उम्मीद है कि हम मिलकर इसका समाधान निकाल लेंगे। उन्होंने कहा कि किसानों की मांग पर सरकार गंभीर है। सभी मुद्दों पर हो रहा विचार, मामले का जल्द होगा समाधान।

स्पीड न्यूज

## कराची में छह लुटेरे मुठभेड़ में मारे गये

**कराची।** पाकिस्तान की आर्थिक राजधानी कराची में बुधवार को अलग-अलग मुठभेड़ में छह संदिग्ध लुटेरे ढेर हो गए। इस दौरान एक किशोर को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया गया। कोरंगी इलाके में दो संदिग्ध लुटेरों को पुलिस मुठभेड़ में मार गिराया गया। इस दौरान लुटेरों की गोलीबारी में 14 वर्षीय काशन की की मौत हो गई। वह टायर पंक्चर की दुकान पर काम करता था। ईदगाह पुलिस के मुताबिक, शीशा मार्केट के पास चांद बीबी रोड पर हुई मुठभेड़ में दो लुटेरों को मार गिराया गया।

## मेक्सिको में अपराधियों ने की 12 लोगों की हत्या

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के दक्षिणी राज्य ग्युरेरो में प्रतिद्वंद्वी आपराधिक गिरोहों के बीच टकराव में 12 लोग मारे गए। राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में इसकी पुष्टि की। ओब्रेडोर ने मेक्सिको सिटी के नेशनल पैलेस में नियमित संवाददाता सम्मेलन में कहा, घटना की जांच मंगलवार को शुरू हो चुकी है। मेक्सिको के अधिकारियों का कहना है कि इस घटना का मंगलवार को सामने आया वीडियो दिल दहला देने वाला है। इसमें बंदूकधारी अपने दुश्मनों को गोली और लातें मारने के साथ जलाते हुए दिखाई दे रहे हैं।

## यूरोपीय संघ ने रूस पर लगाए नये प्रतिबंध

**ब्रसेल्स।** यूक्रेन और रूस के बीच जारी युद्ध के दो साल पूरे होने पर यूरोपीय संघ ने बुधवार को रूस के खिलाफ नये प्रतिबंध लगाने पर सहमति जताई, जिसके दायरे में यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में मास्को की सहायता करने वाली चीनी कंपनियों सहित व्यक्तियों और व्यवसायों को लाया जाएगा। यूरोपीय संघ ने यह निर्णय ऐसे समय में लिया है, जब यूक्रेन पर रूस के हमले के दो वर्ष पूरे होने जा रहे हैं और हाल में रूस के विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की मृत्यु की बात सामने आई है। ज्ञात रहे कि रूस ने 24 फरवरी, 2022 को यूक्रेन पर हमला कर दिया था।

## 25 मई से शुरू होगी हेमकुंड साहिब यात्रा

**देहरादून।** उत्तराखंड के चमोली जिला स्थित गुरुद्वारा हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा ने गुरुवार को सचिवालय में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी से भेंट की। साथ ही उन्हें पवित्र श्री हेमकुंड साहिब के कपाट यानी यात्रा शुरू होने के बारे में जानकारी दी। इस दौरान नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा ने मुख्य सचिव रतूड़ी को बताया कि गुरुद्वारा ट्रस्ट 25 मई से तीर्थस्थल श्री हेमकुंड साहिब की यात्रा का शुभारंभ करेगा और 10 अक्टूबर को कपाट बंद किए जाने की तिथि घोषणा की है। इस पर राज्य सरकार ने अपनी सहमति दी।

## डबल मर्डर में कुख्यात मन्नू यादव गिरफ्तार

**भागलपुर।** नाथनगर रेलवे ट्रैक पर हुए डबल मर्डर कांड का पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है। इस मामले में कुख्यात अभियुक्त मन्नु यादव को अवैध हथियार एवं कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। उक्त आशय की जानकारी गुरुवार को सिटी एसपी अजय चौधरी ने दी। उन्होंने बताया कि 24 जनवरी की रात्रि में नाथनगर रेलवे ट्रैक पर 2 युवकों की हत्या कर दी गई थी।

## रामबन में भूस्खलन से मजदूर की मौत

**जम्मू।** जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रामबन जिले में भूस्खलन की चपेट में आने से उत्तर प्रदेश के एक मजदूर की मौत हो गई। सीरी, रामबन के पास भूस्खलन हुआ और निजी निर्माण कंपनी में काम करने वाला एक मजदूर चपेट में आ गया। घायल अवस्था में उसे अस्पताल ले जाया गया लेकिन उसकी रास्ते में ही मौत हो गई। मृतक मजदूर की पहचार उत्तर प्रदेश निवासी देशपाल के रूप में हुई है।

# मोदी की हर गारंटी पूरी होगी : शाह

एजेंसी

**छत्तीसगढ़ में फूंका बिगुल**

**गृह मंत्री बोले-वादा कीजिए, इस बार लोकसभा चुनाव में 11 सीटों पर भाजपा को जीत दिलायेंगे**

**कोरबा/ जांजगीर।** लोकसभा चुनाव में भाजपा ने छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों को जीतने का लक्ष्य रखा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को छत्तीसगढ़ का दौरा कर इसका बिगुल फूंक दिया।

शाह ने पहले कोंडागांव में बस्तर कलस्टर की बैठक की और जांजगीर-चांपा में बड़ी जनसभा को संबोधित किया। विजय संकल्प रैली को संबोधित करते हुए कहा कि वादा कीजिए, इस बार सभी 11 सीटों पर भाजपा को जीत दिलाएंगे। अभी विधानसभा में छत्तीसगढ़ की जनता के साथ अन्याय करने वाली सरकार को हटाया। कांग्रेस सरकार ने न नक्सलवाद पर लगाम कसी, न भ्रष्टाचार बंद हुआ। शाह ने कहा



कि 2 महीने में 20 टका मोदी की गारंटी साय सरकार ने छत्तीसगढ़ में पूरी कर ली है। मैं विश्वास दिलाता हूं, मोदी की हर गारंटी पूरी होगी। शाह ने कहा कि नक्सलवाद जो कभी छत्तीसगढ़ के विकास में बाधा बनता जा रहा था उसे काबू में किया। जल्द माओवादी हिंसा को खत्म करने में सफलता मिलेगी।



## गुजरात के मेहसाणा के वालीनाथ महादेव मंदिर में प्रधानमंत्री मोदी ने की पूजा

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को मेहसाणा के वालीनाथ महादेव मंदिर में भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। मोदी का वालीनाथ महादेव मंदिर और महंत श्री बलदेव गिरि जी महाराज से पुराना नाता रहा है। बचपन से ही वह मंदिर की सेवा और प्रचारक के रुप में जुड़े रहे।**

## 6 मार्च को बंगाल आयेंगे प्रधानमंत्री

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बंगाल दौरे की तारीख बदल गई। प्रधानमंत्री मोदी 07 मार्च को बारासात में सभा करने वाले थे लेकिन भाजपा सूत्रों के मुताबिक, मोदी एक दिन पहले 06 मार्च को आयेंगे। संदेशखाली मुद्दे पर बंगाल भाजपा 06 मार्च को बारासात में महिला न्याय रैली आयोजित करने जा रही है। भाजपा सूत्रों के मुताबिक, रैली को मोदी संबोधित करेंगे। पिछले शनिवार को दिल्ली में भाजपा का दो दिवसीय अधिवेशन आयोजित किया गया था। भाजपा सूत्रों के मुताबिक, केंद्रीय नेतृत्व ने बंगाल नेतृत्व से चर्चा के बाद बारासात में महिला रैली करने का फैसला किया। सबसे पहले नरेन्द्र मोदी 7 मार्च को बारासात में आने को तैयार थे। बाद में प्रधानमंत्री कार्यालय की तरफ से बताया गया कि उस दिन प्रधानमंत्री किसी दूसरे काम में व्यस्त रहेंगे इसलिए एक दिन पहले कार्यक्रम प्रस्तावित किया गया है।

# 200 ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल खरीदेगी सरकार

एजेंसी

**सीसीएस ने दी मंजूरी**

- **भारतीय नौसेना और ब्रह्मोस एयरोस्पेस के बीच मार्च में किये जायेंगे हस्ताक्षर**
- **करीब 19 हजार करोड़ रुपये का होगा सौदा, कई युद्धपोतों से किया जा चुका है परीक्षण**

**नयी दिल्ली।** सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) ने भारतीय नौसेना के लिए 19 हजार करोड़ रुपये की 200 विस्तारित रेंज वाली ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल के अधिग्रहण के लिए बड़े सौदे को मंजूरी दी है। नौसेना और ब्रह्मोस एयरोस्पेस के बीच अनुबंध पर मार्च, 2024 के पहले सप्ताह में हस्ताक्षर किए जाएंगे।

इस मिसाइल की रेंज 450-600 किमी है। भारतीय नौसेना ने स्वदेशी बूस्टर के साथ ब्रह्मोस मिसाइल के एंटी-शिप वर्जन का सफल परीक्षण किया है, जो भारत की आत्मनिर्भरता के प्रति नौसेना की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। इस ब्रह्मोस मिसाइल में नई प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल किया गया है। ब्रह्मोस मिसाइल का निर्माण भारत और रूस के बीच एक संयुक्त उद्यम के तहत किया जा रहा है। इस संयुक्त उद्यम में डीआरडीओ भारतीय पक्ष का प्रतिनिधित्व करता है।

नौसेना अपने वॉरशिप आईएनएस विशाखापत्तनम, गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर आईएनएस मोरमुगाओ, युद्धपोत आईएनएस दिल्ली, आईएनएस रणविजय, स्वदेशी स्टील्थ डिस्ट्रॉयर आईएनएस चेन्नई से समय-समय पर ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल का परीक्षण कर चुकी है।

नेवी के पास समुद्र में दागने के लिए ब्रह्मोस मिसाइल के चार वैरिएंट्स हैं। युद्धपोत से दागी जाने वाली एंटी-शिप मिसाइल और लैंड-अटैक मिसाइल नौसेना के पास पहले से हैं। पनडुब्बी से दागी जाने वाली एंटी-शिप मिसाइल और लैंड-अटैक मिसाइल का भी सफल परीक्षण हो चुका है और जल्द ही नौसेना के जखीरे में शामिल होंगी।

## मिसाइल की 450-600 किमी है रेंज



## कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे को जेड प्लस सुरक्षा



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को देशभर में जेड प्लस सुरक्षा प्रदान की है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। गृह मंत्रालय ने खरगे पर खतरे की आशंका को देखते हुए इस महीने की शुरूआत में यह फैसला लिया। सूत्रों ने बताया कि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के कमांडो पूरे देश में खड़गे को जेड-प्लस सुरक्षा प्रदान करेंगे। जेड प्लस एसपीजी कवर के बाद उच्चतम स्तर की सुरक्षा है। सरकार उस व्यक्ति को प्रदान करती है जिसकी जिंदगी को उच्च स्तर का खतरा होता है। इस सुरक्षा में सीआरपीएफ कमांडो के साथ 55 कर्मी शामिल रहेंगे जो चौबीस घंटे व्यक्ति की सुरक्षा करते हैं।

इस कवर में एक बुलेटप्रूफ गाड़ी और तीन शिफ्ट में एस्कॉर्ट भी शामिल है। बता दें कि वीआईपी सुरक्षा की चार श्रेणियां जेड प्लस, जेड, वाई और एक्स हैं।

# ओड़िशा को डबल इंजन सरकार की जरूरत है : राजनाथ सिंह

एजेंसी

**रक्षा मंत्री बोले लोस और विस चुनावों में बेहतर प्रदर्शन करेगी भाजपा**



**भुवनेश्वर।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि ओड़िशा को डबल इंजन सरकार की जरूरत है और आगामी चुनाव में भाजपा ओडिशा में सरकार बनाएगी। श्री सिंह ने नबरंगपुर में पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि भाजपा इस बार लोकसभा और विधानसभा दोनों चुनावों में ओड़िशा में बेहतर प्रदर्शन करेगी।

उन्होंने दावा किया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए भाजपा राज्य में पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि यहां तक कि राजनीतिक विश्लेषकों का भी मानना है कि भाजपा इस बार ओडिशा में सरकार बनाएगी। श्री सिंह ने पार्टी कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई कल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर लोगों तक ले जाने और लोगों तक पहुंचने और मोदी सरकार की विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की सराहना करने के लिए प्रतिदिन कम से कम 12 घंटे समर्पित करने की सलाह दी। रक्षा मंत्री ने 2006 के दौरान अपनी भारत सुरक्षा यात्रा को याद करते हुए कहा कि ओडिशा के साथ उनका भावनात्मक लगाव है जिसे उन्होंने पुरी में श्री जगन्नाथ धाम से शुरू करने का फैसला किया था। श्री सिंह ने कहा कि देश के लोगों ने कांग्रेस पर विश्वास खो दिया है और पार्टी कार्यकताओं से कहा कि प्रधानमंत्री का संदेश लोगों तक पहुंचना चाहिए।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कई परियोजनाओं की आधारशिला रखी लेकिन उन्हें लागू करने में बुरी तरह विफल रही जबकि मोदी सरकार ने पिछले नौ वर्षों के दौरान जो भी आधारशिलाएं रखीं उनका उद्घाटन कर दिया गया है।

श्री सिंह ने पुष्टि की कि 2027 में भारत दुनिया के शीर्ष तीन देशों के रूप में उभरेगा। उन्होंने कहा कि अब पूरी दुनिया भी मान रही है कि मोदी अच्छा प्रशासन देंगे और देश को विकास के शिखर पर ले जायेंगे।

# सीवान में तेजस्वी के साथ मंच पर दिखा शॉर्प शूटर

**अपराधियों से खुद को अलग नहीं कर पायी राजद : भाजपा**



**पटना।** बिहार के डिप्टी सीएम और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव अपनी जन विश्वास यात्रा के दौरान गुरुवार को सीवान पहुंचे, जहां उन्होंने एक जनसभा को संबोधित किया। टड़वा स्थित खेल मैदान में बने मंच पर तेजस्वी यादव और पूर्व स्पीकर अबध बिहारी चौधरी के साथ शॉर्प शूटर मोहम्मद कैफ उर्फ बंटी की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। शॉर्प शूटर के के साथ मंच साझा करने को लेकर बीजेपी ने तेजस्वी यादव पर जमकर हमला बोला है। गौरतलब है कि पत्रकार राजदेव रंजन की हत्या के संदिग्ध साजिशकर्ता और दिवंगत मोहम्मद शहाबुद्दीन के कथित सहयोगी मोहम्मद कैफ ने 21 सितंबर, 2016 को सीवान की अदालत में समर्पण किया था। भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. निखिल आनंद ने कहा है कि राजद ने पार्टी के दृष्टिकोण को बदलने की पूरी कोशिश की है लेकिन असलियत यही है कि अपराधियों और अवांछनिय तत्वों से वो खुद को अलग नहीं कर पायी है। इसकी बानगी तेजस्वी के दौरे से देखने को मिल रही है।

## सुप्रीम कोर्ट में खुला आयुष होलिस्टिक वेलनेस सेंटर

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने गुरुवार को शीर्ष अदालत परिसर में आयुष होलिस्टिक वेलनेस सेंटर का उद्घाटन किया। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने इस अवसर पर कहा कि मेरे लिए यह एक संतोषजनक क्षण है। मुख्य न्यायाधीश का पदभार संभालने बाद से ही इसके लिए प्रयास कर रहा था। मैं आयुर्वेद और समग्र जीवन शैली का समर्थक हूं। उन्होंने कहा कि शीर्ष अदालत में 2000 से अधिक कर्मचारी हैं। हमें न केवल न्यायाधीशों और उनके परिवारों के लिए बल्कि कर्मचारियों के लिए भी एक समग्र जीवन के तरीकों को देखना चाहिए। इस केंद्र से उन सभी को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि उच्चतम न्यायालय में आयुष केंद्र शुरू होने पर आयुष के सभी डॉक्टरों का बहुत आभारी हूं। इस अवसर पर आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा, अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) की निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) तनुजा नेसारी और अन्य वरिष्ठ संकाय सदस्य मौजूद थे।

## फिल्म रंगीला का गाना हाया रामा उर्मिला मातोंडकर के दिल के करीब



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर ने बताया है कि फिल्म रंगीला का गाना हाय रामा उनके दिल के बेहद करीब है। इस शनिवार, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का बहुचर्चित गायन रियलिटी शो, 'इंडियन आइडल 14', उर्मिला मातोंडकर का स्वागत करेगा, जिसमें प्रतियोगी इस विशेष एपिसोड में टॉप 6 में अपनी जगह सुरक्षित करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। इस मौके पर प्रतियोगी सुभादीप दास चौधरी और अनन्या पाल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। फिल्म रंगीला में सुभादीप की प्रस्तुति हाय? रामा और अनन्या की तन्हा तन्हा और रंगीला रे की मनमोहक प्रस्तुति ने उर्मिला को आश्चर्यचकित कर दिया। मतोड़कर ने हिट गीत हाय रामा के बारे में बताया कि यह एक बहुत ही मुश्किल गाना है, और यह मेरे दिल में एक खास जगह रखता है। मुझे यह दिलचस्प लगता है कि ए. आर. रहमान, जो स्वयं उस्ताद हैं, ने एक सहज धुन को रचना में शामिल कर लिया, जिसे हरिहरन सर एक बार सुनने के बाद ही रिहर्सल कर रहे थे।

सूर्यांश वैदिक ज्योतिष कार्यालय
गिरधर गोपाल मिश्रा
ज्योतिषाचार्य
जन्म कुण्डली, रत्न विज्ञान व वैदिक अनुष्ठानों के द्वारा अपने समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान प्राप्त करें।
I S H103 Housing Colony Dhanbad Jharkhand 826001.
Mob. 9525504033

जय मां शक्ति सह
होमियो चिकित्सा केंद्र
डॉक्टर आर के पाठक
होमियोपैथिक दवा के द्वारा सभी रोगों का इलाज
(सुबह 10 से 12, शाम 5 से 8 बजे तक)
सम्पर्क : 8409363623
कुम्हारपट्टी मनईटांड़, धनबाद

# बिहार के चारों नये एक्सप्रेस-वे छह लेन होंगे

**विधानसभा में उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने किया एलान**

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** बिहार के चारों नए एक्सप्रेस-वे अब चार की जगह छह लेन के होंगे। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि राज्य सरकार इसके लिए केन्द्र सरकार से अनुरोध करेगी।

वे गुरुवार को विधानसभा में पथ निर्माण विभाग के बजट पर सरकार का पक्ष रख रहे थे। हालांकि उनके उत्तर से असंतुष्ट संपूर्ण विपक्ष ने सदन का वाकआउट किया। चर्चा के बाद सदन ने विभाग की 57 अरब दो करोड़ 80 लाख 56 हजार की बजट पर मुहर लगा दी। मंत्री ने कहा कि यूपी जाकर देखिए, वहां अब फोरलेन की जगह सिक्स सेन की सड़कें बन रही हैं। हम भी भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर चारों नए एक्सप्रेस-वे 519 किमी लंबी गोरखपुर-सिलिगुड़ी

**पीएम मोदी जल्द करेंगे दो पुलों का शिलान्यास**

एक्सप्रेस-वे जिसमें बिहार में 416 किमी, 650 किमी लंबी रक्सौल-हल्दिया जिसमें बिहार में 350 किमी के अलावा 215 किमी लंबी पटना-पूर्णिया और 345 किमी लंबी बक्सर-भागलपुर तक पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के विस्तार को 6 लेन चौड़ा करने की मांग करेंगे।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शीघ्र बिहार आने वाले हैं। वे यहां के लोगों को नयी सौगात देंगे। वे गंगा नदी पर पटना में दीघा सेतु के समानांतर 6 लेन नये पुल और बक्सर में 3 लेन नये पुल का शिलान्यास भी करेंगे। विभाग द्वारा मुख्यालय स्तर पर भू-अर्जन, वन अनुमति, आरओबी निर्माण समेत अन्य निर्माण कार्यों के निष्पादन व समन्वय के लिए प्रतिबद्ध कोषांग



का गठन किया गया है। कार्यों की गुणवत्ता पर प्रभावी नियंत्रण के लिए उड़नदस्ता प्रमंडलों को अधिक प्रभावशाली बनाया गया है।

**676 इंजीनियरों की नियुक्ति की शुरू :** बीपीएससी से 28 असिस्टेंट इंजीनियर और बिहार तकनीकी सेवा आयोग से 648 जूनियर इंजीनियरों की बहाली की कार्रवाई प्रारंभ है। वहीं इंजीनियर इन चीफ से लेकर असिस्टेंट इंजीनियर स्तर के 391 अफसरों को प्रोमोट किया गया है। फिलहाल कमांड एंड कंट्रोल्स सेंटर से सड़कों के निर्माण की मॉनिटरिंग हो रही है,

**पटना : जेपी गंगा पथ के निकट बनेगा टूरिस्ट स्पॉट**

उन्होंने कहा कि दीघी से गांधी मैदान के बीच जेपी गंगा पथ के किनारे बनाया पटना का सबसे विकसित टूरिस्ट स्पॉट बनाया जा रहा है। 7 किमी दूरी में गंगा पथ के दोनों तरफ 50 हेक्टेयर जमीन के 10फीसदी भाग में रिवर फ्रंट, बॉटनिकल उद्यान, फूड कोर्ट, साइकिल ट्रैक, वाकिंग ट्रैक, पार्किंग जैसी सुविधाएं बहाल की जा रही हैं। 90 फीसदी जमीन में एक लाख पेड़ लगाये जाएंगे। 7 किमी के इस क्षेत्र का छठ घाट के रूप में भी उपयोग होगा।

## शेयर बाजार गुलजार सेंसेक्स 535 अंक बढ़ा

**मुंबई ।** विश्व बाजार की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत गुरुवार को शेयर बाजार गुलजार रहा। सेंसेक्स 535.15 अंक की छलांग लगाकर 73,158.24 अंक पर पहुंच गया। साथ ही निफ्टी 162.40 अंक की तेजी लेकर 22,217.45 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.92 प्रतिशत उछलकर 39,834.45 अंक और स्मॉलकैप 0.54 प्रतिशत चढ़कर 45,789.81 अंक हो गया। बीएसई में कुल 3933 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2076 में लिवाली जबकि 1743 में बिकवाली हुआ वहीं 114 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 35 कंपनियां हरे जबकि 15 लाल निशान पर रही।

बैंकिंग में 0.04 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर शेष 19 समूहों में लिवाली हुई।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि०
राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar II | ₹ 120 | English Grammar II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !